

पश्चिम बंगाल में झारखंड और ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे - 12



एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का - 12



डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप - 13




भारत के खिलाफ हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी: जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स - 14

आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
14.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.36
सूर्यास्त 06.07


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष नवमी 02:41 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 25 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 192, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# सिंगापुर से यूपी को मिला भारी निवेश का प्रस्ताव, 60 हजार करोड़ के हुए एमओयू

- मुख्यमंत्री योगी ने कहा- मील का पत्थर साबित होंगे एमओयू, एक लाख करोड़ के प्रस्ताव अब तक मिल चुके
- सिंगापुर के शीर्ष नेतृत्व से हुई मुलाकात एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर पर सहमति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर दौरे के आखिरी दिन एलान किया कि टीम यूपी को सिंगापुर में करीब एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। जिनमें से 60 हजार करोड़ के एमओयू 'इन्वेस्ट यूपी' के माध्यम से हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह निवेश उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029–30 तक एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा में निर्णायक मील का पत्थर साबित होगा।



**सिंगापुर :** एमओयू ड्राफ्ट के साथ मुख्यमंत्री योगी। साथ में यूपी और सिंगापुर के अधिकारी।

मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि दुनिया आज पूरी तरह पारदर्शी है। निवेशकों को यूपी में हो रही हर गतिविधि की जानकारी है। यही कारण है कि कम समय में राज्य को इतना बड़ा भरोसा और निवेश मिला है। आज भारत और यूपी की छवि वैश्विक स्तर पर अत्यंत सकारात्मक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री सहित शीर्ष नेतृत्व से उनकी सार्थक और सकारात्मक बातचीत हुई। इन बैठकों में एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स और स्किलिंग जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग पर व्यापक सहमति बनी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में 100 से अधिक शीर्ष प्रतिनिधियों से संवाद हुआ, जिनमें कई कंपनियां पहले से भारत और यूपी में निवेश कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप बीते साढ़े आठ–नौ वर्षों में यूपी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और जनकल्याण में तेज प्रगति की है। निवेशकों की धारणा में 360 डिग्री का सकारात्मक परिवर्तन आया है, जिसका असर गंगा एक्सप्रेसवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में दिख रहा है।

### सिंगापुर में क्या तय हुआ

- कुल निवेश प्रस्ताव : एक लाख करोड़ रुपये
- संपन्न एमओयू : 60 हजार करोड़ रुपये
- फोकस सेक्टर : एमआरओ, कार्गो, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, स्किलिंग

### शीर्ष स्तर की मुलाकातें

- सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री, ऊर्जा मंत्री
- 100 वैश्विक कंपनियों/प्रतिनिधियों से संवाद
- फिनटेक, एविएशन और इंफ्रास्ट्रक्चर में साझेदारी पर सहमति

### जेवर से एमआरओ कार्गो हब की तैयारी

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर की अत्याधुनिक एविएशन सुविधाओं का अध्ययन किया। जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ कार्गो और एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉलिंग) विकसित करने की दिशा में ठोस रुचि सामने आई है। वर्तमान में बड़ी संख्या में विमान एमआरओ के लिए सिंगापुर आते हैं– यह सुविधा भारत में, विशेषकर जेवर में विकसित की जा सकती है। निवेशकों ने इस पर गंभीर तैयारी दिखाई है।

### यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ा जाएगा

योगी ने सिंगापुर के विश्वस्तरीय आईटीई स्किलिंग मॉडल का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी में स्किल को रोजगार से जोड़ने और सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट जोन के जरिए 'एम्प्लॉयमेंट–रेडी' इकोसिस्टम बनाने की पहल को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलेगा। योगी ने वित्त मंत्री, उद्योग मंत्री सहित प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों और भारतीय उच्चायुक्त व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने भरोसा जताया कि सिंगापुर में हुए करार और प्रस्ताव यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर इकानमी के लक्ष्य तक तेजी से ले जाएंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### पुरुष मित्र के सामने युवती से सात लोगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

**सिलचर।** असम के कछार जिले के सिलचर शहर के पास अपने पुरुष मित्र के साथ घूमने आई 28 वर्षीय युवती के साथ सात लोगों ने दुष्कर्म किया और उससे जबरन पैसे भी वसूले। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने 19 फरवरी को हुई इस घटना की शिकायत की जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुरू में इस मामले पर चुप्पी साध रखी थी, लेकिन मंगलवार को सिलचर स्थित एक पत्रकार पर आरोपियों में से एक के परिवार के सदस्यों द्वारा हमला किए जाने के बाद मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### मोदी आज जाएंगे इजराइल, रणनीतिक संबंधों करेंगे प्रगाढ़

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी बुधवार से इजराइल का दो दिवसीय दौरा करेंगे, जिसका उद्देश्य अमेरिका और ईरान के बीच बिगड़ते संबंध सहित पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच, द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार सहयोग को प्रगाढ़ करना है। मोदी के कार्यक्रमों में इजराइल की संसद को संबोधित करना, समकक्ष नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता और राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग से मुलाकात भी शामिल है। नेतन्याहू बुधवार रात मोदी के लिए निजी रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। यह नौ वर्षों में मोदी की इजराइल की दूसरी यात्रा होगी।

### निधि छिब्बर को नीति आयोग के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नौकरशाह निधि छिब्बर को मंगलवार को नीति आयोग के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। आईएएस की 1994 बैच की छत्तीसगढ़ कैडर की अधिकारी छिब्बर वर्तमान में नीति आयोग के विकास निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकार ने छिब्बर को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने को मंजूरी दे दी है।


# सेवातीर्थ में कैबिनेट का पहला फैसला 'केरलम' नाम से जाना जाएगा केरल

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक, 12,236 करोड़ के इन्फ्रास्ट्रक्चर फैसले मंजूर

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को रफ्तार देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। बैठक में रेलवे, मेट्रो और एविएशन क्षेत्र के अहम प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दी गई। इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 12,236 करोड़ रुपये है। कच्चे जूट के लिए नई एमएसपी को मंजूरी के साथ पावर सेक्टर में सुधारों को लेकर नीतिगत फैसले लिए गए और केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने की मंजूरी भी दे दी गई।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) परिसर में अपनी पहली बैठक में यह संकल्प लिया कि सेवा तीर्थ में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा और हर भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह संकल्प भी लिया गया कि सेवा तीर्थ से संचालित शासन का हर प्रयास देश के अंतिम व्यक्ति के जीवन को सरल बनाने की भावना से जुड़ा रहेगा। सेवा संकल्प प्रस्ताव के अनुसार, नए भवन में लिया गया प्रत्येक निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा-भाव से प्रेरित होगा और राष्ट्र-निर्माण के व्यापक लक्ष्य से जुड़ा होगा। प्रस्ताव के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल यह संकल्प दोहराता है कि इस परिसर में लिया गया प्रत्येक निर्णय 'नागरिक देवो भव' की भावना से प्रेरित होगा। यह स्थान शक्ति के प्रदर्शन का नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतवासी के सशक्तीकरण का केंद्र होगा। इसमें कहा गया है, हम यह दोहराते हैं कि अपनी दृष्टि के मुताबिक उस तरह के शासन को और मजबूती देंगे, जो पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक की संवेदनाओं के प्रति सजग हो। सेवा तीर्थ की कार्य-संस्कृति में यही भावना निहित होगी, जहां हर नीति संविधान की मूल भावना के अनुरूप होगी और हर निर्णय देशवासियों के प्रति उत्तरदायी होगा।



### रेलवे की 9,072 करोड़ की 3 परियोजनाएं मंजूर

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय की लगभग 9,072 करोड़ रुपये लागत वाली तीन परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन तीन परियोजनाओं में गोंदिया–जबलपुर खंड का दोहरीकरण और पुनारख–किऊल तथा गम्हरिया–चांडिल खंड के बीच तीसरी और चौथी लाइन बिछाना शामिल है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, बिहार व झारखंड के आठ जिलों को कवर करने वाली इन परियोजनाओं से रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 307 किलोमीटर की वृद्धि होगी।

### श्रीनगर हवाई अड्डे का 1,677 करोड़ से होगा विकास

**नई दिल्ली।** मंत्रिमंडल ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर 1,677 करोड़ रुपये की लागत से सिविल एन्क्लेव बनाने को मंजूरी दे दी है। सिविल एन्क्लेव का विस्तार कश्मीर घाटी में विमानन बुनियादी ढांचे और संपर्क को मजबूत करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। सिविल एन्क्लेव भारतीय वायुसेना या सशस्त्र बलों के हवाई अड्डे के भीतर स्थित वह विशेष क्षेत्र है, जिसे नागरिक उड़ानों के उपयोग के लिए आवंटित किया जाता है।

### कच्चे जूट का एमएसपी 275 रुपये बढ़ाकर 5,925 रुपये प्रति क्विंटल किया

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सत्र 2026–27 में कच्चे जूट के लिए 5,925 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी, जो पिछले सत्र के एमएसपी से 275 रुपये ज्यादा है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से खासकर पश्चिम बंगाल और असम में, जूट उगाने वालों को फायदा होगा। भारत दुनिया में कच्चे जूट के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। टीडी–3 ग्रेड के कच्चे जूट के लिए तय किया गया एमएसपी, किसानों को उत्पादन की अखिल–भारतीय भारित औसत लागत पर 61 .8 प्रतिशत का लाभ देगा।

# एआई समिट में हंगामे का मुख्य साजिशकर्ता युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब, गिरफ्तार

- दिल्ली पुलिस ने आरोपी को भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मास्टरमाइंड बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने पिछले सप्ताह यहां एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों के एक समूह द्वारा कमीज उतारकर किए गए विरोध प्रदर्शन के संबंध में संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब को मुख्य साजिशकर्ता करार देते हुए गिरफ्तार कर लिया। चिब की गिरफ्तारी मेमो में उन्हें भारत मंडपम में गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने का मुख्य साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड बताया गया है, जहां प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रविरोधी नारे लगाए और दंगे जैसी स्थिति पैदा करने की कोशिश की। दिल्ली की एक अदालत ने चिब को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

चिब की गिरफ्तारी के बाद विरोध प्रदर्शनों की आशंका को देखते हुए पुलिस ने राजधानी के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। चिब की गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या आठ हो गई है। पुलिस ने गत शुक्रवार को भारत मंडपम में हुए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में भारतीय युवा कांग्रेस के सात कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था, जिनमें से तीन को मध्यप्रदेश के ग्वालियर से पकड़ा गया था। उनकी पहचान जितेंद्र यादव, राज गुज्जर और अजय कुमार के रूप में की गयी है।



दिल्ली पुलिस की गिरफ्त में उदय भानु चिब।

### युवा कांग्रेस के गिरफ्तार सदस्यों पर दंगे का आरोप भी लगाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कमीज उतार कर किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के सदस्यों के खिलाफ दंगा करने का आरोप भी दर्ज किया है। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 191(1) (दंगा) और 192 जोड़ी गई है। विशेष पुलिस आयुक्त देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने आरोपियों को आक्रामक तत्व करार दिया और कहा कि 20 फरवरी 2026 को अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों की उपस्थिति में सुरक्षा घेरा भंग करने की पूर्व नियोजित कोशिश देखी गई।

# सपा के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और पत्नी के खिलाफ धनशोधन मामले में आरोपपत्र

- अवैध कब्जा, जालसाजी, धोखाधड़ी व आपराधिक साजिश के आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने उप्र से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी और उनकी पत्नी के खिलाफ कथित अवैध कब्जे और धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में आरोपपत्र दाखिल किया है।

ईडी ने मंगलवार को कहा कि अभियोजन शिकायत, जो ईडी की ओर से दाखिल आरोपपत्र के समान होती है, सोमवार को लखनऊ में पीएमएलए अदालत में दायर की गई। बलरामपुर जिले की उतरौला विधानसभा सीट से वर्ष 2007 से 2017 के बीच दो बार सपा के विधायक रहे हाशमी और उनकी पत्नी रोजी सलमा को इस मामले में आरोपी बनाया गया है। ईडी का यह मामला उप्र पुलिस द्वारा हाशमी और उनके सहयोगियों के खिलाफ दर्ज की गई कई प्राथमिकियों और आरोपपत्रों से उत्पन्न हुआ है। उन पर अवैध कब्जा, जालसाजी, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसी के अनुसार, हाशमी और उनकी पत्नी के बैंक खातों में बड़ी मात्रा में 'बेहिसाबी' नकदी जमा पाई गई है, जो उनके घोषित आय स्रोतों के साथ स्पष्ट रूप से असंगत थी।

# सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सरकार का बड़ा कदम

**नई दिल्ली।** महिलाओं में रोके जा सकने वाले कैंसर को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, केंद्र सरकार जल्द ही 14 वर्ष की आयु की लड़कियों को लक्षित करते हुए राष्ट्रव्यापी 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत एकल खुराक के रूप में 'गार्डासिल' नामक 'क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी वैक्सीन' का इस्तेमाल किया जाएगा। यह इंजेक्शन सर्वाइकल कैंसर का कारण बनने वाले एचपीवी टाइप 16 और 18 से सुरक्षा प्रदान करता है। इसके साथ ही यह टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा प्रदान करता है। सूत्रों ने कहा कि यह अभियान एक विशेष टीकाकरण अभियान होगा और सरकार के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि यह डब्ल्यूएचओ की सिफारिशों के अनुरूप है, जिनमें एचपीवी टीकाकरण को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के उन्मूलन की वैश्विक रणनीति का एक केंद्रीय स्तंभ माना गया है।

इस संबंध में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, मजबूत वैश्विक और भारतीय वैज्ञानिक प्रमाण इस बात की पुष्टि करते हैं कि अनुशंसित आयु वर्ग की लड़कियों में टीके की एक खुराक ही मजबूत और दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करती है।




- 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करेगी

# अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तारी का डर हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई

प्रयागराज/वाराणसी, एजेंसी

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न और अन्य अपराधों के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की। सूत्रों के अनुसार, अदालत में आवेदन दाखिल करने से पहले इस संबंध में सरकारी वकील के कार्यालय को नोटिस भेजा गया है।

प्रयागराज के झूंसी थाने में अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी के खिलाफ पिछले एक साल में एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों के यौन शोषण के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, शिकायतकर्ताओं में स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज और एक नाबालिग सहित दो अन्य व्यक्ति शामिल हैं, जिन्होंने गुरुकुल में और माघ मेले सहित धार्मिक सभाओं के दौरान यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाया था। इस बीच, वाराणसी में विद्यामठ में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, हमारे शुभचिंतक अधिवक्ता हमारे पास आए थे। हमसे कहा कि हम आपकी सहायता करने के लिए तैयार हैं तो हमने कहा ठीक है।

उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कुछ वकीलों ने सहायता की पेशकश करते हुए उनसे संपर्क किया था, लेकिन उन्हें अब तक उठाए गए किसी भी कदम के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अविमुक्तेश्वरानंद ने एक तस्वीर दिखाई और आरोप लगाया कि प्रयागराज का एक पुलिस अधिकारी उनके खिलाफ साजिश रचने के केंद्र में है। उन्होंने कहा कि तस्वीर में अधिकारी केक काटते हुए और आशुतोष ब्रह्मचारी उनके पास खड़े दिखते हैं।



- बोले- प्रयागराज में रची जा रही साजिश, पूरा सिस्टम मेरे खिलाफ

**बदलाव** — एनसीईआरटी ने पुस्तक में किया बदलाव, भ्रष्टाचार नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे

# 8वीं के छात्र पढ़ेंगे कोर्ट में कितने पेंडिंग केस, क्या हैं न्यायिक चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

अब स्कूली बच्चे कम उम्र में ही न्यायपालिका के सामने मौजूद वास्तविक चुनौतियों से परिचित होंगे। एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा के लिए सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक में कहा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और न्यायाधीशों की पर्याप्त कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में शामिल हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की नई किताब के न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नामक खंड में कहा गया है कि न्यायाधीश एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न केवल अदालत में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है। हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक वाले संशोधित अध्याय में न्यायालयों के पदानुक्रम और न्याय तक पहुंच की व्याख्या करने से आगे बढ़कर न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान तक का जिक्र है।

पाठ्यपुस्तक के पहले के संस्करणों में मुख्य रूप से न्यायालयों की संरचना और भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अध्याय में लिखा है, न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर लोगों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है। गरीबों और वंचितों के लिए इससे न्याय तक पहुंच का मुद्दा और भी गंभीर हो सकता है। इसलिए न्यायिक प्रणाली में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी का उपयोग भी शामिल है और जहां भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आएं, उनके खिलाफ त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है।




### पुस्तक में सुप्रीम कोर्ट में 81,000, हाईकोर्ट में 62.40 लाख और जिला अदालतों में 4.70 करोड़ लंबित मुकदमों का जिक्र

पुस्तक के अनुसार, उच्चतम न्यायालय में लंबित मुकदमों की अनुमानित संख्या 81,000 है, उच्च न्यायालयों में 62 .40 लाख और जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में 4 .70 करोड़ मामले लंबित हैं। पुस्तक में न्यायपालिका की आंतरिक जवाबदेही प्रणालियों को रेखांकित किया गया है और शिकायतें प्राप्त करने की स्थापित प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है, जो केंद्रीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीग्राम्स) के माध्यम से संचालित होती है। पुस्तक में लिखा है कि 2017 से 2021 के बीच इस तंत्र के जरिए 1,600 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। पाठ्यपुस्तक में भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई का भी उल्लेख किया गया है, जिन्होंने जुलाई 2025 में कहा था कि न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार और कदाचार की घटनाओं का जनता के भरोसे पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पुस्तक में उन्हें उद्धृत करते हुए कहा गया है कि हालांकि, इस विश्वास को पुनर्स्थापित करने का मार्ग इन मुद्दों के समाधान के लिए त्वरित, निर्णायक और पारदर्शी कार्रवाई में निहित है। पारदर्शिता और जवाबदेही लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्वपूर्ण गुण हैं।

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर जी" के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर





विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555


## न्यूज ब्रीफ

### जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक 26 को

अयोध्या, अमृत विचार : जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक 26 फरवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। अध्यक्षता डीएम निखिल टीकाराम फुंडे करेंगे। ले.कर्नल संजीव कुमार (अ.प्रा.) सदस्य सचिव, जिला सैनिक बंधु समिति एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि सेवारत/भूतपूर्व सैनिक व उनके परिजन अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए पहचान-पत्र के साथ प्रार्थना-पत्र अभिलेखीय साक्ष्यों सहित 26 फरवरी के पूर्व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में दे सकते हैं। जिससे संबंधित विभागीय अधिकारियों से निस्तारण की कार्रवाई कराई जा सके।

### भेष बदल भीख मांगने वालों को पुलिस को सौंपा

बड़ागांव, अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र के करेरू व बिसौली गांव के बीच तीन लोग साधू का भेष बनाकर भिक्षा मांग रहे थे। लोगों ने उनकी आईडी मांगी। इसमें दूसरे समुदाय के व्यक्ति होने की पुष्टि हुई तो मामले में सूचना पुलिस को दी गई। सत्ती चौरा चौकी पुलिस ने युवकों को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू की। रौनाही थाना प्रभारी लालचंद सरोज ने बताया बखेड़ू, बढ़ान व इसराज उर्फ साजे निवासी भुटकुन, गांव मधुरी सहाय थाना गोसाईगंज सुल्तानपुर जिले के रहने वाले निकले। जो साधू की वेशभूषा में भिक्षा मांग रहे थे। इनके गांव के प्रधान से पूछताछ की गई है, अभी कोई संदिग्ध बात सामने नहीं आई।

### फार्मासिस्ट का पद रिक्त मरीजों को परेशानी

शाहगंज, अयोध्या : बीकापुर तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज में एक माह से फार्मासिस्ट का पद रिक्त है। यहां तैनात फार्मासिस्ट रामबोध का तबादला सीएमओ कार्यालय हो जाने के बाद से दवा वितरण व्यवस्था प्रभावित हो गई है। फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सा प्रभारी डॉ.अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि फार्मासिस्ट के रिक्त पद की जानकारी स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। अभी किसी नए फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं हो सकी है। दिक्कत तो हो रही है।

### पीस कमेटी की बैठक संपन्न

सोहावल, अमृत विचार : रौनाही थाना परिसर में होली और रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक एसडीएम सविता देवी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। क्षेत्राधिकारी सदर अरविंद कुमार सोनकर ने कहा कि सभी आपसी सौहार्द और शांति के बीच पर्व और त्योहार को मनाएं। क्राइम इंस्पेक्टर अब्दुल रहमान ने बताया कि रौनाही थाना क्षेत्र में 158 स्थानों पर होलिका दहन होता है। बैठक में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, मो. साबिर, मुस्तकीम सिद्दीकी, अरशद आलम, बब्लू सिंह सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, सभासद और अन्य लोग मौजूद रहे।

### गैस सुरक्षा के टिप्स बताए

बारुन, अयोध्या। अमृत विचार : विकासखंड मिल्कीपुर की ग्राम पंचायत अरमारुपीपुर के मजरे परसौली में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन से जुड़ी मधुपुर इंडेन गैस सर्विस ने मंगलवार को गैस सुरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया। मैकेनिक आजाद अली ने महिलाओं को रसोई में एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने गैस दुर्घटनाओं से बचाव के लिए विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को नए गैस कनेक्शन दिए गए। सात उपभोक्ताओं का केवाईसी भी पूरा किया गया। गैस एजेंसी के दिनेश मौर्य, सोनू यादव आदि मौजूद रहे।

# 3 मार्च को 11 घंटे रामलला के दर्शन नहीं कर पाएंगे भक्त

अयोध्या कार्यालय।



- चंद्रग्रहण के चलते सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक बंद रहेंगे प्रमुख मंदिरों के कपाट
- सुबह श्रृंगार आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए दो घंटे खुला रहेगा राममंदिर का कपाट

**अमृत विचार:** चंद्रग्रहण के चलते रामनगरी में 3 मार्च को राममंदिर समेत सभी मंदिरों के कपाट सुबह 9 बजे से रात्रि 8 बजे तक बंद रहेंगे। पूजन-अर्चन और दर्शन बंद रहेगा। इस दौरान श्रद्धालु कुल कुल 11 घंटे रामलला समेत अन्य देवी-देवताओं के दर्शन नहीं कर पाएंगे। फागुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी को शाम 6.20 बजे से प्रारंभ होकर 6.47 मिनट पर समाप्त होगा। हिंदू विधाओं के अनुसार चंद्रग्रहण के नौ घंटे पहले ही सूतक प्रारंभ हो जाएगा। जो सुबह 9 बजे से प्रारंभ हो रहा है।

राम मंदिर में सुबह 6:30 पर श्रृंगार आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए राम मंदिर के कपाट दो घंटे के लिए खोल जाएंगे। इसके बाद ठीक 9 बजे मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे। सूतक समाप्त होने के बाद मंदिर की साफ-सफाई और भगवान के अभिषेक श्रृंगार कर पूजन-अर्चन का कार्यक्रम संपन्न कर रात्रि 8 बजे के बाद मंदिर के कपाट खुलेंगे और श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर सकेंगे। इसी तरह हनुमानगढ़ी, कनक भवन समेत अन्य सभी मंदिरों में सुबह 9 बजे तक भगवान का भोग व आरती-पूजन कर कपाट बंद कर दिये जाएंगे।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा गठित धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि सुबह 9 बजे से रात्रि 8 तक मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। कहा कि वर्तमान में भीड़ की स्थिति को देखते हुए रात्रि में 8 बजे के बाद मंदिर कितने बजे तक खोला जाएगा, यह बाद में तय होगा। राम जन्मभूमि के पुजारी के मुताबिक ग्रहण का सूतक लगते ही मन्दिर बन्द हो जाएगा। उन्होंने बताया कि शाम को 6:47 पर यह ग्रहण मोक्ष प्राप्त होगा। उसके बाद राम जन्मभूमि परिसर में भगवान श्री रामलला का स्नान कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा।

## परिसर में राम नवमी मेले की तैयारी को लेकर की बैठक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** चैत्रराम नवमी मेले की तैयारी शुरू हो गई। इसी के साथ राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर भी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाने लगा है। राष्ट्रपति यहां चैत्र राम नवमी मेले के पहले दिन 19 मार्च को आ रही हैं। वह मंदिर में श्री राम मंत्र स्थापना के कार्यक्रम में भाग लेने के साथ ही दूसरे कार्यक्रमों में भाग लेंगी। इस दृष्टि से इस बार का चैत्र राम नवमी मेला कुछ खास होगा।

- राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए दुरुस्त की जाने लगी व्यवस्था

श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से भेजे जा रहे निमंत्रण में कहा गया है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तदनुसार 19 मार्च को श्री राम जन्म भूमि मंदिर में महामहिम राष्ट्रपति का आगमन सुनिश्चित हुआ है। अब चैत्र राम नवमी मेले की तैयारी के साथ इसको लेकर भी तैयारी शुरू की गई है। मेले को लेकर सुव्यवस्थित और सुरक्षित आयोजन को लेकर श्रीराम जन्म भूमि परिसर के पीएफसी में तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय, डीएम निखिल टीकाराम फूंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, ट्रस्टी अनिल मिश्रा व गोपाल जी आदि की मौजूदगी में की समीक्षा बैठक की गई। इसमें परिसर में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

डीएम ने अफसरों को निर्देश दिया कि वह अपने विभागों से संबंधित तैयारियों की नियमित समीक्षा करें। विभागों को आपस में समन्वय से कार्ययोजना बनाने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने का निर्देश दिया गया। एसएसपी ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन सर्विलांस और कंट्रोल रूम की व्यवस्था को मजबूत करने का निर्देश दिया। व्यवस्थाओं की समीक्षा का अघोषित मकसद राष्ट्रपति के कार्यक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है। बैठक में नगर निगम, पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, जलकल, लोक निर्माण विभाग के साथ अन्य विभाग के अफसर मौजूद रहे।

# नहीं खत्म हुआ वरिष्ठ चिकित्सकों का वनवास, सीएमओ ने भी सिए होंठ

अयोध्या कार्यालय।

- जिले की नौ सीएचसी पर अब भी जूनियर चिकित्सक ही संभाल रहे अधीक्षक का जिम्मा
- शासन के नियमों की हो रही अवहेलना



**अमृत विचार :** जिले में स्वास्थ्य विभाग के नए मुखिया डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया को सीएमओ का पद संभाले एक माह से भी अधिक का समय बीत गया है, उनसे विभाग के चिकित्सकों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन उनका हाथ बांधे और होंठ सिए बैठना अब अखरने लगा है। खास तौर से उन वरिष्ठ चिकित्सकों को जो पूर्व सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान के समय में क्वारंटाइन कर दिए गए थे। सीएचसी पर वे अब भी जूनियर चिकित्सकों के अधीन काम करते हुए वनवास झेल रहे हैं।

पूर्व सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बानियान ने शासन के आदेशों को धता बताते हुएजिले की सभी नौ सीएचसी पर लेवल-1 के चिकित्सकों को अधीक्षक के पद पर तैनात कर दिया था। इस बात का अंदरखाने विरोध चल रहा था। वरिष्ठ चिकित्सकों में असंतोष था। इस संबंध में 'अमृत विचार' ने स्वास्थ्य विभाग में जूनियर पर मेहरबानी, वरिष्ठ दरकिनार शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया था। इसके बाद विभाग में खलबली मच गई थी। तत्कालीन सीएमओ ने सोहावल सीएचसी छोड़ बाकी जगहों पर चिकित्सकों से अधीक्षक बनने के लिए आवेदन मांग लिए थे। हालांकि भयभीत चिकित्सक आगे नहीं आए। इसके बाद रुदौली विधायक ने भी शिकायत में इस बिंदु को शामिल करते हुए मामले में मुख्यमंत्री से जांच कराने की मांग की थी। मामले में अपर निदेशक रैंक के तीन चिकित्सकों ने जांच शुरू कर दी। कुछ ही दिनों बाद सीएमओ डॉ. बानियान को यहां से हटा दिया गया। नवागत सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया पर सभी की निगाहे टिक गईं, लेकिन महीना भर से भी अधिक बीत जाने के बाद उन्होंने वरिष्ठ चिकित्सकों का दर्द नहीं समझा। नाम न छापने की शर्त पर सीएचसी पर तैनात वरिष्ठ चिकित्सक कहते हैं कि सीएमओ से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन अभी तक तो निराशा ही हाथ लगी है।

### डॉ. अवधेश वहीं के वहीं, डॉ. सिन्हा 'आनंद' में

तत्कालीन सीएमओ ने अयोध्या से जाने से पहले सुनवा से डॉ. मदन बरनवाल को मवई सीएचसी का अधीक्षक बनाया था। वहीं लेवल थ्री के डॉ. अवधेश सिंह अब भी नॉन प्रोग्रामिंग सीएचसी हैदरगंज पर तैनात हैं। डॉ. अवधेश लेवल थ्री के हैं। ये सीएचसी तारुन के अधीन काम करते हैं, जहां लेवल वन के चिकित्सक डॉ. अंशुमान गुप्ता अधीक्षक के पद पर तैनात हैं। मिल्कीपुर सीएचसी में भी यही हाल है। वहां डॉ. आनंद सिन्हा सबसे जूनियर हैं, लेकिन सीनियर कुर्सी पर मौज कर रहे हैं।

### नौ सीएचसी चला रहे लेवल वन के चिकित्सक

| सीएचसी | चिकित्सक | लेवल | सीएचसी | चिकित्सक | लेवल |
|---|---|---|---|---|---|
| मिल्कीपुर | डॉ. आनंद सिन्हा | 1 | मया | डॉ. इंद्रजीत वर्मा | 1 |
| तारुन | डॉ. अंशुमान गुप्ता | 1 | हैरिंग्टनगंज | डॉ. रवींद्र शुक्ला | 1 |
| सोहावल | डॉ. आकांक्षा वर्मा | 1 | पूराबाजार | डॉ. सुनील चौधरी | 1 |
| बीकापुर | डॉ.अंशुमान यादव | 1 | खंडासा | डॉ. आकाश मोहन | 1 |

> मेरी जानकारी में भी बात आई है कि यहां कई सीएचसी पर जूनियर चिकित्सक अधीक्षक हैं, लेकिन ये समझ में नहीं आ रहा कि पूर्व सीएमओ ऐसा क्यों कर गए हैं? हम विचार कर रहे हैं। –डॉ.देवेंद्र कुमार भिटौरिया, सीएमओ

> तत्कालीन सीएमओ के विरुद्ध कई बिंदुओं को लेकर जांच की मांग की गई थी। उसमें एक बिंदु जूनियर चिकित्सकों को अधीक्षक बनाए जाने का भी था। अगर अभी तक जूनियर चिकित्सकों को हटाकर सीनियरों को अधीक्षक नहीं बनाया गया है तो इस संबंध में सीएमओ से वार्ता करूंगा। –रामचंद्र यादव, भाजपा विधायक, रुदौली

# यूपी बोर्ड परीक्षा : केन्द्र के बाहर खुली मिलीं दुकानें, हटे एक केंद्र व्यवस्थापक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा के दौरान मंगलवार को बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बीकापुर स्थित भारती इंटर कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर निरीक्षण किया, जहां मुख्य गेट के सामने दुकानें खुली मिलीं। परीक्षा के समय यह गंभीर अनियमितता पाई गई, जिससे परीक्षा की निष्पक्षता पर सवाल उठे।

नाराज डीआईओएस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए केंद्र व्यवस्थापक/प्राचार्य अमृत लाल सरोज को उनके पद से हटा दिया है। उनकी जगह जयसिंह मऊ के प्रवक्ता साहब लाल निषाद को नया केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई परीक्षा की शुचिता बनाए रखने और किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाने के लिए की गई है। परीक्षाओं में इस तरह की घटनाओं पर प्रशासनिक स्तर पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि अब तक आठ परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरे ऑफलाइन होने तथा 12 कक्ष निरीक्षकों की गैरहाजिरी पर कार्रवाई की जा चुकी है।

### 71 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के सातवें दिन कुल 71 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इंटरमीडिएट में द्वितीय पाली में अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 1,818 में से 1756 उपस्थित हुए जबकि 62 ने परीक्षा छोड़ दी। इनमें 40 बालक और 22 बालिकाएं शामिल रहीं। हाईस्कूल प्रथम पाली एग्री बॉटनी में कुल पंजीकृत 268 में से 259 उपस्थित हुए और नौ ने परीक्षा छोड़ दी। इनमें बालक आठ और बालिका परीक्षार्थी एक शामिल रहे। सातवें दिन भी 115 परीक्षा केंद्रों में से कहीं नकल का कोई मामला नहीं पाया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**मसौधा, अमृत विचार:** पूराकलंदर थाना क्षेत्र में अयोध्या -प्रयागराज हाईवे पर डाभा सेमर बड़ी नहर के पास अयोध्या शहर की ओर जा रहे तेज रफ्तार दुग्ध वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर मनोज शर्मा ने बताया की सोमवार देररात डाभासेमर बड़ी नहर के निकट अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर दुग्ध वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल हो गया। उसको जिला अस्पताल भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना करने वाले वाहन समेत चालक को हिरासत में ले लिया गया है। घटना के बावत कोई तहरीर नहीं मिली है, न ही शव की शिनाख्त हो पाई है। मृतक बाइक सवार की पहचान के लिए कुछ अंग वस्त्र थाने पर रखवाए गए हैं।



- हनुमान गढ़ी मंदिर में किया दर्शन-पूजन

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को तिलक लगाते हनुमानगढ़ी के पुजारी।

## भारतीय संस्कृति की विरासत है केरलम : ब्रजेश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मंगलवार को रामनगरी पहुंचे। उन्होंने हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान केरल का नाम बदलने पर कहा कि बहुत दिनों से लोगो की ये मांग थी और केरलम नाम भारतीय संस्कृति की विरासत का प्रतीक है। वहीं एआई ग्लोबल समिट का कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए विरोध पर कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी के आह्वान पर ग्लोबल समिट को बदनाम करने के लिए जो प्रदर्शन किया गया मैं उसकी कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, वहां भारत की छवि खराब करने का प्रयास करते हैं। भारत की जनता इनको कभी माफ नहीं करेगी। मुख्यमंत्री योगी विदेश दौरे पर बोले कि उत्तर प्रदेश निवेश के मामले में न एक डेस्टिनेशन बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश लॉ एंड ऑर्डर के कारण निवेश का सबसे बेहतर केंद्र बना है। हम कह सकते है उत्तर प्रदेश निवेश उद्योग के मामले में नंबर एक पर शीघ्र ही आ जाएगा। केंद्र सरकार लगातार किसानों के हित में निर्णय ले रही है।

# राजा मानसिंह को फर्जी जमानत मामले में कोर्ट से झटका

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जेल में बंद राजा मानसिंह को कोर्ट से झटका लगा है। फर्जी जमानत दाखिल करने के मामले में कोर्ट ने उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। यह आदेश अपर जिला जज दीपक यादव की अदालत से मंगलवार को हुआ है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय कुमार ओझा ने बताया कि घटना की रिपोर्ट श्याम नारायण शुक्ला निवासी गोयरी थाना नगर जिला बस्ती ने दर्ज कराई थी।

उन्होंने तहरीर में लिखा था कि वह पंचायत अठदमा के पूर्व प्रधान हैं। इस समय उनकी पुत्री आकृति शुक्ला ग्राम प्रधान है। वह बतौर प्रतिनिधि ग्राम प्रधान का कार्यभार देखते हैं। उन्हें जानकारी हुई कि अयोध्या के थाना पूरा कलंदर के एक मुकदमे में अभियुक्त उपदेश यादव उर्फ बंटी यादव निवासी नैथुआ थाना मुजरिया जनपद बांदा के कहने पर न्यायालय से जारी जमानत सत्यापन में मेरे ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम जसईपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र स्वर्गीय विद्यासागर का जमानत का कागज लगा है, जबकि जमानतदार अनिल द्वारा बताया कि उसने उपदेश यादव उर्फ बंटी यादव की जमानत नहीं ली, न ही उसे जानता है। जमानत नामा पर उसके हस्ताक्षर भी नहीं हैं। न ही उसके व पुत्री द्वारा बतौर ग्राम प्रधान जमानतदार के निवास प्रमाण पर हस्ताक्षर व मोहर लगाई गई है। आरोपी उपदेश यादव बंटी यादव के कहने पर उसके परिवार वालों ने मेरी पुत्री आकृति शुक्ला का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर न्यायालय में दाखिल किया है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने राजा मानसिंह की जमानत अर्जी खारिज कर दी।



अमानीगंज स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में अन्नप्राशन रस्म करातीं अपर्णा यादव।

- महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने किया अन्नप्राशन व गोद भराई की रस्म

## अर्धनग्न प्रदर्शन के लिए सार्वजनिक माफी मांगे कांग्रेसः अपर्णा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव मंगलवार को शहर में थी। उन्होंने अमानीगंज स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। खाद्य सामग्री बांटी। नन्हें-मुन्नों के अन्नप्राशन और गर्भवती महिलाओं के गोदभराई की।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने एआई सबमिट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन की कड़ी निंदा की। कहा कि यह घटिया मानसिकता है। सार्वजनिक माफी की मांग उठाई। कहा कि एआई सम्मिट में भारत ने वैश्विक स्तर पर नेतृत्व कर देश का मान बढ़ाया। स्वामी शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर दर्ज मुकदमें को जांच का विषय बताया। कहा कि संतों का सम्मान है, लेकिन कानून और संविधान से ऊपर कोई नहीं। इस दौरान विभाग और आंगनबाड़ी केंद्र के कर्मचारी मौजूद रहे।

## भाभी की हत्या के आरोपी को जमानत नहीं

**अयोध्या, अमृत विचार:** डंडे से पीटकर भाभी की हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने देवर की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। यह आदेश जिला जज प्रथम सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से मंगलवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय व रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 13 अप्रैल 2025 की है। पटरंगा गांव के रहने वाले विजय कुमार ने रिपोर्ट लिखाई थी कि उसकी बेटी शिवानी रात घर के बाहर आपस में तेज आवाज में बात कर रही थी। मेरे छोटे भाई उदय राज घर से निकले और तेज बात करने से मना किया और गाली देने लगे। बेटी ने गाली देने से मना किया। पहले उसे डंडे से मारा इसके बाद मेरी पत्नी विंध्या उसे बचाने गई तो उन्हें भी डंडे से पेट में मारा। घायल अवस्था में दोनों को मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर ले गए। जहां रात में इलाज के दौरान पत्नी बिंध्या की मौत हो गई। इसकी रिपोर्ट उदय राज के खिलाफ हत्या की धारा में लिखाई गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

कवायद | सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए परिवहन, शिक्षा और प्रशासन की साझा मुहिम, पहले चरण में लिए जाएंगे 20 स्कूल

# बच्चों की सुरक्षा के लिए अब स्कूलों के बाहर बनेंगे सेफ जोन

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** स्कूलों के बाहर बच्चों की सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'सेफ स्कूल जोन' योजना को विस्तार दिया जा रहा है। इस योजना के तहत जल्द ही 20 स्कूलों के आसपास काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए माध्यमिक, बेसिक और परिवहन विभाग के साथ यातायात पुलिस और प्रशासन साझा अभियान चलायेगा। सेफ जोन निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को दी जाएगी। प्रथम चरण के स्कूलों को चिह्नित करने के लिए माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी लगाए जा रहे हैं।



इस योजना के अंतर्गत बच्चों के सुरक्षित स्कूल आने-जाने की व्यवस्था के लिए ढांचागत बदलाव किए जाएंगे। जिला प्रशासन की सिफारिश पर लोक निर्माण विभाग सहयोगी एजेंसियों के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार कर रहा है। महानगरों में चलाए गए पायलट प्रोजेक्ट के परिणाम बेहतर मिले हैं। योजना के अंतर्गत स्कूल के बाहर 250 मीटर के दायरे में सुरक्षित क्षेत्र विकसित किया जाएगा। दुर्घटनाओं के अध्ययन और डेटा विश्लेषण के आधार पर इन स्कूलों का चयन किया जाएगा । प्रत्येक स्कूल के आसपास 250 मीटर से एक किलोमीटर तक का क्षेत्र 'सेफ स्कूल जोन' के रूप में विकसित किया जाएगा। इस जोन में कई महत्वपूर्ण उपाय लागू किए जाएंगे। जैसे ड्रॉप-ऑफ लेन का निर्माण, जहां अभिभावक बच्चों को उतारने-चढ़ाने के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध होगा। साथ ही, बच्चों को लेने आने वाले माता-पिता के लिए वेटिंग एरिया बनाया जाएगा। अन्य सुविधाओं में पैदल चलने के लिए सुरक्षित फुटपाथ, साइकिल ट्रैक, ट्रैफिक कैल्मिंग उपाय (जैसे स्पीड ब्रेकर, टेबल-टॉप क्रॉसिंग), साइनेज बोर्ड, लैंडस्केपिंग और पार्किंग प्रबंधन शामिल होंगे। इन बदलावों से स्कूल के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू होगी और बच्चों की सुरक्षा बढ़ेगी।

यह पहल सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बच्चों के जीवन को सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रशासन का दावा है कि इन उपायों से दुर्घटनाओं में कमी आएगी और अभिभावकों को भी राहत मिलेगी। मार्च में इस योजना को अमल में लाया जाएगा। इसके लिये 15 मार्च को सभी विभागों और स्कूलों के प्रबंधक तथा प्रधानाचार्य की बैठक बुलाई गई है। बैठक में आईटी विशेषज्ञ भी शामिल किए जायेगें।

> स्कूलों के बाहर सेफ जोन निर्माण योजना का निर्देश मिला है। बैठक के बाद नगर क्षेत्र में योजना की रुपरेखा तय होगी। विभाग का काम केवल स्कूल प्रबंधन और प्रशासन के बीच समन्वय बनाना है। –डॉ. पवन कुमार तिवारी, डीआईओएस।

# महापौर ने लोकार्पण कर जनता को समर्पित किये 29 फूड कोर्ट



महापौर गिरीशपति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार फूड कोर्ट का लोकार्पण करते हुए।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने सिविल लाइंस में निर्मित 29 फूड कोर्ट का मंगलवार को नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ नारियल फोड़ कर लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। इस दौरान लाभार्थियों को प्रमाणपत्र के साथ चाबी सौंपी। यहां विभिन्न प्रकार के फास्ट फूड आइसक्रीम आदि की बिक्री की जाएगी। महापौर ने लाभार्थियों से बात की और अधिकारियों को इस बाजार को विकसित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। सफाई के लिए डस्टबिन का वितरण करने प्रकाश के लिए विशेष प्रबंध करने की आवश्यकता जताई। पार्षद चंदन सिंह, विशाल पाल, अखिलेश पांडे, सूर्यकुमार तिवारी सूर्या, अपर नगर डॉ. नागेंद्र नाथ, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा मानिकचंद आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सपा नेता ने की शंकराचार्य से मुलाकात

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या के सपा नेता डॉ. करन त्रिपाठी ने सोमवार देर शाम वाराणसी में पूज्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से शिष्टाचार भेंटकर उनको पूर्ण समर्थन की बात कही। त्रिपाठी ने दर्ज मुकदमें को राजनीति से प्रेरित बताया।

### धूमधाम से मनाई संत गाडगे की जयंती

**गोशाईगंज, अमृत विचार :** सरैया गांव में संत गाडगे बाबा की जयंती सुखराम कनौजिया के नेतृत्व में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। संत गाडगे के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सामाजिक कार्यकर्ता शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने संत गाडगे के जीवन, उनके त्याग, सेवा और समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जियाराम, हनुमान प्रसाद, सती राम कनौजिया, राम अजोर, बड़े लाल आदि मौजूद थे।

### दुख की घड़ी में इंसानियत बनी सहारा

**सोहावल, अमृत विचार :** सोहावल चौराहे के रहने वाले बुद्धि राम की 13 फरवरी को अचानक मौत हो गई। पिता के निधन सप्ताह भर बाद बेटी की शादी थी, जिसके टूटने की स्थिति बन गई। जानकारी पर समाजसेवी हाजी फिरोज खान गब्बर ने इंसानियत की मिसाल पेश की। परिवार के लिए सहारा बने। शादी में सम्मानजनक आशीर्वाद दिया। कहा कि हम इस परिवार के साथ हमेशा खड़े हैं और भविष्य में भी जो संभव होगा, हर तरह की सहायता करेंगे। उनके साथ क्षेत्र पंचायत सदस्य दयाशंकर भारती, सभासद दिनेश चौधरी, राहुल गौतम आदि मौजूद रहे।

### कार की चपेट में आया बाइक सवार, चार घायल

**मसौधा, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र में अयोध्या- प्रयागराज हाईवे पर फसल अनुसंधान केंद्र के कृषि विज्ञान केंद्र के सामने मंगलवार दोपहर कार ने विपरीत दिशा में जा रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग घायल हो गये। कन्नौज जिले के कार सवार सार्थक पाल पुत्र बृजेश कुमार पाल परिजनों के साथ अयोध्या दर्शन को जा रहे थे। फसल अनुसंधान केंद्र मसौधा के केवीके के सामने विपरीत दिशा में जा रहे बाइक चालक विक्रम निषाद निवासी खानपुर रसूलाबाद थाना महाराजगंज अयोध्या कार की चपेट में आने से घायल हो गया। घटना में कार सवार श्रद्धालुओं में तीन को हल्की चोटें आईं है। प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर मनोज शर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं सहित जख्मी बाइक सवार को सीएचसी मसौधा भिजवाया गया है। चालक समेत तीन को हल्की चोटें आईं हैं। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### इमरजेंसी चिकित्सा प्रबंधन जानने को चिकित्सक दिल्ली गये

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले के चिकित्सक राजधानी दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में प्रतिभाग करने के लिए गए हैं। एम्स में बुधवार से शुरू हो रहे इस कार्यक्रम का आयोजन इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा किया गया है। जिसमें इमरजेंसी ट्रॉमा सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। अयोध्या मेडिकल कॉलेज से ट्रॉमा प्रभारी व आर्थो सर्जन डॉ. विनोद आर्या, जिला अस्पताल से चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी व श्रीराम अस्पताल से डॉ. गौरव कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं। डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि सम्मेलन में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आपातकालीन ट्रॉमा प्रबंधन, गंभीर रूप से घायलों के त्वरित उपचार, संसाधनों के बेहतर समन्वय और अस्पतालों में आपदा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत बनाने के विषय में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

# श्रेयांश, फाल्गुनी व करुणाकर ने जीता स्वर्ण पदक

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** जिला राइफल क्लब के तत्वावधान में अयोध्या शूटिंग रेंज में मंगलवार को जिला स्तरीय एयर शूटिंग प्रतियोगिता हुई। जिला राइफल क्लब के कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि शूटिंग प्रतियोगिता में 64 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न वर्गों में किया गया। जिसमें पुरुष पिस्टल वर्ग, महिला पिस्टल वर्ग, अधिकारी वर्ग व एयर राइफल वर्ग की 10 मीटर स्पर्धा में प्रतिभाग किया।



जिला शूटिंग प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी मुख्य अतिथि एसबीआई के मंडलीय मुख्य प्रबंधक मनोज कनौजिया व कोच शनि वर्मा के साथ।

प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ श्रेयांश सिंह ने स्वर्ण, उमंग पाठक ने रजत और वत्सल राय ने कांस्य पदक हासिल किया। महिला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाल्गुनी चौधरी ने स्वर्ण, आकृति ने रजत व ज्योत्सना ने रजत पदक प्राप्त किया। मास्टर श्रेणी में करुणाकर दुबे ने स्वर्ण पदक हासिल कर क्लब का मान बढ़ाया। मुख्य अतिथि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मंडलीय मुख्य प्रबंधक मनोज कनौजिया ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

- जिला शूटिंग प्रतियोगिता के पदक विजेता हुए सम्मानित

प्रतियोगिता में विवान स्वरूप, अपूर्व मौर्य, ज्योतिराजादित्य सिंह, भास्कर पांडेय, अविरल सिंह, भास्कर तिवारी, श्रेया सिंह, विवान श्रीवास्तव, राजवीर रावत, दीपांकर वर्मा, अभिनव दुबे, सानिध्य मिश्रा, आलोक यादव, अंबिका यादव, आरोही, स्योरी, स्नेहा, अदिति सिंह, काजल दुबे, अंकित, प्रभु नारायण सिंह, अंकुल रावत का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस उपलब्धि पर जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

## प्रदेशीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 27 से

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले में पहली बार प्रदेशीय इंडोर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 27 फरवरी से होने जा रहा है। जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ. संजय तिवारी ने बताया कि डाभासेमर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित होने वाली दो दिवसीय इंडोर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रदेश के लगभग 500 बालक-बालिका खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

- जिले में पहली बार होगा एथलिटिक्स का इंडोर आयोजन



डॉ. संजय तिवारी

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में दौड़ 60 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 60 मीटर हर्डल, लांग जम्प, हाई जम्प, शॉट पुट, पोल वॉल्ट, ट्रिपल जम्प आदि स्पर्धा अंडर-18 और अंडर-20 आयु वर्ग में होगी। कहा कि अयोध्या में पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लिए गौरव की बात है। प्रतियोगिता के निष्पक्ष निर्णय के लिए स्तरीय रेफरी व ऑफीसियल को आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। उप्र एथलेटिक्स संघ के सचिव नरेंद्र कुमार ने इस आयोजन को संपन्न कराने के लिए जिला सचिव परमेंद्र सिंह को प्रतियोगिता का आयोजन सचिव व रोहित त्रिपाठी को सह सचिव नियुक्त किया है। जिससे खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में उत्साह है।

## 120 किलो खजूर व 35 किलो काजू जब्त

**अयोध्या, अमृत विचार:** होली पर्व के मद्देनजर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जनपद में विशेष अभियान शुरू किया है। सहायक आयुक्त (खाद्य) मानिक चन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने मंगलवार को बेस्ट इंडियन ड्राई फ्रूट्स से काजू व खजूर के नमूने लेकर 35 किलो काजू (मूल्य 30,800 रुपये) और 120 किलो खजूर (मूल्य 48,000 रुपये) जब्त किए। मिनी महल बेकर्स एंड कन्फेक्शनरी से केक तथा रुदौली से बेसन का नमूना लिया गया। अब तक 27 नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# आंदोलन और पूर्व सांसद की पहल पर बनी अंडरपास निर्माण की बात

पूराबाजार, अयोध्या।

**अमृत विचार:** ग्रामीणों के आंदोलन और पूर्व सांसद लल्लू सिंह के पहल से ददेरा गांव के पास रिंग रोड पर अंडरपास बनने का रास्ता साफ हो गया। एनएचआई के अधिकारियों ने मिट्टी समतल कर आवागमन चालू कर दिया।





ददेरा गांव में अंडरपास निर्माण स्थल पर प्रदर्शन करते ग्रामीण एवं दिल्ली में परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ वार्ता करते पूर्व सांसद लल्लू सिंह।

ददेरा गांव के पास निर्माणधीन रिंग रोड पर अंडरपास की मांग पर अड़े ग्रामीणों ने मंगलवार को धरना-प्रदर्शन किया। मौके पर एनएचएआई के अफसर पहुंचे। सहमति जताई। रिपोर्ट दिल्ली भेजी। समाजसेवी सचिन तिवारी ने बताया कि एनएचएआई के परियोजना निदेशक ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए लगभग 150 मीटर का कार्य तुरंत रुकवा दिया। वहां की मिट्टी बराबर कराकर आवागमन चालू कर दिया। आश्वासन दिया कि जब तक अंडरपास का निर्माण नहीं हो जाएगा तब तक आने-जाने में बाधा उत्पन्न नहीं होगी। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लल्लन प्रसाद पासवान, जिपं सदस्य देवता पटेल, मोहतशिमपुर के प्रधान अनूप वर्मा, पूर्व प्रधान अलावलपुर योगेश मिश्रा, पूर्व प्रधान सुखापुर इटौरा सतीश पांडे, पूर्व प्रधान मोहसिमपुर अनूप वर्मा, चाणक्य परिषद के जिलाध्यक्ष सत्यदेव मिश्रा, जिला अध्यक्ष युवा सुमित तिवारी, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

- दिल्ली में परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के साथ की बात

वहीं पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने फोन पर बताया कि ददेरा गांव में अंडरपास निर्माण को लेकर सोमवार को दिल्ली में एनएचएआई के उच्च अधिकारियों और सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गड्करी से मुलाकात कर अंडरपास बनवाने के लिए पत्र देकर वार्ता की। सहमति बनने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए अगली बैठक बुधवार को निश्चित हुई है।

# संविधान बचाओ को लेकर सपा का धरना

मिल्कीपुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को इनायत नगर पांच नंबर चौराहा पर संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ के नारे के साथ प्रदर्शन किया गया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने जिस संविधान के माध्यम से हर वर्ग, हर जाति और हर धर्म को समान अधिकार देने की व्यवस्था की, आज उसी व्यवस्था को कमजोर करने की साजिशें की जा रही हैं। यदि मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाते हैं तो यह सीधे-सीधे उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।





संविधान बचाओ अभियान के तहत इनायतनगर में धरना देते सांसद अवधेश प्रसाद।

प्रशासन से पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग करते हुए कहा कि किसी भी निर्दोष मतदाता का नाम सूची से काटा गया तो समाजवादी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। निवर्तमान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों पर प्रहार किया। एसडीएम मिल्कीपुर को मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रवक्ता लवलेश पांडेय ने बताया कि धरने को निवर्तमान जिला महासचिव बख्तियार खान, वरिष्ठ सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह, पृथ्वीराज यादव, छोटे लाल यादव आदि ने सम्बोधित किया।

- सांसद अवधेश प्रसाद की अगुवाई में सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# कोर्ट ने दिया तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश

- नगर कोतवाली के जनौरा में एक भूमि का दो बार बैनामा करने का मामला

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के जनौरा स्थित एक भूमि का धोखाधड़ी के सहारे दो लोगों के पक्ष में बैनामा करके लाखों रुपये हड़पने के मामले में विपक्षी व उसके पुत्र सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया गया है। यह आदेश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय ने पीड़ित अयाज अहमद की ओर से दायर अर्जी पर मंगलवार को दिया है। साथ ही नगर कोतवाल को अविलम्ब मुकदमा दर्ज करके तीन दिन में न्यायालय को सूचित कर विवेचना करके परिणाम से अवगत कराने को कहा है।

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता एखलाक अहमद के मुताबिक नगर कोतवाली महाजनी टोला निवासी अयाज अहमद ने अपने रिश्तेदार तनवीर अहमद अंसारी के साथ मिलकर 24 मई 2024 को सात लाख रुपये विपक्षी वंदना गुप्ता के खाते में ट्रांसफर कर भूमि क्रय कर बैनामा लिया था। उक्त प्लाट जनौरा में स्थित है। जिसमें वंदना गुप्ता, उनके पुत्र आशुतोष गुप्ता व आदित्य गुप्ता बतौर गवाह मौजूद थे। इसके बाद पीड़ित ने 50 हजार रुपये विपक्षी वंदना के खाते में 22 अप्रैल 2024 को अंतरित किया था। पीड़ित ने जब बैनामाशुदा प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू किया तो बगल के सुरेश अग्रवाल ने आकर कार्य को रोक दिया। बताया कि उक्त प्लाट का बैनामा उन्होंने लिया है। इस पर पीड़ित ने पूछताछ की तो विपक्षी ने सुरेश अग्रवाल को बैनामा किया जाना स्वीकार किया। पीड़ित को किये गये बैनामा की धनराशि सात लाख रुपये तथा दूसरे सौदे की बची शेष धनराशि दो लाख तीन हजार रुपये कुल मिलाकर 9 लाख 30 हजार रुपये वापस करने की बात कही, लेकिन बाद में उक्त पैसा वापस करने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने थाना एवं एसएसपी अयोध्या को लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित द्वारा विपक्षियों पर एक ही सम्पत्ति पर दो बार बैनामा करने का आरोप लगाते हुए धनराशि हड़पने का आरोप लगाया।

## प्राचार्य ने डीएम को भेजी रिपोर्ट, डॉ. अवधेश असंतुष्ट

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रो. डॉ. अवधेश कुमार को क्रय अधिकारी पद से हटाए जाने के मामले में कार्यवाहक प्राचार्य की ओर से जिलाधिकारी को जवाब लिखते हुए जन शिकायत के निस्तारण की मांग की है। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम को संबोधित पत्र में डॉ.दिनेश सिंह मर्तोलिया की ओर से लिखा गया है कि डॉ. अवधेश कुमार को बताना चाहते हैं कि उनके पिता व भाई स्वयं प्रधानाचार्य कार्यालय में प्रस्तुत होकर उनकी अस्वस्थता के बारे में अवगत कराए थे। अपेक्षा की कि उनको दिये दायित्वों से मुक्त रखा जाए, ताकि उनको शीघ्र अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी बताया है कि डॉ. वैभव द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। मेरे कार्यालय द्वारा उनको अर्हता के संबंध में कोई लिखित आपत्ति नही जताई गयी है। हम चाहते हैं कि वे शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर अपनी नियुक्ति पत्र में निहित कर्तव्यों का सामान्य रूप से निर्वाहन करें। वहीं जिलाधिकारी को भेजे गए प्राचार्य के जवाब से डॉ. अवधेश कुमार ने असंतुष्टि जाहिर की है।

## सीएमओ ने जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं परखीं

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया ने मंगलवार को जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाएं परखीं। प्रभारी सीएमएस डॉ. राजेश सिंह के साथ उन्होंने अस्पताल की ओपीडी, ओटी और वार्डों का भ्रमण किया। सुबह 11 बजे पहुंचे सीएमओ डॉ.भिटौरिया ने इमरजेंसी वार्ड की व्यवस्थाओं को भी देखा। दवा वितरण कक्ष में दवाओं की उपलब्धता परखी। ऑपरेशन थिएटर की तैयारियों और साफ-सफाई देखी। उन्होंने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों से सुविधाओं को लेकर फीडबैक भी लिया। मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा भी की। कर्मचारियों को समयबद्ध, जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की सख्त हिदायत दी गई।


## कार्यालय : सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, अयोध्या सम्भाग, अयोध्या।

पत्रांक-4100/सं0खा0नि0/स्वी0कक्ष/गे0ख0/हैण्ड0परि0/ई-टेण्डर/2026-27, दिनांक 24/02/2026

**ई-टेण्डर की सूचना**

अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय के पत्रांक 5471/अ0आ0वि0/र0वि0व0-01/2026-27, दिनांक 29.12.2025 के द्वारा शासनादेश संख्या- 380/29-5-2025 (E.2000859) दिनांक 24.12.2025 के द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अयोध्या सम्भाग में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत समस्त एजेन्सी के अन्तर्गत अनुमोदित गेहूं क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु रबी विपणन वर्ष 2026-27 हेतु निर्गत भारत सरकार की कॉस्टशीट में अंकित दर के सापेक्ष अयोध्या सम्भाग के कुल 26 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर ई-टेण्डरिंग के माध्यम से, नियमानुसार अर्ह ठेकेदारों से दिनांक 03.03.2026 के अपरान्ह् 12.00 बजे तक निविदाए आमंत्रित की गयी है। कार्य का विवरण, टेण्डर की शर्ते, निविदा प्रपत्र आदि वेबसाइट https://etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

(श्री कृष्ण)
संभागीय खाद्य नियन्त्रक,
अयोध्या संभाग, अयोध्या।


# क्रय केंद्र पर तौल नहीं एक माह से पड़ा है धान

तारुन, अयोध्या।

**अमृत विचार :** विकासखंड अंतर्गत लालगंज बाजार में स्थित मुख्य धान क्रय केंद्र पर किसानों की दुश्वारियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सराय शेख निवासी शरद कुमार सिंह को 9 जनवरी को धान की तौल करने का समय दिया गया था। क्रय केंद्र पर धान लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी हुए एक माह से अधिक का समय बीत गया, अभी तौल नहीं हो सकी है। यही हाल बेलगरा निवासी रामनिवास वर्मा का भी है।

किसान राम सहाय यादव बेलगरा, श्यामपती, शिव कुमार पिछौरा व प्रदीप वर्मा नारायनपुर आदि का आरोप है कि तारुन विपणन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता के चलते आवंटित तिथि बीत जाने के बाद भी धान की तौल नहीं हुई है। सेंटर पर मौजूद



धान क्रय केंद्र पर महीनों से लदकर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली पर धान तौल का इंतजार करते किसान।

सहायक विपणन निरीक्षक मधुर मिश्रा ने बताया कि कितनी तौल हुई हमें इसकी जानकारी नहीं है। मेरे द्वारा अधिकारियों के निर्देशों का पालन कराया जा रहा है। विपणन निरीक्षक स्वाति वर्मा के कार्यालय में ताला लटक रहा था। इस संबंध में जानकारी करनी चाहा तो फोन रिसीव नहीं हुआ। खाद्य विपणन अधिकारी धनंजय सिंह ने बताया कि अभी मीटिंग में व्यस्त हूं।

## टीईटी वापस नहीं हुआ तो होंगे गंभीर परिणाम : नीलमणि

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने चेतावनी दी है कि यदि टीईटी वापस नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम होगें। जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि टीईटी कदापि स्वीकार नहीं है। उन्होंने बताया कि 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय पर धरना- प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश के मान्यता प्राप्त संगठन टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले धरना देंगे। जिसमें जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्य शिक्षक प्रतिभा करेंगे। धरने के बाद पैदल मार्च करते हुए तिकोनिया पार्क वाया रोडवेज बस अड्डा होते हुए डीएम कार्यालय पर पहुंचकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपेंगे। जिला मंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह ने बताया कि आंदोलन सफल बनाने के लिए सभी ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री एवं संघर्ष समिति को जिम्मेदारी सौंप गई है। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार भारती ने शिक्षकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय में उपस्थित होकर धरने को सफल बनाएं।


## कार्यालय नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच

संख्या : 264/न0प0रि0/2025 दिनांक :- 24.02.2026

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

एतत् द्वारा अर्ह ठेकेदार/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत रिसिया जनपद महराइच में जनहित व निकायहित में निम्न कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 25.02.2026 से दिनांक 06.03.2026 तक अपरान्ह 02 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 06.03.2026 को सायं 04 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। इच्छुक अर्ह ठेकेदार/फर्म निविदा में सील बन्द लिफाफे के साथ उक्त समय के भीतर प्रतिभाग कर सकते हैं। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। बिना कारण बताये किसी भी निविदा/समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 | कार्य का विवरण | निविदा धनराशि | निविदा मूल्य मय जी0एस0टी | जमानत धनराशि 10 प्रतिशत | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत रिसिया के वार्ड देवीपुरा में प्राथमिक विद्यालय प्रथम के सामने तालाब में मिट्टी पटाई का कार्य। | 382606 | 496 | 38680 | 01 माह |
| 2 | नगर पंचायत रिसिया के ग्राम चफरिया में एम0आर0एफ0 सेन्टर के सामने भूमि पर मिट्टी पटाई का कार्य। | 484020 | 627 | 48402 | 01 माह |

नियम व शर्ते :-

1. निविदादाता द्वारा प्रत्येक कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत राशि एवं निविदा मूल्य को कार्यवार अलग अलग डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ.डी.आर के माध्यम से निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
2. निविदा दाता को जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र चरित्र प्रमाण पत्र (जो निर्धारित समयावधि के अन्दर) एवं निर्माण कार्यो हेतु कियी भी विभाग में फर्म के पंजीकरण होने का प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र तथा 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित शपथ पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
3. ठेकेदार/फर्म का जी.एस.टी. एवं श्रम विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
4. प्राप्त न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त न्यूतम निविदादाता को अनुबन्ध से पूर्व नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच में पंजीकरण कराना होगा। तदोपरान्त नियमानुसार कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
5. प्रत्येक कार्य हेतु कम से कम तीन-तीन निविदायें समस्त औपचारिकतायें सहित प्राप्त होने पर ही न्यूनतम निविदा की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।
6. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
7. निविदा की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत रिसिया के निर्माण अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
8. प्राप्त किसी भी ई-निविदा को अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी ठेकेदार/फर्म द्वारा कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. निविदा मूल्य नान रिफण्डेबल होगा।
10. समस्त कार्य हेतु स्वीकृत आगणन के अनुसार ही स्थल पर मानक के अनुरूप परक कार्य निविदादाता को कराना होगा।
11. स्वीकृति कार्यो को अनुमोदित आगणन की धनराशि पर ही पूर्ण कराना होगा।
12. न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त निर्गत कार्यादेश के अनुसार स्थल पर निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर न्यूनतम निविदादाता को पूर्ण कराना होगा।
13. उपरोक्त समस्त शर्तो का पालन ठेकेदार/फर्म को करना होगा अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रिसिया
बहराइच

अध्यक्ष
नगर पंचायत रिसिया
बहराइच


# राजकीय सम्मान के साथ दी गई शहीद को अंतिम विदाई

पटरंगा, अयोध्या।

**अमृत विचार :** रुदौली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा हंसराज पुर गांव निवासी शहीद जवान देवेश सिंह का पार्थिव शरीर सोमवार देर शाम को पैतृक गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। राजकीय सम्मान के साथ मंगलवार को सेना के अधिकारियों, राज्य मंत्री और रुदौली विधायक की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। सेना के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पूरा क्षेत्र शहीद जवान देवेश सिंह अमर रहे के जय घोष से गूंजता रहा।



देवेश सिंह
शहीद जवान
(फाइल फोटो)





शहीद जवान को श्रद्धांजलि देते राज्य मंत्री सतीश शर्मा और रुदौली विधायक रामचंद्र यादव एवं शहीद देवेश सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर देते सेना के जवान।

ड्यूटी के दौरान एक हादसे में थाना बाबा बाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हंसराज पुर पूरे विशेन निवासी जवान देवेश सिंह (27) वर्ष पुत्र रमेश सिंह शहीद हो गए थे। वह आठ वर्षों से भारतीय सेना में सेवाएं दे रहे थे। उनके पिता रमेश सिंह ने बताया कि बचपन से ही उनमें देश सेवा का जज्बा था। ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह गब्बर के अनुसार देवेश तीन बहनों में इकलौते भाई थे। दो बहनों की शादी हो चुकी है, जबकि छोटी बहन अभी पढ़ाई कर रही है। पिता खेती-किसानी करते हैं और माता गृहिणी हैं। बताया किअप्रैल में छुट्टी आने पर उनकी शादी की तारीख तय होनी थी, लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया। खाद्य एवं रसद विभाग के मंत्री सतीश शर्मा, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी ग्रामीण बलवंत सिंह चौधरी, रुदौली उप जिला अधिकारी संतोष कुमार, रुदौली पुलिस क्षेत्र अधिकारी आशीष निगम सहित सेना के अधिकारी एवं भारी संख्या ग्रामीणों ने नम आंखों से शहीद जवान देवेश सिंह को अंतिम विदाई दी।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक, बनेगा शहीद स्मारक : मंत्री

खाद्य एवं रसद विभाग के मंत्री सतीश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री द्वारा शहीद परिजनों को 50 लाख रुपये सहायता राशि, एक को सरकारी नौकरी, गांव में शहीद स्मारक और सड़क बनाने और शहीद ग्राम बनाने की घोषणा की है। राज्य सरकार की ओर से परिवारीजनों को घोषणा पत्र प्रदान किया गया। कहा कि राज्य सरकार दृढ़ता से परिजनों के साथ खड़ी है।

# समर्थ पोर्टल पर होगी अवध विवि के विद्यार्थियों की कुंडली

## डिजिटल लॉकर भी होगा खेवनहार, सात लाख विद्यार्थी प्रति शैक्षणिक सत्र में होते हैं उत्तीर्ण

अयोध्या कार्यालय

- सम्बद्ध 500 से अधिक महाविद्यालयों का अब एक पोर्टल पर होगा पूरा खाका

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अब विद्यार्थियों की पूरी शैक्षिक कुंडली कागजों की फाइलों से निकलकर सुरक्षित डिजिटल दुनिया में संरक्षित हो जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है कि शैक्षिक सत्र 2025-26 से प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं के अंक, परीक्षा परिणाम, क्रेडिट्स और अन्य शैक्षणिक विवरण समर्थ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

यह बदलाव छात्रों के भविष्य के लिए क्रांतिकारी है। पहले विश्वविद्यालय और उसके संबद्ध कॉलेजों में हर साल लगभग सात लाख छात्र-छात्राओं के परिणाम कंप्यूटर सिस्टम से तैयार होते थे। जिसमें कागजी काम, फाइलें और मैनुअल एंट्री का बोझ था। गलतियां होने, दस्तावेज खो जाने या देरी की शिकायतें आम थीं। अब समर्थ पोर्टल की जिम्मेदारी है कि सारा डेटा सुरक्षित, व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से रखा जाए।

इसके साथ ही छात्रों का डेटा एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट एबीसी से भी जुड़ेगा। जो एक राष्ट्रीय स्तर का डिजिटल प्लेटफॉर्म है। जहां छात्र की पूरी अकादमिक प्रगति स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक एक जगह उपलब्ध रहती है। इससे क्रेडिट ट्रांसफर आसान होगा, अगर कोई छात्र विश्वविद्यालय बदलना चाहे या आगे की पढ़ाई के लिए माइग्रेट करे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसके लिए सात जिलों के सम्बद्ध 500 महाविद्यालयों को नोटिस भी जारी कर दी है। यह पहली बार होगा कि डिजिटल लॉकर के साथ सरकार के समर्थ पोर्टल पर विश्वविद्यालय और सम्बद्ध कॉलेजों के विद्यार्थियों का शैक्षणिक ब्योरा एक साथ एक जगह होगा। इसके लिए विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर जाकर कभी भी कहीं से अपने एबीसी पासवर्ड से डिटेल ले सकते हैं और प्रिंट आउट भी निकाल सकते हैं। उन्हें अवध विश्वविद्यालय आने की भी आवश्यकता नहीं होगी।

### एक उन्नत ई - गवर्नेंस प्लेटफार्म है समर्थ पोर्टल

समर्थ पोर्टल भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक उन्नत ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म है। जिसे विशेष रूप से उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों को डिजिटल बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह पोर्टल विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में दाखिले, परीक्षा, कर्मचारी प्रबंधन, वेतन और अन्य सेवाओं को एक ही जगह (यूनिफाइड सिस्टम) लाकर पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाता है।

### छात्र-छात्राओं को होगा फायदा

भविष्य में अंकपत्र, प्रमाणपत्र या कोई भी शैक्षणिक दस्तावेज मांगने पर इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बस पोर्टल पर लॉगिन करके डाउनलोड कर लेंगे। पारदर्शिता बढ़ेगी, फर्जीवाड़े की गुंजाइश कम होगी और समय की बचत होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावना से मेल खाता है।जो डिजिटल इंडिया और छात्र-केंद्रित शिक्षा पर जोर देती है। अयोध्या का यह विश्वविद्यालय अब न केवल सांस्कृतिक धरोहर का केंद्र है, बल्कि तकनीकी शिक्षा का भी उदाहरण बन रहा है।

> समर्थ पोर्टल पर अब सभी शैक्षणिक गतिविधियां अपलोड कीं जा रही हैं। इसी के चलते विद्यार्थियों को सम्पूर्ण डाटा भी इस पर अपलोड होगा। नवीन सत्र से व्यवस्था प्रभावी रूप लेगी। यह डिजी लॉकर से अतिरिक्त सिस्टम होगा। -**विनय कुमार सिंह, कुलसचिव, अवध विश्वविद्यालय।**

# बृहस्पति कुंड का रखरखाव वारालक्ष्मी फाउंडेशन को

अयोध्या कार्यालय


समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ व फाउंडेशन के सीईओ अश्वनी सक्सेना।

**अमृत विचारः** अयोध्याधाम में रामपथ स्थित बृहस्पति कुंड का रखरखाव अब आंध्र प्रदेश से जुड़ी संस्था जीएमआर वारालक्ष्मी फाउंडेशन संभालेगी। इस संबंध में नगर निगम की ओर से अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ वओर फाउंडेशन की ओर से सीईओ अश्वनी सक्सेना ने मंगलवार को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नगर निगम अयोध्या के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि निषादराज चौराहे के निकट रामपथ पर पांच करोड़ पांच लाख रुपये की लागत से बृहस्पति कुंड को पर्यटन विभाग ने सजाया संवारा है। यहां दक्षिण भारत से जुड़े तीन प्रतिष्ठित संतों की मूर्तियां भी लगाई गई है। पर्यटन विभाग ने बृहस्पति कुंड को 11 नवंबर 2025 को नगर निगम को हस्तगत करा दिया है। फाउंडेशन की न्यू उड्डयन भवन टर्मिनल-3 इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट नई दिल्ली स्थित शाखा अगले पांच वर्ष तक के लिए रखरखाव करेगी।

# जांच में हाईरिस्क गर्भ धारण की श्रेणी में मिलीं 10 महिलाएं

बीकापुर, अयोध्या


सीएचसी बीकापुर में लगे स्वास्थ्य शिविर में रजिस्ट्रेशन करातीं गर्भवती महिलाएं।

**अमृत विचार :** बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। शिविर में जांच के दौरान 10 महिलाएं उच्च जोखिमपूर्ण गर्भधारण हाई रिस्क गर्भधारण श्रेणी की मिली। कुल 56 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण किया गया। डॉ. स्नेहा चौधरी से गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान ऐहतियात बरतने और संतुलित खानपान अपनाने की सलाह दी। बताया कि 18 का अल्ट्रासाउंड कराया गया। बीसीपीएम दीपक तिवारी ने बताया कि हीमोग्लोबिन की कमी के चलते पांच गर्भवती महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कर खून की मात्रा बढ़ाने के लिए आयरन सुक्रोज चढ़ाया गया। केला वितरित किया गया। कार्यक्रम में अस्पताल की स्टाफ नर्स अजितेश शुक्ला, प्रिया वर्मा, आभा चौधरी, सिरातुल बानो, संगीता, दीप्ति राजपूत आदि मौजूद रहीं।

# युवा सम्मेलन में मेधावी छात्रों का सम्मान

गोशाईगंज, अयोध्या।


युवा सम्मेलन में गणमान्यों का भी किया गया सम्मान। अमृत विचार

- छत्रपति शिवाजी जयंती सप्ताह में किया गया आयोजन

**अमृत विचारः** छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती सप्ताह के अवसर पर गोशाईगंज क्षेत्र के पार्वती गर्ल्स एजुकेशन इंस्टीट्यूट महाविद्यालय के खेल मैदान राजापुर सरैया में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। संयोजन डॉ. सर्वेश कुमार वर्मा ने किया।

शुभारंभ बच्चों से आरती के साथ हुआ। छात्राओं ने लोकगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि क्षत्रिय सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीएम कटियार और विशिष्ट अतिथियों में शशांक वर्मा, विमल कटियार, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गंगवार, युवा प्रदेश अध्यक्ष रोहित गंगवार, मायाकांत कटियार, समाजसेवी डॉ. मंगला वर्मा,नवरत्न पटेल, अंबेडकरनगर के चेयरमैन चंद्र प्रकाश वर्मा, राकेश गंगवार और केदारनाथ सचान सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने संबोधन में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, उनके शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने विपरीत परिस्थितियों में भी हिंदवी स्वराज की स्थापना कर यह सिद्ध किया कि दृढ़ संकल्प और संगठन से असंभव भी संभव हो सकता है।

# जयसुखपुर गांव में लोगों को नहीं मिला जलनिकासी का सुख

मवई, अयोध्या


मवई के जयसुखपुर में मुख्य मार्ग पर जल भराव व कीचड़।

**अमृत विचार :** विकासखंड मवई अंतर्गत ग्राम पंचायत जयसुखपुर गांव में मुख्य मार्ग पर जलभराव और कीचड़ की समस्या से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है।

भाजपा अल्पसंख्यक मवई मंडल के मंत्री तौहीद अहमद, वलीम व संदीप वर्मा ने बताया कि पांच वर्षों से ग्राम प्रधान व सचिव से सड़क मरम्मत और नाले की सफाई/निर्माण को लेकर शिकायत की जा रही है। इसके बावजूद न तो सड़क का निर्माण कराया गया और न ही नाले की समुचित व्यवस्था की गई। परिणामस्वरूप मार्ग पर स्थायी रूप से जलभराव बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि रमजान का पवित्र महीना चल रहा है और लोगों को नमाज अदा करने के लिए कीचड़युक्त रास्ते से गुजरना पड़ रहा है, जिससे काफी आक्रोश व्याप्त है। खंड विकास अधिकारी भावना यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। निस्तारण के लिए सचिव को मौके पर भेजा जाएगा और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सीएचसी जलालपुर-नगपुर के अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश बने डिप्टी सीएमओ

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी जलालपुर-नगपुर के अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश को पदोन्नत कर जनपद का डिप्टी सीएमओ बनाया गया है। जिससे स्वास्थ्य विभाग और क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर दिखी। डॉ. जयप्रकाश ने बीते लगभग ढाई वर्षों तक सीएचसी जलालपुर-नगपुर में अधीक्षक के रूप में सेवाएं दीं। उनके नेतृत्व में अस्पताल की कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल त्रिपाठी, डॉ. वेद प्रकाश, मनोज कुमार यादव, चंद्रभान यादव, कमलेश यादव और सुनील कुमार सहित अन्य कर्मचारियों और गणमान्य लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. जयप्रकाश ने कहा कि वह नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।


डॉ. जयप्रकाश डिप्टी सीएमओ।

# भारत की अवधारणा सबको साथ लेकर चलना

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।



लोहिया सभागार में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में मौजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य।

**अमृत विचार।** जनपद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य ने नगर के लोहिया सभागार में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी को संबोधित करते हुए भारत की मूल अवधारणा पर गहन प्रकाश डाला। लोहिया सभागार में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत की अवधारणा सबको साथ लेकर चलने की है। यह विचार भारत की सर्वसमावेशी संस्कृति का प्रतिबिंब है, जहां विविधता को भेद नहीं, बल्कि एकता का आधार माना जाता है।

डॉ. मनमोहन वैद्य ने जोर देकर कहा कि भारत पराए को भी अपना मानकर आगे बढ़ता है और समाज को एक परिवार की तरह देखता है। उन्होंने आर्थिक दृष्टिकोण पर भी महत्वपूर्ण टिप्पणी किया। उन्होंने कहा कि खूब कमाओ, वितरण करो और जो बचे उसे समाज को वापस लौटाओ। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि प्राचीन काल में भारत उद्योग प्रधान और व्यापार में अग्रणी था, जबकि आज इसे मुख्य रूप से कृषि प्रधान देश माना जाता है। उन्होंने इस धारणा को चुनौती दी कि भारत केवल कृषि पर निर्भर था, बल्कि यह विश्व व्यापार का केंद्र रहा है। उन्होंने सरकारी सेवा की भावना पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी महामारी में दुनिया के अधिकांश देशों में सरकारी कर्मचारी ही लगे थे, लेकिन भारत में जन सामान्य लोग जन सेवा में लगे थे और जान जोखिम में डालकर भी सेवा करते रहे। यह भारत की सेवा-भावना और समाज-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

उन्होंने भारत की पहचान पर संकट की ओर इशारा करते हुए कहा कि हमारे देश के दो नाम हैं, इंडिया और भारत और हम अभी तक तय नहीं कर पाए कि हम कौन हैं।

# आबादी की जमीन को लेकर रास्ते का विवाद सुलझा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम जीवत खुर्रम अली में आबादी की भूमि पर रास्ते को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद आखिरकार प्रशासनिक हस्तक्षेप और आपसी सहमति से समाप्त हो गया। राजस्व एवं पुलिस टीम की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया, जिसके बाद मौके पर ही आवागमन की व्यवस्था बहाल कर दी गई। बता दें कि ग्राम निवासी अनिल पुत्र मुन्नर जो दिव्यांग हैं, के घर के सामने आबादी से जुड़ा एकमात्र रास्ता था। इसी मार्ग से वह वर्षों से आवागमन करते रहे हैं। कथित रूप से रास्ता बाधित हो जाने के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री स्तर तक शिकायत भी प्रेषित की थी। दूसरे पक्ष का कहना था कि यदि वह अपनी आबादी की भूमि से 8 फुट 3 इंच रास्ता दे रहे हैं तो उनके पीछे रहने वाले पाटीदारों को भी समान रूप से सीधा मार्ग उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इसी मांग को लेकर दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति बनी हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने हस्तक्षेप किया।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय सिपाही सहित तीनों दोषियों को आजीवन कारावास

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में चर्चित मंशाराम हत्याकांड में अदालत ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह सिपाही सहित तीन आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला मंगलवार को एडीजे प्रथम राम विलास सिंह की अदालत ने सुनाया है। बता दें कि इससे पहले न्यायालय ने मुलायम यादव, अजय कुमार यादव और अजय प्रताप सिंह को साजिशन हत्या का दोषी ठहराया था। सजा के ऐलान के दौरान कोर्ट परिसर में भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। मामला 23 मार्च 2016 का है। सुल्तानपुर जनपद के दोस्तपुर क्षेत्र निवासी मंशाराम को होली के दिन बुलाकर महरुआ क्षेत्र के लोकनाथपुर ले जाया गया था। वहां गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद मंशाराम के शव को सुल्तानपुर जनपद के जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के भेवापार गांव के पास एक माइनर में फेंक दिया गया था। मंशाराम की बुआ की तहरीर पर पुलिस ने दो युवकों और तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह सिपाही के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया गया। लंबे समय तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने दोष सिद्ध माना। फैसले के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे।

# सीडीओ ने ब्लॉक कोयलसा का किया निरीक्षण

**आजमगढ़, अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) परीक्षित खटाना ने मंगलवार को विकासखंड कोयलसा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश देते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त मद से प्राप्त धनराशि तथा उसके सापेक्ष किए गए व्यय का विस्तृत विवरण मांगा। उन्होंने लेखा अभिलेखों का अवलोकन कर पारदर्शिता एवं गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति की भी समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी सागर सिंह, वरिष्ठ सहायक राजेश यादव, एडीओ पंचायत मनोज यादव, विनोद वर्मा, सत्येंद्र कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


पत्रावलियों का अवलोकन करते सीडीओ।

# जबरन बैनामा कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र में अपहरण कर जबरन जमीन का बैनामा कराने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पीड़ित को अगवा कर धमकी देकर जमीन कम कीमत पर अपने नाम कराने का आरोप है। थाना कप्तानगंज क्षेत्र के ग्राम लछेहरा पोस्ट मेहमौनी निवासी विष्णु यादव ने बीते 8 फरवरी को थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 19 जनवरी की सुबह जब वह घर से मेहमौनी जा रहे थे, तभी आरोपी जय प्रकाश यादव उर्फ गोलई और गुड्डू यादव ने उन्हें जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने घर ले जाकर एक कमरे में बंद कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने उनका आधार कार्ड लेकर जान से मारने की धमकी दी और करीब 8 बिस्वा जमीन मात्र 2 लाख रुपये में जबरन बैनामा करा लिया। यह रकम उनके एसबीआई खाते में ट्रांसफर की गई और 1 लाख 50 हजार रुपये का फर्जी चेक भी दिया गया। विरोध करने पर पीड़ित व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में थाना कप्तानगंज पर सुसंगत धाराओं में जय प्रकाश यादव उर्फ गोलई और गुड्डू यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मंगलवार को गुड्डू यादव को मेहमौनी भितरी मार्ग स्थित मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य आरोपी की तलाश जारी है। कप्तानगंज थानाध्यक्ष जयप्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गुड्डू यादव का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, गैंग संबंधी धाराएं, आयुध अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट सहित कई मामले पहले से दर्ज हैं।

# सरयू नदी में नहा रहा युवक डूबा

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के हंसवर थाना क्षेत्र के नसीराबाद में 45 वर्षीय युवक सरयू नदी में नहाते समय डूब गया। यह घटना मंगलवार को हुई, जिसके बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। डूबे युवक की पहचान नसीराबाद निवासी प्रचरन के रूप में हुई है। प्रचरन मंगलवार को अपनी बकरियां चराने के लिए गांव के बाहर गए थे। इसी दौरान वह नसीराबाद गांव के पास बह रही सरयू नदी में नहाने के लिए उतरे। तभी अचानक नदी की गहराई में चले गए और डूब गए। जब प्रचरन काफी देर तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान उन्हें नदी में डूबने की जानकारी मिली। सूचना पर आसपास के लोग तुरंत मौके पर जमा हो गए और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही हंसवर थाने की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस टीम और स्थानीय ग्रामीण मिलकर डूबे युवक की खोजबीन कर रहे हैं। थानाध्यक्ष हंसवर ने बताया कि युवक की तलाश जारी है और सभी संभावित प्रयास किए जा रहे हैं ताकि उसे जल्द से जल्द खोजा जा सके।

# बंदियों को मिलें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


बीमार बंदियों से जानकारी लेते सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेश कुमार मौर्य।

- सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेश कुमार मौर्य ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होने प्रभारी जेलर को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सूर्यभान सरोज प्रभारी जेलर, तेजवीर सिंह डिप्टी जेलर, शीतल जैसवाल डिप्टी जेलर, कारागार पीएलवी एवं जिला कारागार के कर्मचारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान सचिव शैलेश कुमार मौर्य ने बंदियों से वार्ता कर भोजन और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही उनके मुकदमों की स्थिति और निशुल्क अधिवक्ताओं द्वारा की जा रही पैरवी के संबंध में जानकारी हासिल किया। बंदियों से टेलीफोन के माध्यम से परिजनों से बातचीत की सुविधा के बारे में भी पूछा गया, जिस पर कई बंदियों ने बताया कि उनकी बात घरवालों से हो रही है। सचिव ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों को समय-समय पर परिजनों से बातचीत की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने तथा अस्वस्थ बंदियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने बताया कि यदि किसी बंदी को निशुल्क विधिक सहायता या अधिवक्ता की आवश्यकता है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र देकर सहायता प्राप्त कर सकता है।

# निजी अस्पताल में महिला की मौत

जिला संववाददाता, अंबेडकरनगर।

- परिजनों ने लगाया लापरवाही बरतने का आरोप
- जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मामले की जांच कर कार्रवाई की किया मांग

**अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र में टांडा मार्ग स्थित उर्मिला मेटरनिटी हॉस्पिटल पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगा है। परिजनों ने अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का दावा किया है। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है, जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार शैवाल ने जांच का आश्वासन दिया है।

मृतक के पुत्र पवन यादव ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि 22 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 3 बजे उनकी 60 वर्षीय माता मुराती देवी को पेट दर्द की शिकायत हुई थी। उन्हें उर्मिला मेटरनिटी हॉस्पिटल ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि मुराती देवी अपने पैरों पर चलकर अस्पताल पहुंची थीं। परिजनों का दावा है कि अस्पताल में डॉक्टर की अनुमति के बिना मेडिकल स्टोर से लगभग 4600 रुपए की दवाएं और इंजेक्शन मंगवाकर मरीज को दिए गए। इसके 40 से 45 मिनट के भीतर ही इलाज और ऑक्सीजन के नाम पर करीब 25 हजार रुपए जमा कराए गए। परिजनों के अनुसार कुछ देर बाद डॉक्टर ने मरीज की हालत गंभीर बताते हुए उन्हें देर से लाने की बात कही। इसके थोड़ी ही देर में महिला की मौत हो गई। आरोप है कि अस्पताल स्टाफ ने इसके बाद परिजनों को एक निजी एंबुलेंस से मरीज को जिला अस्पताल या मेडिकल कॉलेज ले जाने को कहा। परिजन जब मरीज को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, तो वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित परिवार ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार शैवाल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक | एमडीए अभियान को सफल बनाने के लिए तहसील सभागार में बैठक का किया गया आयोजन

# गंभीर बीमारियों की रोकथाम करना एमडीए का लक्ष्य

जलालपुर, अंबेडकरनगर।



जलालपुर तहसील सभागार में बैठक करते उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता।

**अमृत विचार।** मंगलवार को जलालपुर तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता की अध्यक्षता में एमडीए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के अंतर्गत प्रतिरोधी परिवारों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न धर्म गुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोगों की उपस्थिति रही।

बैठक का उद्देश्य एमडीए अभियान के दौरान दवा सेवन से इनकार करने वाले परिवारों को जागरूक और प्रेरित करने की रणनीति तैयार करना था। उप जिलाधिकारी राहुल गुप्ता ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एमडीए अभियान जनस्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका लक्ष्य गंभीर बीमारियों की रोकथाम करना है। उन्होंने सभी से अपील किया है कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने में सहयोग करें। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा उपस्थित धर्म गुरुओं और गणमान्य नागरिकों को अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बताया गया कि दवाएं पूर्णतः सुरक्षित हैं और चिकित्सकीय निगरानी में वितरित की जाती हैं। साथ ही प्रतिरोधी परिवारों से संवाद स्थापित कर उन्हें वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर समझाने और भ्रम दूर करने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

### बैठक में यह भी रहे उपस्थित

बैठक में डॉ. सुल्तान अहमद, मोहम्मद राशिद, जलालपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अनिल त्रिपाठी समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में सभी धर्म गुरुओं और समाज के जिम्मेदार लोगों ने आश्वासन दिया कि वह अपने-अपने समुदाय में जागरूकता फैलाकर एमडीए अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रशासन ने उम्मीद जताई कि सामूहिक प्रयास से प्रतिरोधी परिवारों की संख्या में कमी आएगी और अभियान प्रभावी रूप से संपन्न होगा।

# सब्जी व्यापारी का शव संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के अकबरपुर थाना क्षेत्र में एक सब्जी व्यापारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। यह घटना नवीन मंडी सिझौली शहजादपुर में मंगलवार सुबह सामने आई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अयोध्या जनपद के सुभाष नगर निवासी 45 वर्षीय राजकुमार सोनकर पुत्र हरिलाल के रूप में हुई है। राजकुमार नवीन मंडी में सब्जी का व्यापार करता था। स्थानीय लोगों ने मंगलवार सुबह उसके दुकान के चैनल गेट से उसका शव फंदे से लटका देखा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। व्यापारी राजकुमार सोनकर के कर्ज से परेशान होने के कारण यह कदम उठाने की आशंका जताई जा रही है। उसके पुत्र गोलू ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने कई लोगों से कर्ज लिया हुआ था, जिससे वह काफी परेशान रहते थे। अकबरपुर थानाध्यक्ष ने पुष्टि की है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# अपहरण व दुष्कर्म में 7 साल की कैद

## कोर्ट ने 15 हजार अर्थदंड भी लगाया, धम्मौर थाना क्षेत्र में किशोरी से हुई थी घटना

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** धम्मौर थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 साल पूर्व 14 वर्षीय किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म करने के दोषी छोटू को फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम न्यायाधीश राकेश की अदालत ने मंगलवार को 7 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 15 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने दोषी को पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदण्ड की सम्पूर्ण धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार सिंह व दान बहादुर वर्मा के मुताबिक 15 अगस्त 2011 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बालिका गायब हो गई। दौरान तफ्तीश अपहरण व दुष्कर्म के आरोप में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये सात गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने दोषी को 7 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### अबोध बालिका से दुराचार का आरोपी दोषी करार, कोर्ट आज सुनायेगी सजा

**संवाददाता, सुलतानपुर :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में दो साल पूर्व 5 वर्षीय अबोध बालिका से दुराचार करने के दोषी वीरेन्द्र चौहान पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया जिसे बुधवार को जेल से तलब कर सजा सुनाई जायेगी। विशेष लोक अभियोजक रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक 20 जून 2024 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीडिता की मां ने आरोप लगाया था कि घर में प्लास्टर का कार्य हो रहा था। आरोपी घर में मजदूरी का कार्य कर रहा था। पीड़िता की मां ने अबोध बालिका से पानी की मोटर चलाने के लिए मजदूर से कहने की बात कही। उसी दौरान आरोपी वीरेंद्र चौहान ने पीड़िता के साथ यौन शोषण किया। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गये पांच गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराकर जेल भेज दिया है जिसको बुधवार जेल से तलब कर को सजा सुनाई जायेगी।

### दहेज हत्या के मामले में जेठ की जमानत खारिज

अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम राकेश की अदालत ने दहेज हत्या के गंभीर मामले में आरोपी सुरेश पुत्र मग्धू, निवासी सरायरानी, थाना कादीपुर की जमानत अर्जी खारिज कर दी। करौंदीकला थाना के गौरा टिकरी प्रतापशाह का पुरवा निवासी पंचम ने पुत्री निर्मला की शादी 13 मई 2007 को कादीपुर के सराय रानी गांव निवासी महेश के साथ की थी। आरोप था कि कम दान दहेज को लेकर उनकी पुत्री की ससुराल पक्ष ने हत्या कर दी। आरोपी का नाम कोर्ट के दौरान साक्ष्य में सामने आया जिसे कोर्ट ने विचारण के लिए तलब किया था। अदालत ने कहा कि वादी और साक्षियों के बयानों में दहेज मांग व प्रताड़ना के आरोप स्पष्ट हैं तथा प्रथमदृष्टया साक्ष्य उपलब्ध हैं। इसी आधार पर न्यायालय ने जमानत देने से इंकार करते हुए अर्जी निरस्त कर दी।

### एक्सईएन हत्याकांड में सुनवाई 6 मार्च को

जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के बहुचर्चित मामले में मंगलवार को एडीजे द्वितीय विशेष एससी-एसटी न्यायालय न्यायाधीश राकेश पांडेय की अदालत ने पूर्व कोतवाल अरुण द्विवेदी को गवाही के लिए हाजिर नही हुए। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अब 6 मार्च की तारीख नियत की है। अभियोजन की ओर से पीड़ित पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा के मुताबिक 17 अगस्त 2024 को अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सहायक अभियंता अमित कुमार शाह व आरोपी प्रदीप राम को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

### चिकित्सक हत्याकांड में आज होगी बहस

चर्चित संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में अदालत अब फैसले के बेहद करीब पहुंच गई है। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान बचाव पक्ष ने बहस के लिए समय मांगा, जिसके बाद अभियोजन की ओर से वादिनी निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने अपने तर्क रखे। अभियोजन पक्ष की बहस पूरी न हो पाने के कारण न्यायालय ने शेष बहस के लिए बुधवार की तारीख मुकर्रर की है। गौरतलब है कि 23 सितंबर 2023 को कोतवाली नगर क्षेत्र के नरायनपुर में संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी की हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज मामले में अजय नारायण सिंह और दीपक सिंह के खिलाफ अदालत में विचारण चल रहा है।

### सुनील यादव हत्याकांड में प्रोटेस्ट पर आदेश 7 को

- पूर्व विधायक समेत अन्य को पुलिस ने दी थी क्लीनचिट

**संवाददाता, सुलतानपुर :** सुनील यादव की हत्या के आरोपितों को पुलिस द्वारा दी गई क्लीनचिट पर दाखिल प्रोटेस्ट अर्जी पर सुनवाई के बाद कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने आदेश के लिए सात मार्च की तारीख नियत की है। गौरतलब है कि चांदा थाने के मदारडीह गांव निवासी वादिनी सरिता यादव ने आठ जुलाई को अपने पति सुनील यादव की हत्या के आरोप में पूर्व विधायक संतोष पाण्डेय, उनके साले विवेक कुमार मिश्रा तथा सह आरोपी सुशील निषाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने जांच के बाद आरोपियों को क्लीनचिट देते हुए अपनी रिपोर्ट अदालत में प्रेषित कर दी थी, जिस पर अदालत ने वादिनी को नोटिस जारी कर उनका पक्ष मांगा था।

## न्यूज ब्रीफ

### ओवरटेक के दौरान ट्रक से टकराई कार चार लोग घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के मदनपुर के पास किलोमीटर 164 .4 पर मंगलवार को ओवरटेक कर रही कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। कार आजमगढ़ से लखनऊ की ओर जा रही थी। घायलों की पहचान अशोक कुमार (15), ललिता गुप्ता (50), पवन गुप्ता (52) और सचिन (27) निवासी ग्राम डेरा, अंबाला (पंजाब) के रूप में हुई है। सभी घायलों को सहायक सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद पवन गुप्ता और सचिन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें अंबेडकर नगर रेफर कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है।

### यूपी बोर्डः 179 छात्र रहे अनुपस्थित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षा जिले के 122 केंद्रों पर चल रही है। मंगलवार की सुबह की पाली में हाईस्कूल का कोई प्रश्न पत्र जिले में नहीं था। इंटरमीडिएट के कृषि वनस्पति विज्ञान, कृषि अर्थशास्त्र सप्तम प्रश्न पत्र व शस्य विज्ञान (व्यावसायिक) में कुल 492 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। 26 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। शाम की पाली में इंटरमीडिएट के अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। इसमें कुल 2561 विद्यार्थी शामिल हुए और 143 बच्चों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि जिले में शांति पूर्ण व नकल विहीन परीक्षा संचालित है। अब तक एक भी नकलची नहीं पकड़े गए हैं। सचल दस्ते लगातार छापेमारी कर रहे हैं।

# जिला पंचायत की बैठक में करोड़ों का बजट स्वीकृत

- वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश सिंह के पर्यवेक्षण में जिला पंचायत की सामान्य बैठक आयोजित हुई। बैठक में विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, विधायक सीताराम वर्मा, विधायक राजेश गौतम, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित जिला पंचायत सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में पिछली कार्यवाही की पुष्टि करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट आय 98.74 करोड़ एवं व्यय 89.32 करोड़ तथा वर्ष 2026-27 का मूल बजट आय 62.73 करोड़ व व्यय 54.92 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया। मनरेगा का 29431.94 लाख रुपये का लेबर बजट, वर्ष 2026-27 की करदाता सूची तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित दुकानों व कारखानों के लाइसेंस दरों में संशोधन प्रस्ताव भी सदन द्वारा पारित किया गया। आईजीआरएस व अन्य प्रस्तावों को धन उपलब्धता के आधार पर कार्ययोजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया।

## गांव संवारेंगी स्वयं सहायता समूहों की दीदियां

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की दीदियां अब गांवों के समग्र विकास की कमान संभालेंगी। जिले की 979 ग्राम पंचायतों में संचालित 16 हजार स्वयं सहायता समूहों से 1.60 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। इन्हें संगठित कर ग्राम संगठन (बीओ) और संकुल संघ (सीएलएफ) के माध्यम से पांच साल का विजन दस्तावेज तैयार किया जा रहा है।संकुल संघ की ई सी सदस्यों को चरणबद्ध प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे गांव की जरूरतों के अनुसार वार्षिक कार्ययोजना बना सकें। लक्ष्य है गांव में स्वच्छ पेयजल, सड़क, बिजली, नाली, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संतुलन और महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना।

## 18 वर्ष के हो गए तो मतदाता बनना जरूरी

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जो पात्र नागरिक इस बार मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं कराएंगे, उन्हें भविष्य के पुनरीक्षण अभियानों में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। खासकर वे युवा जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं लेकिन अब तक फॉर्म-6 नहीं भर रहे हैं, उन्हें आगे चलकर परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं। एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ल ने बताया कि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता बनने से न छूटे, इसके लिए बीएलओ के साथ आशा और शिक्षा विभाग के कर्मचारी घर-घर सर्वे कर रहे हैं। गांवों में शिविर लगाकर नोटिसों का निस्तारण किया जा रहा है। बीएलओ फॉर्म-6, 7 और 8 भरवा रहे हैं तथा आवश्यक अभिलेख एकत्र कर ऑनलाइन अपलोड की प्रक्रिया भी समझा रहे हैं। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य है कि हर पात्र का नाम मतदाता सूची में शामिल हो।

# सेहन पर अवैध निर्माण रोकने की गुहार, एसपी को सौंपा पत्र

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** ग्राम बालमपुर (पूरनपुर), थाना कोतवाली देहात निवासी सुनील सोनी ने अपने सेहन पर हो रहे कथित अवैध निर्माण को रुकवाने के लिए पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी सुलतानपुर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित का आरोप है कि उसके दरवाजे के सामने स्थित सेहन, जिसमें सेफ्टी टैंक, बांस की कोठ और हैंडपम्प मौजूद हैं, पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा कब्जे की नीयत से बीती 16 फरवरी को निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। जब उसने आपत्ति की तो विपक्षीगण अमादा-ए-फौजदारी हो गए। मामले की शिकायत थाना कोतवाली देहात में करने के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट में केस दायर किया, जिसकी अगली तिथि 20 मार्च तय है। इसके बाद भी स्थानीय थाना द्वारा निर्माण कार्य न रुकवाए जाने से हताश होकर पीड़ित ने अब पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी से हस्तक्षेप कर अवैध निर्माण रोकवाने और कठोर विधिक कार्रवाई की मांग की है। मामले में जिलाधिकारी ने एसडीएम व सीओ लम्भुआ से शांति व्यवस्था बनाये रखने का आदेश दिया है। थानाध्यक्ष कोतवाली देहात ने बताया मामले की जानकारी है। थाना दिवस पर मामले का निस्तारण किया जायेगा।

# टीईटी के विरोध में आंदोलन का ऐलान

लंभुआ, सुलतानपुर



टीईटी अनिवार्यता के विरोध में प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

- उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लंभुआ इकाई की हुई बैठक

**अमृत विचारः** शिक्षक संगठनों ने टीईटी अनिवार्यता के विरोध में आंदोलन शुरू करने का ऐलान किया है। विभिन्न राज्यों में अलग-अलग नीतियों तथा केंद्र सरकार की ओर से स्पष्ट और सकारात्मक आश्वासन न मिलने से शिक्षकों में आक्रोश और चिंता व्याप्त है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की लंभुआ ब्लॉक इकाई की बैठक जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष केदारनाथ दुबे, मंत्री कृष्ण कुमार चौरसिया, उपाध्यक्ष योगेश पांडेय, तहसील प्रभारी चंद्रशेखर पांडेय सहित कई शिक्षकों ने विचार रखे और आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मनोज कुमार द्विवेदी, संतोष सिंह, सुशांत मिश्रा, शशि प्रकाश शुक्ला, उत्कर्ष द्विवेदी, आशीष कुमार यादव, पूर्णेंदु पांडेय, देवेंद्र कविराज, संदीप गोस्वामी, विजय श्रीवास्तव, बृजेंद्र प्रताप पांडेय, चंद्रभूषण मिश्रा, रामलाल यादव, काशीराम यादव, सूरज कुमार अग्रहरि, संतोष कुमार पांडेय, शिवम मिश्रा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## थाने से सौ मीटर दूर चाय पान की दुकान में चोरी

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** कोतवाली देहात क्षेत्र में सुलतानपुर-वाराणसी फोरलेन पर मुरारपुर मोड़ के पास स्थित चाय-पान की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने करीब 40 हजार रुपये का सामान पार कर दिया। घटना देहात थाने से लगभग सौ मीटर की दूरी पर हुई। हनुमानगंज बाजार निवासी बहरैची जायसवाल पिछले एक वर्ष से फोरलेन हाइवे किनारे लोहे की गुमटी में चाय-पान की दुकान चलाते हैं। सोमवार शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। मंगलवार सुबह लौटने पर दुकान का ताला टूटा मिला। अंदर देखा तो सिगरेट, गुटखा, गैस सिलेंडर सहित करीब 30 हजार रुपये का सामान और लगभग 3 हजार रुपये नकद गायब थे। चोर दुकान में रखे चिप्स के पैकेट भी बोरी में भरकर उठा ले गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पोस्टर प्रतियोगिता में आजाद ग्रुप प्रथम

गोसाईगंज, सुलतानपुर




स्वयंसेवकों ने किया महिला सशक्तिकरण को लेकर जागरूक। ● अमृत विचार

- सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन योग सत्र से हुई शुरुआत

**अमृत विचारः** हौशिला प्रसाद सिंह स्मारक महिला पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना एवं योग सत्र से हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक अवधेंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस दौरान ग्राम प्रधान राधेश्याम वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू सिंह तथा साधना वर्मा सहित शिक्षक व छात्राएं मौजूद रहीं।

शिविर के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं को गोसाईगंज थाना भ्रमण पर भेजा गया, जहां थाना प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह व महिला प्रभारी प्रियंका पटेल ने महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़ी जानकारी दी। छात्राओं को 1090, 1091, 112, 102, 108, 14490, 1073 व 181 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। मध्यान्ह भोजन की जिम्मेदारी रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप को सौंपी गई। भोजन उपरांत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में आजाद ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. रूपम सिंह, फरजाना बानो, विभा सिंह, गोरखनाथ यादव, अशोक कुमार यादव, सतेंद्र प्रताप सिंह, रामबहार गौतम सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन झूमे श्रोता

विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पूरे भीखादास तिवारी, देहली बाजार में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। प्रयागराज से पधारे कथा व्यास स्वामी वासुदेव महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा व्यास ने बताया कि किस प्रकार रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण को मन ही मन अपना पति स्वीकार किया और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद श्रीकृष्ण ने उनका हरण कर विधिवत विवाह किया। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा के दौरान भक्ति गीतों और संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर रहा। कार्यक्रम में मुख्य यजमान श्यामसुंदर तिवारी एवं सोना देवी ने व्यासपीठ की विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती उतारी और कथा व्यास का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा में राकेश कुमार तिवारी, पवन, राजकुमार, राजेश, कुलभद्र सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर व्यवस्था सुव्यवस्थित रही और श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से कथा श्रवण किया।



कथा सुनाते व्यास स्वामी वासुदेव जी महाराज।

- देहली बाजार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा पंडाल

समस्या | किसानों को उठाना पड़ रहा भारी आर्थिक नुकसान, सुनने वाला कोई नहीं

# फसलें बर्बाद कर रहे जंगली सुअर और नीलगायें

भदैंया, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** विकासखंड भदैंया के दर्जनों गांवों में जंगली सुअर और नीलगाय किसानों के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। इन जंगली जानवरों द्वारा लगातार फसलें नष्ट किए जाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसके कारण कई किसान कुछ फसलों की बुवाई से पीछे हटने को मजबूर हैं। यह समस्या क्षेत्र में कई वर्षों से बनी हुई है।

जंगली जानवर विशेष रूप से गेहूं, सरसों, मटर, चना, आलू और गन्ने की फसलों को चरने के साथ-साथ रौंदकर भी बर्बाद कर देते हैं। विकासखंड के पखरौली, जादीपुर, भुसका, सरैया, कुछमुछ, दहलवा और गोलवारा सहित दर्जनों गांवों में जंगली सूअरों का आतंक बना हुआ है।

पखरौली निवासी मथुरा रावत ने बताया कि उन्होंने लगभग आधे बीघे में मटर की फसल तैयार की थी, लेकिन जंगली सुअरों के झुंड ने आधे से अधिक फसल नष्ट कर दी। वहीं राहुल शर्मा आलू की फसल को बचाने के लिए खेत की मेड़ों पर साड़ियां लगाकर बचाव कर रहे हैं, इसके बावजूद जंगली सुअर कई मेड़ों को नुकसान पहुंचा चुके हैं। कुछमुछ और गोलवारा के संतोष, राघव तथा नीरज मेड़ई ने बताया कि गोमती तट के किनारे जंगल के रास्ते जंगली सुअर खेतों तक पहुंच जाते हैं। इसके चलते कई वर्षों से शकरकंद, आलू, मक्का, चना और मटर जैसी फसलों की बुवाई बंद करनी पड़ रही है।

किसानों का कहना है कि वे फसलों की सुरक्षा के लिए विभिन्न उपाय कर थक चुके हैं, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। वन दरोगा अतुल सिंह ने बताया कि किसानों से शिकायत मिलने पर जानकारी उच्च अधिकारियों तक भेजी जाती है। कुल मिलाकर क्षेत्र के किसान जंगली सुअर, नीलगाय और छुट्टा मवेशियों के आतंक से परेशान हैं और फसलों के नुकसान से आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।



फसल बचाने को किसान कर रहे तरह-तरह के उपाय।

## जिला एथलेटिक एसोसिएशन का जनपदीय ट्रायल संपन्न

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिला एथलेटिक एसोसिएशन की ओर से श्यामनगर खेल प्रांगण में एकदिवसीय जनपदीय एथलेटिक ट्रायल आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी आर.बी. पांडेस ने किया, जबकि विशिष्ट अतिथि जिला ओलंपिक संघ के महासचिव पंकज दुबे ने 800 मीटर बालक वर्ग की दौड़ को स्टार्टिंग देकर प्रतियोगिता का आरंभ कराया। ट्रायल का संयोजन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. बाबादिन चौधरी ने किया। प्रतियोगिता में कुल 26 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 800 मीटर बालक वर्ग में शिवम वर्मा प्रथम व मोहित यादव द्वितीय, जबकि बालिका वर्ग में शगुन प्रथम व पायल मिश्रा द्वितीय स्थान पर रहीं। 3000 मीटर बालक वर्ग में उमेश प्रथम तथा बालिका वर्ग में प्रिया शुक्ला प्रथम व सपना यादव द्वितीय रहीं। गोला फेंक में यश शुक्ला प्रथम तथा 200 मीटर बालक वर्ग में अंश बौद्ध प्रथम व आकाश वर्मा द्वितीय स्थान पर रहे।


# अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम देवेश कुमार गुप्ता है जबकि मुझे दीपू कौशल के नाम से भी जाना व पहचाना जाता है। मेरे दोनों नामों, देवेश कुमार गुप्ता व दीपू कौशल को मान्यता प्रदान की जावे। **देवेश कुमार उर्फ दीपू कौशल पुत्र श्री गोविंद गणेश गंज रूरा कानपुर देहात।**

**सूचना**

उपेन्द्र पुत्र रामनरेश ग्राम भुनिया पुर मौजा लिलुइया तहसील तिर्वा जनपद कन्नौज का निवासी है। मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम बबलू अंकित है जबकि आधार कार्ड संख्या 3821 3806 5260 में मेरा नाम उपेंद्र अंकित हो गया है। उपेंद्र और बबलू दोनों नाम से ही मैं जाना जाता हूं।

**सूचना**

मैने अपना नाम SANAD HUSSAIN FAROOQUI से बदलकर SANAD HUSSAIN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O - MANSOOR UL HASAN R/O-RAJANPUR, KUNDA DIST-PRATAPGARH (U.P)**

**सूचना**

मै दीक्षा इदनानी आयु 46 वर्ष पुत्री हीरा इदनानी निवासी–बी.एन. घई. लेन लालबाग, लखनऊ–226001, मेरे एकसटेल इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर में नाम कुमारी दीक्षा अंकित है जिसे बदल कर मैने अपना नाम दीक्षा इदनानी अंकित कर लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Mohammad Imran से बदलकर Mohd Imran रख लिया है। भविष्य में मुझे Mohd Imran के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Mohd Imran पुत्र Faiyaz Ahmad Khan ग्राम– बीबीपुर पोस्ट–हुनहुना जिला– अयोध्या।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Roshan Jabeen से बदलकर Roshan Jabi रख लिया है। भविष्य में मुझे Roshan Jabi के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Roshan Jabi पत्नी Mohd Imran ग्राम– बीबीपुर पोस्ट–हुनहुना जिला– अयोध्या।**

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHD IZHAR ALI से बदलकर IJAHAR ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-SARTAZ ALI ADD-MAHIPAT MAU, KAKORI, PO- BARAWAN KALA, DIST-LUCKNOW - 226101(U.P)**

**सूचना**

पहले मेरा नाम USMAN था मैं अपना नाम बदलकर USMAN JALIL SHAIK रख लिया हूँ। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **USMAN JALIL SHAIK S/O-JALIL ADD- KUTUBPUR, SULTANPUR DIST - JAUNPUR (U.P.).**

**सूचना**

मैने अपना नाम MAHNOOR KHAN से बदलकर MAHNOOR रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O-IJAHAR ALI ADD-MAHIPAT MAU, KAKORI, PO-BARAWAN KALA, DIST - LUCKNOW-226101 (U.P)**

**सूचना**

पहले मेरा नाम SANJAY LOHIYA था अब मैने अपना नाम बदलकर SANJAY LOHIA रख लिया हूँ अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **SANJAY LOHIA S/O-RAJENDRA LOHIYA ADD-1061 BADHMANDI KHAIRABAD DIST-SULTANPUR(U.P)**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Maisarun Nisa से बदलकर Maishar Jahan रख लिया है। भविष्य में मुझे Maishar Jahan के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Maishar Jahan पत्नी Faiyaz Ahmed Khan ग्राम– बीबीपुर पोस्ट– हुनहुना जिला– अयोध्या**

**सूचना**

पहले मेरा नाम Santosh Kumar था अब मैने बदलकर अपना नाम Santosh रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O Gaya Prasad ,Vill Kamangarh Post Sultanpur Ps Kotwali Dehat Dist Sultanpur 228001**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Zulfekarhader Roinakhusen से बदलकर Sayyed Zulfekar Haider रख लिया है। भविष्य में मुझे Sayyed Zulfekar Haider के नाम से जाना व पहचाना जाए। **Sayyed Zulfekar Haider पुत्र Raunaq Hussain Rizvi निवासी 546/782 Rizvi Cottage Sarfarazganj Rouze Wali gali Balaganj Chowk Lucknow- 226003**

**सूचना**

भारतीय स्टेट बैंक शाखा निजामाबाद में मेरा बचत खाता संख्या 35215168337 है, जिसमें मेरा नाम बबीता पत्नी संतोष कुमार एवं जन्मतिथि 01.01.1987 दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बबीता देवी पत्नी संतोष कुमार एवं जन्मतिथि 08.07.1989 दर्ज है। आधार कार्ड में अंकित मेरा नाम और जन्मतिथि ही सर्वमान्य है। **बबीता देवी पत्नी संतोष कुमार ग्राम घूरीपुर पोस्ट व तहसील निजामाबाद जनपद आजमगढ़।**

**सूचना**

मेरा यूपी बोर्ड वर्ष 2018 हाई स्कूल अनुक्रमांक 2388037 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2277156 का अंकपत्र सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **अरविंद कुमार पुत्र भुवन भास्कर ग्राम –अकबरपुर कला मथुरा बाजार जिला बलरामपुर**

**Public Notice**

I, Army No. JC-380241, Rank- Ex Subedar, Name- Vinod Chandra, resident of 1984, Kudwar Road, Karaundia Post, Sultanpur City, Tehsil and District, Sultanpur (Uttar Pradesh), want to change my daughter's name from Bhavya to Bhavya Dubey and her date of birth from 30-12-1999 to 30-12-1998 and daughter Divya name to Divya Dubey and along with this, want to change my son name from RK Dubey to Ratnesh Kumar Dubey in my service record.

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **संजय सिंह कसेरा पिता स्व. राधे सिंह कसेरा, और मेरी पत्नी सुमन सिंह कसेरा, निवासी 486/68 ठठेरी बाजार डालीगंज स्टेशन, डालीगंज –226020** का निवासी पूर्व में संजय सिंह के नाम से जाना जाता था अब वर्तमान समय में मेरे सभी प्रमाण पत्र संजय सिंह कसेरा के नाम से बने है और अब हमें इसी नाम से (संजय सिंह कसेरा) जाने जाना जाएगा। संजय सिंह कसेरा 486/68 ठठेरी बाजार डालीगंज स्टेशन डालीगंज लखनऊ –226020

**सूचना**

मैं RASHMI PANDEY पत्नी श्री ANAND KISHORE PANDEY, निवासी म0नं0–501/124, केसरीपुर, डालीगंज, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर RASHI PANDEY कर लिया है, अतः आज से मुझे RASHI PANDEY के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

# अगले वित्तीय वर्ष में 250 की आबादी वाले मजरों को पक्के मार्ग से जोड़ने का लक्ष्य

**मीडिया कार्यशाला**

- विधायक ने दी विकसित भारत जी राम जी कानून की जानकारी

**गोंडा, अमृत विचार :** विकसित भारत जी राम जी कानून सेवा सुशासन व समृद्धि विषय को लेकर पत्र सूचना शाखा लखनऊ की तरफ से मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में मीडिया कार्यशाला वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, गौरा विधायक प्रभात वर्मा, पीआईबी के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल व वरिष्ठ पत्रकार जानकी शरण द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि विकसित भारत की राम जी कानून के दम पर केंद्र सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में 250 से अधिक आबादी वाले सभी मजरों को पक्की सड़क से जोड़ा जायेगा।

विधायक प्रभात वर्मा ने कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना के माध्यम से सरकार 125 दिन के रोजगार की गारंटी दे रही है। इसका भुगतान भी एक सप्ताह में श्रमिकों को किया जायेगा। अब इस योजना के जरिए प्रधान अपनी योजना खुद बना सकेंगे और 60:40 के अनुपात में सीसी सडक व नाली निर्माण जैसे पक्के काम करा सकेंगे। विधायक ने पीएम मोदी का तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने इस योजना को आगे बढाने का काम किया है।



कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र व गौरा विधायक प्रभात वर्मा। ● अमृत विचार

इस योजना के माध्यम से 2047 तक इस देश को विकसित देश बनाने का संकल्प है। वर्ष 2047 में जब हमारे देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे तो हमारा देश, हमारा गांव विकसित बनेगा। विधायक ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने जिस नींव को रखने का काम किया था पीएम मोदी उसे आगे बढा रहे हैं। सरकार गांव को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम कर रही है। ब्लाकों को टू लेन से जोडने का काम चल रहा है। ढाई सौ की आबादी वाले मजरों को पक्की सड़क से जोड़ने का लक्ष्य है और इस वित्तीय वर्ष में इस लक्ष्य को पूरा करेंगे। विधायक प्रभात वर्मा ने कहा कि बिजली आपूर्ति के मामले में सरकार बेहतर काम कर रही है। हर घर बिजली योजना से गांव गांव तक बिजली पहुंचाने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की स्थिति पहले बहुत खराब थी। पहले डाक्टर नहीं थे। वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कालेज के तहत मेडिकल कालेज बन गया है। जो कमियां है उसे दूर करने का काम सरकार कर रही है। वर्तमान में विधायक निधि व आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज सुलभ हुआ है। जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है उन्हे विधायक निधि या मुख्यमंत्री कोष से सहायता दी जा रही है। श्रमिकों के बच्चों की पढाई के लिए अटल आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। हर ब्लाक में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय बनाया जा रहा है। अभी यह स्कूल पंडरी व बभनजोत में बन रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र ने कहा कि पीएम मोदी ने मन की बात को घर-घर पहुंचाने का काम किया है। बैंक के आंचलिक प्रबंधक संदीप कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार की इस योजना को जन जन तक पहुंचाने में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार जानकी शरण द्विवेदी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना ,अटल पेंशन योजना फसल बीमा योजना व प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी। निदेशक पत्र सूचना कार्यालय दिलीप कुमार शुक्ल ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में डीसी मनरेगा जनार्दन प्रसाद यादव, सूचना अधिकारी अनिल कुमार समेत बड़ी संख्या में जिले के पत्रकार मौजूद रहे।

# अधिवक्ता हत्याकांड का मुख्य आरोपी सगा भाई गिरफ्तार

## आक्रोशित वकीलों ने किया था एसपी कार्यालय का घेराव, दिया था 36 घंटे का अल्टीमेटम

**कार्रवाई**

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** करनैलगंज क्षेत्र के सुदईपुरवा में जमीन विवाद के चलते हुए अधिवक्ता हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को दबोच लिया। इस मामले में तीन आरोपी पहले गिरफ्तार किए जा चुके हैं। घटना से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक का घेराव किया था और मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 36 घंटे का अल्टीमेटम दिया था।

घटना 22 फरवरी की है। सुदईपुरवा दत्तनगर में सगे भाइयों व पट्टीदारों के बीच जमीन कब्जेदारी को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट में हाईकोर्ट के वरिष्ठ सुभाष चंद्र मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मामले में थाना कर्नलगंज पर मृत अधिवक्ता के बेटे की तहरीर पर अरुण मिश्रा समेत चार नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। इस हत्याकांड पर जिले के अधिवक्ताओं ने सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर घटना पर कड़ा विरोध जताया था और एसपी कार्यालय का घेराव कर हत्याकांड के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को 36 घंटे का अल्टीमेटम दिया था। हालांकि पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को सोमवार को ही गिरफ्तार कर लिया था लेकिन घटना का मुख्य आरोपी व मृतक अधिवक्ता का सगा भाई अरुण कुमार मिश्रा फरार बताया जा रहा था। मंगलवार को पुलिस ने अरुण मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय के अनुसार गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप राय, उपनिरीक्षक अश्रय मिश्रा, उपनिरीक्षक सरफराज खान सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।


पुलिस की गिरफ्त में मुख्य आरोपी।

### अधिवक्ता के घर शोक जताने वालों का लगा तांता

**गोंडा, अमृत विचार :** लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज के अंतर्गत कर्नलगंज विधानसभा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा की हत्या को लेकर सोमवार को जनप्रतिनिधियों व समर्थकों ने उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान परिवारजनों से मुलाकात कर दुख की घड़ी में हरसंभव साथ देने का भरोसा दिलाया गया। शोक व्यक्त करने पहुंचे लोगों ने प्रशासन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा समुचित आर्थिक मुआवजा दिए जाने की भी मांग उठाई गई।इस अवसर पर पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शेष चौरसिया सहित मन्नू दुबे, रोहित पांडे, खुशबू तिवारी, अनमोल पांडे, द्वारिका सिंह, विकास लेडवानी, विवेक चौरसिया, राहुल पासवान समेत अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# छात्रों की बाइक की डिक्की तोड़ 18 मोबाइल फोन चोरी

नवाबगंज, गोंडा

- बोर्ड परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था पर इस घटना से उठे सवाल

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर उस समय सवाल खड़े हो गए, जब क्षेत्र के टिकरी में स्थित कन्हैया बख्श सिंह इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र के बाहर खड़ी छात्रों की बाइकों की डिक्कियों से 18 मोबाइल फोन चोरी हो गए। यह क्षेत्र वजीरगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

सोमवार को आयोजित बोर्ड परीक्षा में शामिल होने पहुंचे छात्र अपनी-अपनी बाइकों से केंद्र पर पहुंचे थे। परीक्षा केंद्र के बाहर पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी। छात्रों ने बताया कि परीक्षा नियमों के तहत मोबाइल फोन अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी, इसलिए सभी ने अपने-अपने मोबाइल बाइकों की डिक्की में रख दिए और परीक्षा देने चले गए। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब छात्र बाहर निकले तो कई बाइकों की डिक्कियां खुली मिलीं। जांच करने पर 18 मोबाइल फोन गायब पाए गए। घटना की जानकारी मिलते ही छात्रों और अभिभावकों में आक्रोश फैल गया। मंगलवार को नवाबगंज थाना क्षेत्र के फिदाईपुर निवासी शिवम यादव समेत लगभग एक दर्जन छात्रों ने वजीरगंज थाने पहुंचकर शिकायती पत्र दिया। छात्रों ने आरोप लगाया कि जब पुलिस की मौजूदगी में यह वारदात हुई तो यह ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की लापरवाही को दर्शाता है। वजीरगंज थानाध्यक्ष विपुल पाण्डेय ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और पीड़ित छात्रों को शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# संदीप परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

**गोंडा, अमृत विचार:** संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि स्थानीय थाना क्षेत्र के चिलबिला खत्ती पुर निवासी कुंडराम (48) अचानक जमीन में गिरने पर मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर हत्या के कारण पता चल सकेगा।

# जल सत्याग्रह के बाद टूटी प्रशासन की नींद

**पुल निर्माण का दिलाया भरोसा**

**इटियाथोक, अमृत विचार:** बिसुही पुल के नवनिर्माण को लेकर चल रहे आंदोलन के 18वें दिन जल सत्याग्रह आंदोलन के बाद आखिरकार प्रशासन की नींद टूट गयी। मंगलवार को नायब तहसीलदार आंदोलनकारियों के बीच पहुंचे और पुल के नव निर्माण का आश्वासन दिया। नायब तहसीलदार ने कहा कि पुल निर्माण का काम एक पखवारे के भीतर प्रारंभ हो जायेगा। इस आश्वासन के बाद आंदोलन को दो महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है।



बिसुही पुल के नीचे पानी में बैठकर विरोध प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

बिसुही नदी के जर्जर पुल के स्थान पर नए पुल निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे छात्र पंचायत के सदस्यों आंदोलन के 18 वें दिन जल सत्याग्रह किया। उनके साथ परसपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरुण सिंह, इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि 18वें दिन हजारों की संख्या में लोगों ने जल में खड़े होकर सत्याग्रह किया। उन्होंने कहा कि लगभग दो घंटे तक चले आंदोलन के बाद नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और ज्ञापन प्राप्त कर 10 से 12 दिनों के भीतर निर्माण कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। छात्र नेता अभिषेक तिवारी ने कहा कि आश्वासन के बाद आंदोलन दो महीने के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया। अरुण सिंह, अविनाश सिंह, रंजीत पांडेय, राजेश मौर्य, दिव्यांशु शुक्ला, विशाल सिंह, सूरज दुबे, लवलेश मिश्रा, भगवान चरण ओझा सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# बिसुही पुल के फोर लेन निर्माण की मांग

**गोंडा, अमृत विचार :** बिसुही पुल के नव निर्माण एवं फोरलेन किए जाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस के मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा है। मांग पत्र में कहा गया है कि पुल जर्जर हो चुका है। बढ़ते यातायात के बावजूद इसका फोरलेन निर्माण न होना गंभीर चिंता का विषय है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक प्रेषित करने का आश्वासन भी दिया है। कांग्रेस पदाधिकारी ने जनहित में त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# 19 लाख की बकायेदारी में किसान की बंधक भूमि कुर्क

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार:** कर्ज की बकायेदारी न चुकाने पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की श्रीनगर बाबागंज शाखा ने मंगलवार को एक किसान की बंधक भूमि कुर्क कर ली। शाखा प्रबंधक विक्रांत सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत बिहुरी के मजरा गंगा भौरहा निवासी किसान अंगनू ने बैंक से कृषि ऋण लिया था। समय-समय पर ऋण अदायगी के लिए बैंक की ओर से कई नोटिस जारी किए गए और व्यक्तिगत संपर्क भी किया गया, लेकिन इसके बावजूद किसान पर 19 लाख रुपये से अधिक की राशि बकाया बनी रही। बैंक अधिकारियों के अनुसार लंबी अवधि से भुगतान न होने के कारण नियमानुसार कुर्की की कार्रवाई की गई। मंगलवार को बैंक प्रशासन ने राजस्व व पुलिस की मौजूदगी में किसान की चार गाटा संख्या की खेती योग्य भूमि को कुर्क कर लिया। कुर्की की प्रक्रिया के तहत खेत में लाल झंडी लगाकर कब्जे की सूचना दर्ज की गई।

# आरसीसी सड़क निर्माण की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत कुरासी में ध्रुव अवस्थी के घर से बच्चू लाल के घर तक आरसीसी सड़क निर्माण की मांग तेज हो गई है। प्रधान रामगोपाल अवस्थी ने इस संबंध में सांसद करण भूषण सिंह को पत्र देकर अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मार्ग कच्चा होने के कारण ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात में स्थिति और भी खराब हो जाती है। इस पर सांसद ने शीघ्र ही सड़क निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

# किशोर के लिए फरिश्ता बना रिक्रूट आरक्षी

गोंडा, कार्यालय

- थैलेसीमिया से पीड़ित किशोर के लिए किया रक्तदान

**अमृत विचार :** सेवा, सुरक्षा और सहयोग के स्लोगन को चरितार्थ करते हुए पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। मंगलवार को 15 वर्षीय ऋषि शुक्ला पुत्र जयप्रकाश शुक्ला निवासी ग्राम परसा गोण्डरी, थाना कर्नलगंज, जो थैलेसीमिया जैसी गंभीर अनुवांशिक रक्त बीमारी से पीड़ित है, को तत्काल ए पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। जिला अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक निर्देश जारी किए।चिकित्सकों के अनुसार बालक को नियमित रूप से रक्त चढ़ाया जाना आवश्यक है और वर्तमान स्थिति में तत्काल ए पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी। जनपद पुलिस ने तुरंत रक्तदाताओं की तलाश शुरू की। प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षी आकाश वर्मा एवं मनीष अवस्थी ने स्वेच्छा से रक्तदान की सहमति दी। जिला अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत रिक्रूट आरक्षी आकाश वर्मा ने रक्तदान किया, जिससे बालक को समय पर आवश्यक रक्त उपलब्ध हो सका। एक यूनिट रक्त से आवश्यकता पूरी हो जाने के कारण दूसरे आरक्षी का रक्तदान आवश्यक नहीं रहा। समय रहते रक्त मिलने से बालक का उपचार सुचारु रूप से प्रारंभ हो गया। बालक के परिजनों ने पुलिस एवं विशेष रूप से आकाश वर्मा के प्रति आभार जताया।

**प्रक्रिया** सुपर मार्केट की एक दुकान की 15 लाख से अधिक की लगी बोली

# दस्तावेजों में कमी से 20 दुकानों का आवंटन टला

**गोंडा, अमृत विचार :** गल्ला एवं फल मंडी परिसर में प्रस्तावित दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया तकनीकी खामी के कारण पूरी नहीं हो सकी। बोली में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में व्यापारी मंडी परिसर पहुंचे, लेकिन अभिलेखों की अपूर्णता और दस्तावेजों में त्रुटियां पाए जाने के चलते 21 में से केवल एक दुकान की ही बोली लग सकी।

कुल 21 दुकानों का आवंटन प्रस्तावित था, जिनमें से सब्जी मंडी स्थित सुपर मार्केट की एक दुकान पर ही बोली लग पाई। सुपर मार्केट की दुकान के लिए 15 लाख से अधिक की बोली लगाई गई। अन्य दुकानों की बोली प्रक्रिया अभिलेखों के पूर्ण न होने के कारण बीच में ही रोक दी गई। बोली प्रक्रिया की अध्यक्षता उपनिदेशक प्रशासन, विपणन अयोध्या नरेंद्र सिंह ने की। प्रारंभिक चरण में प्रक्रिया शुरू तो हुई, लेकिन जब दुकानों से संबंधित अभिलेखों की जांच की गई तो कई दस्तावेज अधूरे मिले। स्थिति को देखते हुए उन्होंने पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से शेष दुकानों के आवंटन पर तत्काल रोक लगा दी।अधिकारियों का कहना है कि पुनः तिथि घोषित की जाएगी। उधर, लंबे समय से दुकान आवंटन की प्रतीक्षा कर रहे व्यापारियों ने प्रक्रिया स्थगित होने पर नाराजगी जताई। कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव राजेश यादव ने बताया कि बोली प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन एक ही दुकान की बोली लगाई जा सकी है । कागजी कोरम पूर्ण न होने की वजह से बोली प्रक्रिया रोक दी गई है। जल्द ही नयी तिथि घोषित की जाएगी। सुपर मार्केट की एक दुकान की बोली 15 लाख से अधिक की लगाई गई है जिसका आवंटन किया जा रहा है।


गला एवं फल सब्जी मंडी में बनी दुकानों के आवंटन के दौरान मौजूद अधिकारी।

# मंदबुद्धि किशोरी से दुष्कर्म बच्ची का हुआ जन्म

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मंदबुद्धि नाबालिग किशोरी को डरा धमकाकर एक ज्योतिष काल सेंटर चलाने वाले व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। किशोरी के गर्भवती होने के बाद उसने बच्ची को जन्म दिया। परिजनों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

आरोप है कि आरोपी ने उसे डरा-धमकाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, जिसके कारण वह गर्भवती हो गई। डर की वजह से बालिका ने लंबे समय तक इस घटना की जानकारी परिजनों को नहीं दी। मामला तब सामने आया जब दो दिन पूर्व किशोरी ने घर पर बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई। पीड़िता के पिता का आरोप है कि उनकी 15 वर्षीया पुत्री, बहरी और मानसिक रूप से कमजोर है, को आरोपी ने प्रेमजाल में फंसाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पूछताछ में बालिका ने आरोपी का नाम बताया और कहा कि आरोपी ने उसे धमकी दी थी कि यदि उसने किसी को बताया तो उसके परिजनों को जान से मार दिया जाएगा। परिजनों का कहना है कि आरोपी एक ज्योतिषी कॉल सेंटर का संचालक है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है। पता किया जा रहा है यदि तहरीर आई है तो कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस कार्यकर्ता आज करेंगे प्रदर्शन

**गोंडा, अमृत विचार :** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों को कथित रूप से परेशान किए जाने के विरोध में प्रदेश कांग्रेस ने धरना–प्रदर्शन का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर 25 फरवरी को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रद्युम्न शुक्ला एडवोकेट के तख्ता पर कांग्रेसजन एकत्रित होंगे। इसके पश्चात प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा है कि यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाएगा। शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरेशी ने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से निर्धारित समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### एंटी रोमियो स्क्वॉयड ने महिलाओं को किया जागरूक


महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** एण्टी रोमियो स्क्वायड टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में गांवों, कस्बों और सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया। महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय तथा कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं से उनकी व्यक्तिगत व सामाजिक समस्याओं के बारे में चर्चा की। टीमों ने 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 102 स्वास्थ्य सेवा सहित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी ।

### उन्मुखीकरण बैठक में सामुदायिक भागीदारी पर जोर


बैठक में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** बीईओ चंद्रभूषण पांडेय के नेतृत्व में मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र में परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प एवं शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से स्कूल प्रबंधन कमेटी, एसएमसी के अध्यक्षों व प्रधानाध्यापकों की उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामुदायिक भागीदारी का सामाजिक संदेश दिया गया। प्रशिक्षक देवेंद्र शुक्ल ने एसएमसी गठन प्रक्रिया, विद्यालय प्रबंध समिति के दायित्व, विद्यालय विकास योजना, अभिभावकों एवं समाज की भागीदारी जैसे विषयों पर चर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बैठक में शत–प्रतिशत नामांकन, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, मिड–डे मील की गुणवत्ता तथा आधारशिला मिशन के तहत बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सक्रिय योगदान का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, आशीष सिंह, कृष्ण नारायण तिवारी, श्यामसुंदर पांडेय, रामदीन विश्वकर्मा, पीएन सिंह, गणेश प्रताप सिंह एवं घनश्याम सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम में सुनीं गईं समस्याएं



ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** विकासखंड रुपईडीह के ग्राम पंचायत देवरिया खाम में मंगलवार को ब्लॉक आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसमें सहायक विकास अधिकारी पंचायत गिरजेश पटेल ने कहा कि अभी तक ग्रामीणों को किसी भी सरकारी कार्य के लिए ब्लॉक का चक्कर लगाना पड़ता था। लेकिन अब 'ब्लॉक आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी गांव में उपस्थित हैं। कोई भी कार्य यहां कराया जा सकता है। उन्होंने जन्म–मृत्यु प्रमाण–पत्र, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, किसान सम्मान निधि, पीएम विश्वकर्मा,वृद्धा विधवा व विकलांग पेंशन, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास सहित सरकारी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी दी। अध्यक्षता प्रधान व प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष अमित अवस्थी ने की। इस मौके पर सचिव प्रसून राज, राधे रमण प्रजापति, विंध्यवासिनी, अनिल वर्मा, प्रदीप कुमार, प्रिंस मिश्र, देवेश श्रीवास्तव, राम फेरन यादव, श्वेता, सिद्धनाथ पाल, सत्यनारायण आदि रहे।

### संत गाडगे की मनायी गयी 150वीं जयंती


संत गाडगे की जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** संत गाडगे मानव कल्याण समिति के तत्वावधान में संत गाडगे की 150वीं जयंती मंगलवार को नारायणपुर ईंधा परसीपुरवा में श्रद्धा से मनाई गई। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष राधेश्याम कनौजिया ने की। संचालन जयराम सुमन व बाबूलाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बृजराज श्रीमाली एवं अन्य अतिथियों ने गौतम बुद्ध, डॉ. अंबेडकर तथा संत गाडगे के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि श्रीमाली ने संत गाडगे महाराज को महान कर्मयोगी बताया। विशिष्ट अतिथि बीपी विवेक, घनश्याम मौर्य नंदकिशोर व डॉ. हरिहर प्रसाद ने संत गाडगे के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। जयराम सुमन ने संत गाडगे के 'सादा जीवन, उच्च विचार' के सिद्धांत को अपनाने का आह्वान किया। डॉ. अनिल कुमार ने संत गाडगे के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज को शिक्षित व संगठित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लक्ष्मण प्रसाद, सुभाष चंद्र लहरी, लीलावती, राम शोहरत बौद्ध, रमेश कुमार बौद्ध, रामजस बौद्ध आदि ने विचार रखे।

### खाटू श्याम महोत्सव की तैयारियां तेज

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के रायपुर पंडित पुरवा, नारायनपुर मांझा स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन मेला महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 28 फरवरी को आयोजित होने वाले इस भव्य महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मंदिर परिसर में खाटू श्याम का आकर्षक दरबार सजाया जाएगा। बाबा का भव्य शृगार, छप्पन भोग और पुष्प वर्षा कार्यक्रम श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेगा। साथ ही अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित कर क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की जाएगी। महोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें दूर–दूर से आने वाले श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। शनिवार की रात्रि भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न जनपदों से आए प्रसिद्ध भजन गायक खाटू श्याम के भजनों से भक्तों को भावविभोर करेंगे। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है। क्षेत्र में धार्मिक माहौल के बीच सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

# होली से पूर्व मिलावट पर प्रहार, टीम ने लिये खाद्य पदार्थों के नमूने

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जांच के दौरान संग्रहीत किये सैंपल

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** होली पर्व को देखते हुए जनपद में मिलावटी और असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित टीम ने विभिन्न बाजारों में छापेमारी कर संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे हैं।

23 फरवरी को टीम ने उतरौला क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए रफीनगर स्थित मेसर्स राधेश्याम तिलकराम जनरल मर्चेंट से स्वीट फनल, मेसर्स राजेन्द्र किराना स्टोर से देशी घी तथा गांधी नगर स्थित मेसर्स चौरसिया मिश्रान भंडार से खोया का नमूना लिया। इसके अलावा 24 फरवरी को तुलसीपुर में मेसर्स श्री ट्रेडर्स से किशमिश का नमूना संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को शुद्धता और गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कार्रवाई की जाएगी। अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्र भानु, राम मौर्या और शंकर दयाल तिवारी शामिल रहे। प्रशासन की इस सक्रियता से मिलावटखोरों में हड़कंप है।


एक प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थों का नमूना लेते अधिकारी। ● अमृत विचार

## होली और रमजान की दस्तक से बाजार गुलजार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** होली की आहट के साथ ही शहर के बाजार रंग, अबीर और पकवानों की खुशबू से महकने लगे हैं। इस बार होली और रमजान करीब-करीब पड़ने से बाजारों में रौनक दोगुनी नजर आ रही है। मुख्य बाजार, सराय फाटक और आसपास की दुकानों पर चिप्स, पापड़, कचरी, गुजिया और नमकीन की सजी कतारें ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं।

दुकानदारों का कहना है कि त्योहारों की संयुक्त तैयारियों के चलते खरीदारी में तेजी आई है। गुजिया 20 रुपये प्रति पीस बिक रही है, जबकि मैदा 50 रुपये किलो और सरसों तेल 180 रुपये लीटर तक पहुंच गया है। पापड़ 60 से 100 रुपये किलो, कचरी 100 रुपये किलो और खोआ 320 रुपये किलो के भाव से मिल रहा है। साबूदाना पापड़ 35 रुपये पैकेट और मूंग पापड़ 98 रुपये किलो बिक रहा है।

मेवा की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ी है। काजू 225 रुपये प्रति 250 ग्राम, बादाम 210 रुपये और किशमिश 250 रुपये प्रति 250 ग्राम के भाव से बिक रहे हैं। कपड़ा बाजार और शोरूम में आकर्षक ऑफरों की धूम है। व्यापारियों का कहना है कि महंगाई जरूर है, लेकिन त्योहार का उत्साह उस पर भारी पड़ रहा है। होली में अभी एक सप्ताह से अधिक समय शेष है, ऐसे में आने वाले दिनों में बाजार और भी तेज होने की उम्मीद है।


बाजार में पापड़ और नमकीन की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

## शोध लेखन में दक्षता बढ़ाने को कार्यशाला शुरू


कार्यशाला को संबोधित करते कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह।

**बलरामपुर अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विवि के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की ओर से मंगलवार को शोध लेखन में क्षमता निर्माण, सारांश, अनुसंधान गतिविधियों के लिए लेख और रिपोर्ट विषय पर दो दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र की शुरुआत स्वस्तिवाचन और सरस्वती वंदना से हुई, इसके बाद कुलगीत के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने कहा कि प्रभावी शोध लेखन के लिए सटीक सारांश, सुव्यवस्थित शोध लेख और प्रामाणिक रिपोर्ट लेखन अत्यंत आवश्यक है। एक उत्कृष्ट सारांश कम शब्दों में उद्देश्य, विधि और निष्कर्ष को स्पष्ट करता है, जबकि शोध लेख में शीर्षक, विधि, परिणाम और चर्चा का संतुलित प्रस्तुतिकरण जरूरी है। मुख्य अतिथि इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन बीएचयू वाराणसी के निदेशक प्रो. प्रेम नारायण सिंह ने शोध में कौशल, नैतिकता और अकादमिक प्रामाणिकता के महत्व पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में काशी हिन्दू विवि के प्रो. आरके सिंह ने अकादमिक लेखन शैली पर व्याख्यान दिया। इसके अलावा लखनऊ विवि और कुमाऊं विवि के वक्ताओं ने विचार रखे। संचालन लेफ्टिनेंट (डॉ.) देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया।

## मां पाटेश्वरी विवि में परास्नातक परीक्षाएं शुरू


परास्नातक परीक्षा का निरीक्षण करते कुलपति व अन्य। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विवि में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की परास्नातक (पीजी) प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं का शांतिपूर्ण शुभारंभ हो गया। पहले दिन की परीक्षा विवि के अस्थायी परिसर में कड़ी निगरानी में हुई। विवि प्रशासन ने परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल-विहीन बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व, समाजकार्य, पत्रकारिता एवं जनसंचार, पर्यावरण विज्ञान, एमसीए और एलएलएम सहित विभिन्न रोजगारपरक एवं पारंपरिक पाठ्यक्रमों के कुल 68 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। प्रवेश पत्र और पहचान पत्र अनिवार्य किए गए, जबकि मोबाइल पर प्रतिबंध रहा। कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय पारदर्शी मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों के वास्तविक ज्ञान का निष्पक्ष आकलन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 27 को वृहद रोजगार मेला, 892 पदों पर होगा चयन

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन अधिकारी र द्वारा 27 फरवरी को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला श्री राम तीर्थ चौधरी डिग्री कॉलेज परिसर, इमिलिया बनघुसरा, उतरौला में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। मेले में 10 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी, जिनमें कुल 892 पदों पर भर्ती की जाएगी। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 10 हजार से 35 हजार रुपये तक वेतन तथा नियमानुसार अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल rojgaarsangam .up .gov .in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर साक्षात्कार में प्रतिभाग करें। अभ्यर्थी अपने प्रमाण पत्र, अंकपत्र, आधार कार्ड एवं बायोडाटा साथ लाएं। मेले में भाग लेने हेतु कोई शुल्क देय नहीं है।

# कस्तूरबा राइडर्स सेमीफाइनल में

**बालिका प्रीमियर लीग**

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में बेटियों की खेल प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित 'बालिका प्रीमियर लीग (बीपीएल) 2026' के तहत तहसील उतरौला में एम.वाई. उस्मानिया इंटर कॉलेज परिसर में रोमांचक क्रिकेट मुकाबले खेले गए। जिलाधिकारी के निर्देशन में युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) एवं निजी स्कूलों की 16 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

उतरौला में खेले गए पहले मैच में बेसिक उतरौला और इमैनुएल इलेवन के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें इमैनुएल इलेवन ने जीत दर्ज की। दूसरे मैच में कस्तूरबा राइडर्स ने एचआरए क्वींस को हराया। इसके बाद हुए निर्णायक मुकाबले में इमैनुएल इलेवन और कस्तूरबा राइडर्स आमने-सामने रहीं, जहां कड़े संघर्ष के बाद कस्तूरबा राइडर्स ने शानदार जीत हासिल कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित किया।

उपजिलाधिकारी अभय कुमार सिंह ने विजेता टीम को क्रिकेट किट, मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शक्ति मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व शिक्षक उपस्थित रहे।

तीनों तहसीलों की विजेता टीमों के बीच सेमीफाइनल और मेगा फाइनल मुकाबले 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम, बलरामपुर में खेले जाएंगे।


मैच के दौरान बोलिंग करती खिलाड़ी।

## किशोरी को भगाने के दोषी को 3 वर्ष की कैद

**बलरामपुर अमृत विचार :** तुलसीपुर क्षेत्र में नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार 1 अप्रैल 2018 को पीड़िता के परिजन ने थाना तुलसीपुर में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी पुत्री को राजा बाबूफुसला कर भगा ले गया। विवेचना उपनिरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। एएसजे/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए तीन वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# महिला ने बिजली विभाग के जेई को बीच बाजार में धुना

● पति की नौकरी छूटने से आक्रोशित थी महिला

**बलरामपुर अमृत विचार :** हरैया सतघरवा क्षेत्र स्थित चौधरीडीह ग्राम पंचायत में सोमवार शाम करीब चार बजे बिजली विभाग के अवर अभियंता (जेई) की एक महिला ने बीच बाजार पिटाई कर दी। घटना का वीडियो किसी ने बनाकर वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

बताया जा रहा है कि पिटाई करने वाली महिला सुमन, संविदा लाइनमैन मिश्रीलाल की पत्नी है। आरोप है कि उसके पति को चार माह पूर्व बिना नोटिस के कार्य से हटा दिया गया था, जिसके बाद परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला को सूचना मिली थी कि जेई अजीत कुमार सिंह ग्राम पंचायत सचिवालय में मौजूद हैं। वह पति की पुनर्नियुक्ति की मांग लेकर पहुंची थी, लेकिन बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। घटना के बाद जेई ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, जबकि दूसरी ओर से भी प्रार्थना पत्र दिया गया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव आयोजित


वार्षिकोत्सव में मौजूद मुख्य अतिथि व शिक्षक। ● अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** बीआरसी में वार्षिकोत्सव एवं संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीईओ जिला मुख्यालय आर के सिंह ,विशिष्ट अतिथि बीईओ नूतन जायसवाल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय लेखाकार राजेश कुमार शुक्ला,प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री उमाशंकर सिंह, यूटा के जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह,पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी यशवंत पाण्डेय, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयुक्त महामंत्री आनन्द प्रताप सिंह ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना करके किया ।बच्चों के द्वारा नशा मुक्ति,विद्यालय में उपस्थित मोबाइल के दुष्प्रयोग देशभक्ति गीत अन्य कई मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वरिष्ठ शिक्षक शिव शंकर उपाध्याय और केश कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर यूटा के जिला उपाध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष सत्य व्रत वर्मा,पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ,उपाध्यक्ष विनय सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंत्री मनोज कुमार शुक्ला,कोषाध्यक्ष अनिल मिश्र ,उपाध्यक्ष महेश कुमार शुक्ला,जितेन्द्र पाण्डेय, व्यायाम शिक्षक रामेश्वरम शुक्ला, ए आर पी अश्वनी पाण्डेय ,कमलेंद्र चौबे,बंशीधर उपाध्याय, मुरली दूबे,धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग की वर्षों पुरानी खतौनी की समस्या का समाधान

**जनता दर्शन**

**बलरामपुर अमृत विचार :** जनता दर्शन कार्यक्रम में एक बार फिर त्वरित कार्रवाई का उदाहरण सामने आया। डीएम विपिन कुमार जैन के समक्ष तहसील उतरौला के ग्राम चवई बुजुर्ग निवासी राम लखन ने 16 फरवरी को अपनी वर्षों पुरानी राजस्व समस्या रखी थी। प्रार्थी ने बताया कि उनका नाम खतौनी में दर्ज न होने से उन्हें परेशानी हो रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लिया और उपजिलाधिकारी उतरौला को मौके पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

निर्देशों के अनुपालन में राजस्व टीम द्वारा जांच कर नियमानुसार राम लखन का नाम खतौनी में दर्ज कर दिया गया। समस्या के समाधान के बाद बुजुर्ग ने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

जनता दर्शन के माध्यम से जिला प्रशासन न केवल शिकायतें सुन रहा है, बल्कि समयबद्ध निस्तारण कर आमजन का विश्वास भी मजबूत कर रहा है।

# एकल गायन में लारेब और सौम्य अव्वल

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज में आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह के तीसरे दिन एकल गायन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। एकल गायन में प्रतिभागियों ने सुर, लय और भाव की शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया।

प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन एवं लेफ्टिनेंट (डॉ.) देवेन्द्र कुमार चौहान के संयोजकत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति के सचिव कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय, मुख्य नियंता प्रो. वीणा सिंह तथा सांस्कृतिक निदेशक प्रो. रेखा विश्वकर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। प्रतियोगिता दो चरणों- सेल्फ चॉइस राउंड और चिट राउंड- में हुई। निर्णायकों ने बीएड प्रथम के मो.लारेब एवं एमएससी प्रथम के सौम्य पाण्डेय को संयुक्त प्रथम, बीए प्रथम की मानसी को द्वितीय तथा एमएससी द्वितीय के सौरभ मिश्र को तृतीय स्थान प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद कुमार वाजपेयी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


एकल गायन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ निर्णायक मंडल व शिक्षक। ● अमृत विचार

# छात्राओं ने पेश किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार:** बीआरसी परसपुर परिसर में मंगलवार को निपुण भारत मिशन के अंतर्गत 'हमारा आंगन, हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बीईओ चंद्रभूषण पांडेय के नेतृत्व एवं चेयरमैन वासुदेव सिंह की अध्यक्षता में हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथि चेयरमैन वासुदेव सिंह तथा बीईओ चंद्रभूषण पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया। कंपोजिट विद्यालय पूरे हट्टी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राथमिक विद्यालय त्यौरासी प्रथम की कक्षा एक की छात्रा मिस्बा व शगुन की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। शिक्षा विभाग एवं आंगनबाड़ी की ओर से लगाए गए स्टॉल का भी अतिथियों ने अवलोकन किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता इंद्रप्रताप सिंह, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर तृप्ति पांडेय, प्रियंका, वेदप्रकाश सिंह, धनश्याम सिंह, प्रदीप, अनुज सिंह आदि मौजूद रहे।


स्टॉल का अवलोकन करते नगर पंचायत परसपुर अध्यक्ष वासुदेव सिंह।

## आग से गृहस्थी का सामान राख

**उमरीबेगमगंज, गोंडा, अमृत विचार:** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरी बेगमगंज के मिठूनिया में मंगलवार रात लगी आग ने एक परिवार की गृहस्थी उजाड़ दी। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटें विकराल रूप ले चुकी थीं। आग से करीब छह हजार रुपये नकद, गेहूं-चावल सहित अन्य खाद्यान्न, कपड़े, एक मोटरसाइकिल और एक साइकिल जल गई।पीड़ित परिवार ने बताया कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

# चकबन्दी ग्रामों में लगेगी विशेष ग्राम चौपाल

**बलरामपुर अमृत विचार :** चकबन्दी आयुक्त के निर्देश पर जनपद में चकबन्दी प्रक्रिया के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में विशेष 'ग्राम चौपाल' का आयोजन किया जाएगा। इन चौपालों का उद्देश्य चकबन्दी से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण करना है।

बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न तहसीलों में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में चौपालें आयोजित होंगी। 25 फरवरी को तहसील तुलसीपुर के ग्राम भौरीसाल में एडीएम (वित्त एवं राजस्व)/उपसंचालक चकबन्दी ज्योति राय तथा बन्दोबस्त अधिकारी राकेश कुमार जयन्त की मौजूदगी में चौपाल लगेगी। 26 फरवरी को तहसील उतरौला के ग्राम सुरहियादेवर एवं 27 फरवरी को पूरेपाण्डेयजोत में चकबन्दी अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव किसानों की समस्याएं सुनेंगे।

## गायत्री महायज्ञ में 501 दीपों संग शांति का संकल्प


यज्ञशाला में मौजूद आचार्य व श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** इटियाथोक में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं दीप यज्ञ आयोजित किया गया। गायत्री शक्तिपीठ गोण्डा से पधारे जवाहर लाल मिश्र, नानबाबू पांडेय एवं जगत पाल ने महायज्ञ संपन्न कराया। कार्यक्रम के अंत में 501 दीपों का पूजन कर उपस्थित लोगों ने समाज से बुराइयों को दूर करने तथा नैतिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक विनय कुमार द्विवेदी, विवेक शुक्ल, सरस शुक्ल, ज्ञान चंद्र शुक्ल, सुरेश नारायण पांडेय, मोहन लाल भगत, अखिलेश, शौर्य सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**मोह भंग** — दो काउंसलिंग के बाद सिर्फ 133 छात्र छात्राओं ने लिया एडमीशन

# डायट पर खाली रह गयीं डीएलएड की 67 सीटें

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पर डीएलएड की 67 सीटें खाली रह गयीं। दो काउंसलिंग के बाद 200 सीटों में से सिर्फ 133 सीटों पर ही चयनित अभ्यर्थियों ने प्रवेश लिया। अब रिक्त सीटों की भरपाई के लिए शासन के नए दिशा निर्देशों का इंतजार करना होगा।

डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) के लिए पिछले वर्ष 2025 आवेदन मांगे गए थे। इसके तहत अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। पहले चरण की काउंसलिंग इस वर्ष जनवरी महीने में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी जो 30 जनवरी तक चली। इसके बाद 5 फरवरी से 12 फरवरी तक दूसरे चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की गयी।

इस काउंसलिंग के तहत 23 फरवरी तक चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश लेने की समय सीमा तय की गयी थी जो सोमवार को समाप्त हो गयी। जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार तक सिर्फ 133 छात्र छात्राओं ने प्रवेश लिया है। बाकी की 67 सीटों पर अभ्यर्थी नहीं आए जिससे यह सीटें खाली रह गयीं।

इन रिक्त सीटों के बाबत डायट प्राचार्य राम सागर पति त्रिपाठी का कहना है अब सब कुछ सरकार के दिशा निर्देशों पर निर्भर करेगा। अगर सरकार खुली काउंसलिंग की अनुमति देती है तो इन सीटों का भरा जाना संभव है वरना यह खाली ही रह जायेंगी। हालांकि पिछले वर्ष के दिशा निर्देशों को देखते हुए यह मुश्किल ही लगता है क्योंकि पिछले वर्ष भी ओपन काउंसलिंग नहीं कराया गयी थी जिससे कई सीटे रिक्त रह गयी थीं।

### प्रारंभ हुईं नए सत्र की कक्षाएं

**गोंडा, अमृत विचार :** दूसरी काउंसलिंग की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार से नए सत्र की कक्षाएं प्रारंभ हो गयीं। पहले दिन अभ्यर्थियों को उनके शैक्षिक मॉड्यूल,यूनीफॉर्म व अन्य आवश्यक जानकारी दी गयी और अनुशासन का महत्व समझाया। साथ ही अभ्यर्थियों को बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उनकी शत उपस्थिति अनिवार्य है। 75 फीसदी से कम उपस्थिति रहने पर उन्हे परीक्षा फॉर्म भरने से रोका जा सकता है।

### कम आवेदन और नियमों में सख्ती ने बढ़ाई मुसीबत

**गोंडा, अमृत विचार :** डीएलएड की आवंटित सीटों के सापेक्ष कम आवेदन और नियमों में सख्ती ने भी सीटों के खाली रहने में अहम भूमिका निभाई। इस वर्ष लगभग 2 .39 लाख सीटों के लिए केवल 1 .24 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। कम आवेदन के चलते पहले ही बड़ी संख्या में सीटें खाली रहने की संभावना जताई रही थी। वहीं दूसरी तरफ छोटी मोटी कमी के चलते भी आवेदन स्वीकार नहीं किए गए। इससे प्रवेश के लिए आए कई अभ्यर्थियों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। कई अभ्यर्थियों को तो सिर्फ इसलिए वापस कर दिया गया क्योंकि वह प्रवेश तिथि तक निवास प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा सके। कई अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन की रसीद दिखाना चाहा लेकिन उन्हे गाइडलाइन का हवाला देकर वापस कर दिया गया।

## किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार:** कस्बा कटरा बाजार में मंगलवार को एक 15 वर्षीय किशोरी द्वारा जहरीला पदार्थ खाने का मामला सामने आया है। परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

वार्ड नंबर 11 निवासी सैय्यद अली की पुत्री शहनुमा ने किसी कारणवश जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। डॉ. अरुण कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी को अचेत अवस्था में लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर बनी रहने पर उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## शिक्षकों ने बांह पर काली पट्टी बांध जताया विरोध


बांह पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताते शिक्षक। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता के खिलाफ मंगलवार को भी शिक्षकों का आंदोलन जारी रहा। शिक्षकों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया और इस फैसले को वापस लेने की मांग की। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मीडिया प्रभारी वीरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि टीईटी की अनिवार्य किए जाने के विरोध में शिक्षक एकजुट हैं और इसके वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

न्यूज ब्रीफ

### फंदे से लटकती मिली महिला की लाश

**श्रावस्ती :** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खाले ककरा के मजरा बैजू पुरवा गांव निवासी रोजिया खातून (23) पत्नी रिजवान का शव सोमवार रात घर के बगल में लगे आम के पेड़ के सहारे फांसी के फंदे में लटका मिला। इसकी सूचना मायके पक्ष को दी गई। सूचना पर पहुंचे पिता ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मल्हीपुर थाना क्षेत्र के शिवगढ़ कला गांव निवासी झल्ली ने अपनी पुत्री रोजिया खातून का निकाह तीन वर्ष पूर्व बैजूपुरवा निवासी रिजवान पुत्र ननके के साथ किया था। पिता झल्ली ने ससुरालीजनों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हाईवे पर पलटा गन्ना लदा ट्रक

**इकौना( श्रावस्ती) :** नेशनल हाईवे 730 पर आए दिन गन्ना लदे वाहनों के पलटने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को इकौना क्षेत्र स्थित गन्ना क्रय केंद्र से गन्ना लादकर बलरामपुर शुगर मिल जा रहा ट्रक नवीन माडर्न थाना क्षेत्र के कटरा बाईपास के निकट दूबे दोनक्का के पास नेशनल हाइवे पर पलट गया। गनीमत रही कि कोई राहगीर ट्रक की चपेट में नहीं आया और बड़ा हादसा होते होते टल गया। लेकिन ट्रक पलटने से हाइवे पर घंटों तक आवागमन बंद रहा। जिससे लोगों को समस्या हुई। लोगों का कहना है कि गन्ने से लदे ओवरलोड वाहन हाए दिन पलटते रहते हैं।

### जांच में सही मिले चीनी मिलों के तौल कांटे

**बहराइच ।** जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला ने बताया कि विधिक बांट माप विज्ञान विभाग की मोबाइल टेस्टिंग वैन ने सहायक नियंत्रक अयोध्या/ देवीपाटन मंडल के नेतृत्व में इंण्डियन पोटास लिमिटेड इकाई जरवल रोड तथा पारले चीनी मिल के गेटों पर स्थापित तौल कांटों की जांच की गई। तौल कांटों की जांच में दोनों चीनी मिलों में स्थापित तौल संयंत्र दुरूस्त पाये गये। बताया कि तौल कांटों की जांच हेतु सम्पूर्ण प्रदेश में कुल 03 मोबाइल टेस्टिंग वैन हैं। मोबाइल टेस्टिंग वैन द्वारा 10-10 कुण्टल के मानक बांटों द्वारा तौल कांटों की जांच की जाती है।

### जनगणना के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आज

**बहराइच :** जिला जनगणना अधिकारी व अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि भारत की जनगणना-2027 के प्रारम्भिक तैयारियों के सम्बन्ध में 25 एवं 26 फरवरी को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में दो दिवसीय जनपद एवं चार्ज स्तर के जनगणना पदाधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। जिसमें जनगणना निदेशालय लखनऊ के प्रशिक्षकों द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

### पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य ने दी सहायता

**पयागपुर (बहराइच) :** मंगलवार को कोटबाजार निवासी मृतक पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य जगदेव यादव के परिजनों को पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई, उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल रोहित शुक्ला ने कोट बाजार स्थित कटहरी बाग जाकर मृतक की पत्नी को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष जारी पचास हजार का चेक प्रदान किया गया, ज्ञात हो कि एक माह पूर्व खेत गए जगदेव यादव की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी थी।

# भारत-नेपाल मैत्री का गूंजा सांस्कृतिक स्वर

## सोहनी बलई गांव में हुआ महोत्सव का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** सोहनी बलई गांव का अंबेडकर पार्क प्रांगण मंगलवार को भारत-नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का साक्षी बना, जब संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026 के अंतर्गत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ हुआ। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के संबोधन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने लोगों का दिल जीत लिया।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी अतुल द्विवेदी की उपस्थिति में आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विधायक प्रतिनिधि बलहा आलोक जिन्दल, ब्लॉक प्रमुख (मिहीपुरवा) अभिषेक वर्मा उर्फ सौरव, विभाग सम्पर्क प्रमुख, बहराइच धर्मेन्द्र सिंह, एसएसबी कैप्टन तिलक राज एवं एसएसबी जवानों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख अभिषेक वर्मा ने भारत-नेपाल के ऐतिहासिक एवं पारिवारिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच सदियों पुराना रोटी-बेटी का संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे अनेक पारिवारिक रिश्ते नेपाल से जुड़े हैं और दोनों देशों की संस्कृतियाँ एक-दूसरे में घुली-मिली हैं। उन्होंने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से वह सांस्कृतिक धरोहर पुनः जीवंत हो उठी है, जिसे आधुनिकता की दौड़ में हम कहीं पीछे छोड़ते जा रहे थे। मल्लखंभ सहित विभिन्न प्रस्तुतियों में बच्चों और कलाकारों की प्रतिभा उल्लेखनीय रही। श्री वर्मा ने कहा कि भारत और नेपाल के संबंध सदैव सौहार्दपूर्ण रहे हैं और आगे भी निरंतर सुदृढ़ होते रहेंगे। हम एक-दूसरे की संस्कृति को साझा करते हुए इस मैत्री को और मजबूत बनाएंगे।




करतब दिखाते बच्चे व लोकनृत्य प्रस्तुत करतीं महिला कलाकार। अमृत विचार

सांस्कृतिक संध्या में अनीता मिश्रा एवं अपर्णा तिवारी के लोक गायन ने कार्यक्रम को भक्तिमय बनाया। रवि प्रकाश ने मल्लखंभ लोक विधा की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। शिवराम यादव के बिरहा गायन ने लोक परंपरा की सजीव झलक प्रस्तुत की। राजकुमारी एवं दल द्वारा प्रस्तुत थारू लोक नृत्य ने सीमावर्ती संस्कृति की सुंदर छटा बिखेरी। जसवीर सिंह के सूफी गायन ने आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया। समापन में पंकज कुमार के एकल कत्थक नृत्य ने दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। जबकि छात्र-छात्राओं द्वारा 'सोशल मीडिया' विषय पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक की प्रस्तुति दी गई।

इस दौरान "एक जनपद एक उत्पाद" प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक झांकियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं। विभाग की ओर से आयोजन को सफल बनाने में सूरज गौतम, वैभव विशाल, लकी सोनकर एवं सुशील सहित समस्त कर्मचारीगण का विशेष योगदान रहा।



करतब दिखाते कलाकार। अमृत विचार

# शासन को भेजा गया डबल लेन पीपा पुल का संशोधित प्रस्ताव

संवाददाता, जरवलरोड, (बहराइच)

- पहले भेजे गए प्रस्ताव से 72 लाख कम का है यह एस्टीमेट

**अमृत विचार।** घाघरा नदी पर स्थित संजय सेतु की जर्जर स्थिति को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में प्रस्तावित डबल लेन पीपा पुल का संशोधित प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने पुनः शासन को भेज दिया है। पूर्व में 8.96 करोड़ रुपये की लागत से तैयार प्रस्ताव पर आपत्ति के बाद विभाग ने 72 लाख रुपये की कटौती कर नया प्रस्ताव करीब 8.24 करोड़ रुपये का प्रस्तुत किया है।

एनएचएआई के अवर अभियंता अनंत मौर्य के अनुसार संशोधित एस्टीमेट में लागत घटाए जाने से स्वीकृति की संभावना बढ़ गई है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। विभागीय अनुमान के अनुसार पीपा पुल का निर्माण लगभग एक माह में पूर्ण किया जा सकता है।

गौरतलब है कि संजय सेतु लगभग 1200 मीटर लंबा और करीब 42 वर्ष पुराना है। सेतु के कई जोड़ों में क्षति के कारण मरम्मत कार्य आवश्यक हो गया है। मरम्मत के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए डबल लेन पीपा पुल की योजना बनाई गई है। निर्माण के लिए आवश्यक पीपे प्रयागराज से मंगाए जाएंगे।



संजय सेतु का फाइल फोटो।

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि आवागमन सुचारु रूप से जारी रह सके और किसी भी आकस्मिक स्थिति से बचा जा सके।

### प्रस्ताव के मुख्य बिंदु

- कुल लागत 8.96 करोड़ से घटाकर लगभग 8.24 करोड़ रुपये की गई।
- निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया जाएगा।
- स्वीकृति के बाद लगभग एक माह में निर्माण संभव।
- संजय सेतु 1200 मीटर लंबा और 42 वर्ष पुराना है।
- मरम्मत के दौरान यातायात सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी।

# रुपईडिहा में धड़ल्ले से जारी है अवैध खनन

रुपईडीहा (बहराइच)

**अमृत विचार।** रात में ही नही दिन भर सुबह से रात तक खेत के खेत खोदे जा रहे हैं। जिले में बैठे खनन अधिकारी की या तो जानकारी है या तो उनकी गैर जानकारी में ही यह गोरखधंधा महीनों से ब्लॉक नवाबगंज मे जारी है।

इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट की रोड से सारी रात मिट्टी लदी ट्रॉलियां गुजरती हैं। थाने के सुरक्षा कर्मी देख कर आंखे बंद कर लेते हैं। रुपईडीहा नगर पंचायत के केवलपुर वार्ड के निवासी अमित कुमार वर्मा पुत्र राम स्वरूप वर्मा ने अपने खेत से रात में चोरी से मिट्टी खोदने की शिकायत स्थानीय थाने में दी। कार्यवाही न होने पर प्रार्थना जिलाधिकारी बहराइच को दिया है। प्रार्थना पत्र में उसने लिखा है कि मुझ प्रार्थी, उसके भाई आकाश कुमार व माता मंजू देवी भूमि ग्राम खैरहनिया मे स्थित है। यह मेरी कृषि योग्य भूमि है। यहां मैं रोज नही जा पाता। इसी का फायदा उठाकर राजेश कुमार वर्मा पुत्र मोल्हे राम वर्मा निवासी ग्राम बंजरिया दा. गोपालपुर थाना रुपईडीहा ने गत 13 फरवरी को मेड रोलर व जेसीबी से सारा खेत खोद डाला। खबर मिलते ही हम लोग खेत पर पहुंचे। तब साधु शरन वर्मा निवासी बंजरिया मिट्टी खोदवा कर ट्रॉली मे भर रहे थे। शिकायत पर थाने में बुलाया गया व छोड़ दिया गया।



खेत से मिट्टी ले जाती ट्रैक्टर-ट्रॉली।

# लक्ष्य से कम न हो राजस्व की वसूली

संवाददाता, बहराइच

सख्ती

- राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में एडीएम ने दिए निर्देश

**अमृत विचार।** राजस्व कार्यों एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि लम्बे समय से चल रहे वादों को चिह्नित करें तथा अभियान संचालित कर उन्हें निस्तारित किया जाए। एडीएम ने निर्देश दिया कि विभिन्न न्यायालयों पर प्रचलित सीलिंग से सम्बन्धित वादों में प्रभावी पैरवी कर उन्हें निस्तारित कराया जाए। पेंशनर्स से सम्बन्धित समस्याओं तथा विभागीय कार्यवाही की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि समयबद्धता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि लक्ष्य से कम राजस्व की वसूली नहीं होनी चाहिए।

बैठक में कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की मदवार समीक्षा में पाया गया कि माह जनवरी 2026 अन्तर्गत भू-राजस्व मद के लिए निर्धारित लक्ष्य 18.11 लाख के सापेक्ष 4.81 लाख रू. की वसूली की गयी है जो कि लक्ष्य का 26.56 प्रतिशत है। वाणिज्य कर के लिए निर्धारित लक्ष्य रू. 2020.69 लाख के सापेक्ष 1209.58 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 59.86 प्रतिशत, स्टाम्प तथा निबन्धन मद में लक्ष्य रू. 2016.00 लाख के सापेक्ष 1811.67 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 89.86 प्रतिशत, आबकारी मद में लक्ष्य रू. 5241.00 लाख के सापेक्ष 3970.98 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 75.77 प्रतिशत, बैंक देय मद में लक्ष्य रू. 458.65 लाख के सापेक्ष 399.95 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 87.20 प्रतिशत तथा विद्युत मद में लक्ष्य रू. 3670.00 लाख के सापेक्ष 5585.00 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 152.18 प्रतिशत है।

इसी प्रकार परिवहन मद में लक्ष्य रू. 821.23 लाख के सापेक्ष 723.91 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 88.15 प्रतिशत, वानिकी मद में लक्ष्य रू. 179.35 लाख के सापेक्ष 82.80 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 46.17 प्रतिशत, अलौह खनन मद में लक्ष्य रू. 185.00 लाख के सापेक्ष 52.16 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 28.19 प्रतिशत, मण्डी समिति मद में लक्ष्य रू. 230.57 लाख के सापेक्ष 245.44 लाख की वसूली हुई। एडीएम कुमार ने कर करेत्तर से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी स्तर पर प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने ली पद की शपथ



शपथ लेते बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी गण व मौजूद अतिथि।

**कैसरगंज ( बहराइच ) ।** कैसरगंज बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को तहसील सभागार कैसरगंज मे सम्पन्न हुआ ।समारोह की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र ने तथा संचालन राशिद अता एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप से पूर्व कैबिनेट मन्त्री मुकुट बिहारी वर्मा व राज्य विधिक परिषद प्रयागराज के सह अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह व ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन मौजूद रहे ।सबसे पहले नवनिर्वाचित दोनो अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह विसेन व ज्ञान बाबू वर्मा को पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्र एडवोकेट ने शपथ दिलाई। इस पश्चात अध्यक्ष श्री विसेन ने नवनिर्वाचित महामंत्री वीरेंद्र पाण्डे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव,उपाध्यक्ष मध्यम मोहम्मद सलमान,कनिष्ठ उपाध्यक्ष शाहिद रजा, उमाशंकर यादव, कोषाध्यक्ष फतेह बहादुर श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री प्रथम अंकित कुमार चौधरी, संयुक्त मंत्री/पुस्तकालय अध्यक्ष संजय कुमार, संयुक्त मंत्री/ऑडिटर अनिल कुमार शुक्ला को व वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के लिए जियाउद्दीन कादरी, मनोज कुमार यादव, हरकेश सिंह, नकछेद प्रसाद यादव, दिनेश कुमार सिंह, शकील अहमद,व कनिष्ठ सदस्य के लिए राम लौटन, मोहम्मद कदीम, बिपिन चंद्र यादव, प्रदीप कुमार वर्मा, अरविंद कुमार एवं लालचंद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई ।मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ता समाज और न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। बार की एकजुटता और अनुशासन से ही वादकारियों को त्वरित और निष्पक्ष न्याय मिल सकता है। राज्य विधिक परिषद सह-अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी केवल मुकदमों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में विधिक जागरूकता फैलाना भी उनका दायित्व है। कार्यक्रम मे तहसीलदार मीना गोंड, अधिवक्ता राजेश श्रीवास्तव, भगौती प्रसाद राव, गजेन्द्र सिंह,विजय प्रताप सिंह,नीरज श्रीवास्तव, विश्वपाल सिंह, हिमांशु सिंह,रीतेंद्र विक्रम सिंह, राम समुझ यादव रहे।

### चेकिंग अभियान में 86 बाइकों का चालान

रुपईडीहा, बहराइच। सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा में यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में विशेष यातायात चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की सघन जांच की। चेकिंग के दौरान जिन वाहन चालकों के पास आवश्यक कागजात नहीं मिले या बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए गए, उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान किया गया। थाना क्षेत्र की सभी प्रमुख चौकियों पर एक साथ अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत कुल 86 मोटरसाइकिलों का चालान किया गया। वहीं, चेकिंग के दौरान 5 ई-रिक्शा चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस व अन्य जरूरी कागजात नहीं मिलने पर उनके वाहन सीज कर दिए गए।

### एसएसबी ने विद्यालय में बांटी खेल सामग्री

**जमुनहा( श्रावस्ती ), अमृत विचार।** सशस्त्र सीमा बल 42वीं वाहिनी बहराइच के उप कमांडेंट रमन लाल के नेतृत्व में सीमा क्षेत्र के विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मंगलवार को खेल सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बार्डर क्षेत्र कोदिया समवाय ए कंपनी के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय डिलवा रामपुर में किया गया। कोदिया समवाय ए कम्पनी सहायक कमांडेंट प्रशांत भारद्वाज सहित एसएसबी के जवान मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं को क्रिकेट किट सहित विभिन्न खेल सामग्री प्रदान की गई। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ अनुशासन और टीम भावना भी सिखाते हैं। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष कुमार सिंह सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### सीमेंट की दुकान से दिन में ही चार लाख की चोरी

**इकौना( श्रावस्ती ), अमृत विचार।** बिल्डिंग मेटिरियल की दुकान से चोरों ने दिन में ही चार लाख रुपये पार कर दिए। घटना के दौरान दुकानदार खाना खाने घर गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इकौना के बेचूबाबा मोहल्ला निवासी अभिषेक शुक्ला पुत्र बाबूराम शुक्ला की इकौना बाईपास स्थित इंडियन बैंक के बगल में सरिया, सीमेंट, गिट्टी मोरंग आदि की दुकान संचालित है। सोमवार को वह महाजन को देने के लिए चार लाख रुपये एक झोले में रखकर दुकान के काउंटर में रखा था। दोपहर में अभिषेक दुकान खुला छोड़कर घर पर खाना खाने चला गया। इस दौरान चोर ने दुकान के काउंटर से रुपये से भरा झोला लेकर फरार हो गया। अभिषेक जब खाना खाकर वापस दुकान पहुंचे तो काउंटर से रुपये से भरा झोला गायब था। इस दौरन उसने आस पास के लोगों से पूंछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने इकौना थाने में पहुंचकर चोरी की तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी व कस्बा प्रभारी विनोद यादव ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी के फुटेज निकालकर जांच पड़ताल की। जिसमें कुछ संदिग्ध व्यक्ति दिखे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# समन्वय के साथ अपेक्षित तैयारियां करें

संवाददाता, श्रावस्ती

- जनगणना की तैयारियों को लेकर डीएम ने बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिले में आगामी जनगणना की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रमुख जनगणना अधिकारी/डीएम अश्विनी कुमार पांडेय ने की। कलेक्ट्रेट सभागार में हुई इस बैठक में विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जनगणना की समयावधि, चार्ज निर्धारण, पदानुक्रम, मेट्रिक्स, स्व-गणना प्रक्रिया, गतिविधियों की निगरानी, प्रगणक व सुपरवाइजर सहित अन्य कार्मिकों की भूमिका और प्रशिक्षण कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके लिए दो मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार, सहायक अभियन्ता बाढ खण्ड व सर्वेश कुमार, अनुदेशक आईटीआई भिनगा को नियुक्त किया। दोनों मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण नौ से 12 मार्च तक मुख्यालय स्तर पर लखनऊ में है। बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपेक्षित तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करें। यह जनगणना पहली बार पूरी तरह से डिजिटल मोड में आयोजित की जाएगी, जिसमें नागरिकों के लिए स्व-गणना का भी प्रावधान होगा। इससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनेगी। आगामी जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना 22 मई से 20 जून तक होगी। द्वितीय चरण में जनसंख्या और जातिगणना नौ से 28 फरवरी 2027 तक होगी। इसके बाद एक से पांच मार्च, 2027 तक पुनरीक्षण राउंड चलाया जाएगा।



जनगणना की तैयारी बैठक करते डीएम।

बैठक में सीडीओ शाहिद अहमद, एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम संजय कुमार, प्रवीण यादव, एसके राय, पीयूष जायसवाल, आशीष भारद्वाज, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार यादव सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पांच हजार रुपये रिश्वत लेते धरा गया कृषि विभाग का बाबू

संवादादात, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** श्रावस्ती में एंटी करप्शन टीम को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी। टीम ने कृषि विभाग के बाबू को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। टीम की ओर से रिश्वत के रुपये जब्त कर आरोपी बाबू को लिखा पढ़ी के बाद भिनगा कोतवाली पुलिस को सुपुर्द कर दिया है।

जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में कनिष्क सहायक पद पर तैनात सुनील कुमार मौर्य को मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन गोण्डा इकाई की टीम ने 5000 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बाबू विकास भवन परिसर में स्थित चाय कैन्टीन की दुकान के पास रिश्वत ले रहा था। मामले की शिकायत पहले से थी। ऐसे में एंटी करप्शन टीम गोण्डा ने सुनियोजित कार्रवाई करते हुए आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम की ओर से आरोपी बाबू को कोतवाली भिनगा ले जाया गया। जहां लिखा पढ़ी के बाद टीम ने आरोपी बाबू को पुलिस को सुपुर्द कर दिया। बताया जाता है कि आरोपी बाबू वेतन भत्तों का भुगतान कराने के नाम पर पांच हजार रुपये रिश्वत ले रहा था। जिसकी शिकायत की गई थी।



सुनील कुमार मौर्य को ले जाती पुलिस।

आयोजन

वैवाहिक कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दिया वर-वधू को आशीर्वाद

# सामूहिक विवाह समारोह में 763 कन्याओं का हुआ विवाह

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकास खण्ड मिहींपुरवा अन्तर्गत नवीन गल्ला मण्डी परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 763 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में 149 मुस्लिम जोड़े का निकाह हुआ तथा 614 हिंदू जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज के तहत संपन्न कराया गया। वैवाहिक कार्यक्रम में जनपद के समस्त विकासखण्डों व नगरीय निकायों के अंतर्गत जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

मुख्य अतिथि बलहा विधायक सरोज सोनकर, पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोड़, ब्लाक प्रमुख मिहींपुरवा अभिषेक वर्मा उर्फ सौरव, नवाबगंज के जय प्रकाश सिंह, विधायक बलहा के प्रतिनिधि आलोक जिंदल, भाजपा उपाध्यक्ष कृपाराम वर्मा तथा अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात पाण्डाल में मुख्य वेदी पर यजमान के रूप में संयुक्त रूप से कन्या पूजन के साथ वैदिक रीति-रिवाज के साथ कन्यादान किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, एसडीएम राम दयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युम्न सिंह, तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार, बीडीओ मिहींपुरवा विनोद यादव, समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, मोतीपुर थानाध्यक्ष आनन्द चौरसिया, मिहीपुरवा चौकी प्रभारी अशोक सिंह, विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में वर-वधू के रिश्तेदार व ईष्टमित्र मौजूद रहे। विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर ने अन्य अतिथियों के साथ कन्याओं को सामग्री एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया तथा लोक कलाकारों को नकद धनराशि भेंट कर उत्साहवर्द्धन किया।

वैवाहिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक सरोज सोनकर, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड व अन्य वक्ताओं ने सभी मंचासीन अतिथियों, वर-बधु तथा साथ आये अभिभावकों, विभिन्न व्यवस्थाओं में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। वक्ताओं ने कहा कि योजनान्तर्गत प्रति जोड़ा एक लाख रुपये की व्यवस्था की गई है।



नवयुगल को प्रमाणपत्र व उपहार देतीं विधायक सरोज सोनकर। अमृत विचार

### 63 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग की ओर से मंगलवार को कलेक्ट्रेट के तथागत हाल में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 63 युगल जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया। इसकी शुरुआत अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्र, एडीएम अमरेन्द्र कुमार वर्मा, एसडीएम प्रवीण यादव व संजय कुमार तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ अमरनाथ यति ने द्वीप प्रज्वलित कर एवं कलश की पूजा कर किया। इस दौरान मौजूद अधिकारियों व जनप्रतिधियों ने वर-वधुओं को प्रमाण पत्र व उपहार भेंट कर आर्शीवाद दिया। साथ ही आर्शीवाद स्वरूप हस्ताक्षर भी किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार जन जन के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे गरीब असहाय व्यक्ति जो गरीबी के कारण अपनी बेटियों के विवाह करने में सक्षम नही है, आर्थिक बाधा के कारण दिक्कत आ रही थी, ऐसे पात्र गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी सरकार स्वयं के खर्च से कर रही है, जिससे उनके माता-पिता के ऊपर बोझ न पड़ सके है। इस दौरान वरिष्ठ कोषाधिकारी विनीत कुमार, डीडीओ रामसमुझ, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी मो. मुमताज, जिला बचत अधिकारी रामप्रसाद, सदभावना संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्रमणि त्रिपाठी, सभी बीडीओ सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व वर-वधुओं के परिवारीजन मौजूद रहे।



नवदंपति को आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।।



हम वही हैं जो हम अभी सोचते हैं, जो हम अभी करते हैं।
-सम्राट अशोक

## नव निवेश से आशा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे में लगभग 6,650 करोड़ रुपये का निवेश और बीस हजार लोगों के लिए संभावित रोजगार का आश्वासन मिला है, इन आंकड़ों में अभी और बढोतरी संभव है। सिंगापुर के नेतृत्व, निवेशकों और टेमसेक होल्डिंग जैसे संस्थानों से संवाद का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वैश्विक पूंजी के लिए विश्वसनीय गंतव्य के रूप में स्थापित करना है और यह उद्देश्य पूरा होता दिखता है। 2017 के बाद से उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के प्रयास बहुत तेज हुए हैं।

2018 और 2023 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में लाखों करोड़ रुपये के एमओयू साइन हुए। प्रवासी भारतीय सम्मेलनों और रोड शो के जरिए आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा और शहरी अवसंरचना में निवेश आकर्षित हुआ है। नोएडा–ग्रेटर नोएडा डेटा सेंटर हब, झांसी, कानपुर, लखनऊ, अलीगढ़, चित्रकूट को मिलाकर डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और पूर्वांचल–बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे इसके उदाहरण हैं। आधिकारिक दावों के अनुसार, 2023 समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव आए, पिछले वर्षों में प्रतिवर्ष औसतन कई हजार करोड़ का वास्तविक निवेश खासकर एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर और मैन्युफैक्चरिंग में अवश्य आया है, परंतु सचाई है कि निवेश प्रस्ताव और वास्तविक पूंजी प्रवाह में अंतर रहता है। अनुभव यह बताता है कि सभी प्रस्ताव जमीन पर नहीं उतरते। आम तौर पर 30 से 50 प्रतिशत परियोजनाएं ही निर्धारित समय में साकार होती हैं। पिछले दस वर्षों में एक्सप्रेसवे नेटवर्क, एयरपोर्ट विस्तार, डेटा सेंटर निवेश और डिफेंस कॉरिडोर और इससे औद्योगिक आधार बाहरी निवेश के चलते ही मजबूत हुआ है। अपराध-नियंत्रण और कानून-व्यवस्था में सुधार के दावों ने सूबे में निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। आगे यदि सिंगापुर जैसे निवेशक दीर्घकालिक पूंजी लगाते हैं, तो मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू-एडिशन, निर्यात और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। सिंगापुर की ताकत शहरी नियोजन, वित्तीय सेवाओं, पत्तन-अवसंरचना, स्मार्ट सिटी और ग्रीन एनर्जी में है। यदि आवास, मेट्रो, इंडस्ट्रियल पार्क, फिनटेक और सौर-ऊर्जा परियोजनाओं में बेहतर निवेश आया, तो प्रदेश की उत्पादकता और शहरी जीवन-गुणवत्ता दोनों बढ़ेगी। उदाहरण के लिए वेयरहाउसिंग और कोल्ड-चेन में पूंजी आने से कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को बेहतर मूल्य मिल सकता है, तो फिनटेक और एसएमई फंडिंग से सूक्ष्म उद्यमों को गति मिल सकती है। बाहरी निवेश निस्संदेह उद्योगों में वृद्धि करेगा बशर्ते स्थानीय एमएसएमई को आपूर्ति श्रृंखला में विधिवत जोड़ा जाए। बाहरी पूंजी केवल बड़े शहरों तक सीमित रही तो क्षेत्रीय असमानता बढ़ सकती है, इसलिए नीति का फोकस क्लस्टर-आधारित विकास, स्किल अपग्रेडेशन और स्थानीय उद्यमिता पर होना चाहिए। अवसंरचना, आवास, वित्तीय सेवाओं और ग्रीन एनर्जी के अलावा हेल्थटेक, एजुकेशन टेक, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, खाद्य-प्रसंस्करण और रक्षा विनिर्माण जैसे कुछ क्षेत्र भी इससे लाभान्वित हो सकते हैं। सिंगापुर की विशेषज्ञता से शहरी प्रशासन और 'ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस' में सुधार आएगा।

### प्रसंगवश

## हिंदी को तकनीक की भाषा बनाने की जरूरत

हिंदी विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसमें लगभग कुल वक्ता 60 करोड़ से अधिक हैं। विश्व के 150 से अधिक देशों में करोड़ों प्रवासी हिंदी बोलते और लिखते हैं। कई विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। भारत की लगभग 50 प्रतिशत से अधिक आबादी हिंदी को समझती और बोल सकती है, फिर भी ज्ञान-विज्ञान, तकनीकी शिक्षा और उच्च अध्ययन का माध्यम अभी भी मुख्यतः अंग्रेजी है। हिंदी साहित्य, काव्य और आलेखों में तो अद्भुत योगदान हुआ है, किंतु वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में हिंदी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का अभाव बना हुआ है।

हिंदी को तकनीकी और डिजिटल युग के अनुरूप विकसित करना आवश्यक है। स्कूलों-विश्वविद्यालयों में हिंदी माध्यम की शिक्षा को प्रोत्साहन देना और जहां संभव हो, अनिवार्य बनाना चाहिए। सभी राज्यों के नागरिकों को समझाना होगा कि अपनी भाषा का अपमान स्वयं का अपमान है। जब तक हम अंग्रेजी को प्रतिष्ठा का प्रतीक और भारतीय भाषाओं को साधारण मानते रहेंगे, हिंदी का पूर्ण उत्थान संभव नहीं।



अंबिका अंबी
लेखिका

भारत के हर राज्य में अपनी-अपनी स्थानीय भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन हिंदी लगभग हर राज्य में प्रचलित है। यह सरकारी कार्यालयों से लेकर आम लोगों के रोज़मर्रा के संवाद तक का प्रमुख माध्यम बनी हुई है। सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', फणीश्वरनाथ रेणु, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, मुंशी प्रेमचंद, हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह 'दिनकर' और मैथिलीशरण गुप्त जैसे महान साहित्यकारों ने कविता, उपन्यास, नाटक और कहानियों के माध्यम से हिंदी साहित्य को अपार समृद्धि प्रदान की। ब्रिटिश काल में अंग्रेजों के खिलाफ जन-जागरण और क्रांति में हिंदी साहित्यकारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आधुनिक काल में मोहन राकेश, गीत चतुर्वेदी, मृदुला गर्ग, मनु भंडारी आदि ने अपनी सशक्त लेखनी से हिंदी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

संविधान लागू होने के 75 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उच्च शिक्षा, कानून और तकनीकी क्षेत्रों में अंग्रेजी ही प्रमुख माध्यम बनी हुई है। राजनीतिक स्वतंत्रता मिले 78 वर्ष हो चुके हैं, किंतु मानसिक गुलामी आज भी बरकरार है और डिजिटल युग में यह और गहराती जा रही है। आजकल कई शिक्षित माता-पिता हिंदी को हेय दृष्टि से देखते हैं और बच्चों को जन्म से ही अंग्रेजी में बोलना सिखाते हैं। आधुनिक अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में हिंदी बोलना अक्सर प्रतिबंधित-सा लगता है। नौकरी के साक्षात्कारों से लेकर सार्वजनिक बैठकों तक अंग्रेजी बोलने वालों को अधिक सम्मान मिलता है, जबकि हिंदी को कमतर आंका जाता है।

डिजिटल युग में हिंदी का वैश्विक प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। यूट्यूब, सोशल मीडिया, ऐप्स और एआई टूल्स पर हिंदी कंटेंट की भरमार है। हिंदी भारत की राजभाषा होने के साथ-साथ फिजी की भी आधिकारिक भाषा है। भारत के बढ़ते आर्थिक, राजनीतिक और सामरिक प्रभाव से विदेशों में हिंदी सीखने की रुचि बढ़ रही है। विश्व हिंदी सचिवालय (मॉरीशस में स्थापित) हिंदी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने का कार्य कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की पहल जारी है।

देश में हिंदी के प्रति सम्मान, ज्ञान और स्वाभिमान जगाने के लिए देशव्यापी जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता है। हमारा कर्तव्य है, हिंदी को अपनाकर उसकी वास्तविक गरिमा प्रदान करें, क्योंकि हिंदी सिर्फ भाषा नहीं, हमारा स्वाभिमान है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# कट्टरपंथ के खिलाफ नए गठजोड़ से उम्मीदें





दिग्विजय सिंह
कानपुर

भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ इजराइल अब कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष इसका खाका नेतन्याहू रख सकते हैं।

भारत, अरब राष्ट्र, अफ्रीकी देश, ग्रीस, साइप्रस और कुछ एशियाई देशों के साथ अब इजराइल कट्टरपंथ के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़ने जा रहा है। यह इरादा इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जाहिर किया है। उन्होंने इसे हैक्सागन गठबंधन नाम दिया है, हालांकि भारत ने अभी इस गठबंधन में शामिल होने को लेकर अपनी सहमति का इजहार नहीं किया है, लेकिन इजराइल के दौरे पर जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष इसका खाका बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा रखे जाने की उम्मीद है। यह गठबंधन मुस्लिम राष्ट्रों का खलीफा बनने की सोच रहे, तुर्किए और पाकिस्तान के लिए भी बड़ा झटका होगा। जिस तरह बड़े ही आत्मविश्वास के साथ इस गठबंधन का एलान किया गया है, उससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि इसकी खिचड़ी पहले से ही पक रही थी। इसमें जिन देशों को शामिल किया जाना है, उनकी सहमति लेने के बाद ही इजराइली प्रधानमंत्री ने इसका एलान किया है। यह गठबंधन इस्लामिक कट्टरपंथ के बढ़ते खतरों से निपटेगा।

पहलगाम हमले के बाद भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर लांच किया, तो पाकिस्तान का साथ देने वाले देशों में सबसे पहला नाम तुर्किए का था। जब भी तुर्किए में प्राकृतिक आपदा आई भारत ही उसकी मदद को सबसे पहले आगे आया। बावजूद इसके इस्लामिक कट्टरता के कारण ही तुर्किए सारा एहसान भूल गया और पाकिस्तान को उसने ड्रोन की बड़ी खेप भेज दी। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुर्किए के विरोधी राष्ट्र साइप्रस और ग्रीस का न सिर्फ दौरा किया, बल्कि सामरिक सहयोग बढ़ाने का आश्वासन भी इन राष्ट्रों के प्रमुखों को दिया।

तुर्किए वैसे तो आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के दावे करता है, लेकिन जब आतंकी हमले इजराइल और भारत पर होते हैं, तो उसके सुर बदल जाते हैं। फिर वह आतंक के आका राष्ट्रों के साथ खड़ा नजर आता है। ऐसे में इस गठजोड़ से सबसे बड़ा नुकसान तुर्किए को होगा। हेक्सागन में ग्रीस और साइप्रस का शामिल होना ही तुर्किए के लिए बड़ा झटका है। यह गठजोड़ भूमध्य सागर में तुर्किए की दादागिरी पर लगाम लगाने में अहम भूमिका अदा करेगा। तुर्किए कई वर्षों से इस क्षेत्र के समुद्री इलाके में तेल और गैस के भंडार पर कब्जा जमाने का प्रयास कर रहा है। उसकी दादागिरी से ग्रीस और साइप्रस परेशान हैं। ऐसे में इस गठजोड़ में शामिल होकर दोनों ही राष्ट्र उसकी दादागिरी पर लगाम लगाने में कामयाब हो सकते हैं।

लेबनान, ईरान, यमन के आतंकी संगठन हूती से परेशान इजराइल के लिए अब सबसे बड़ा खतरा तुर्किए बनता जा रहा है। सीरिया में तुर्किए और कतर के बढ़े दखल ने इजराइल को परेशान कर दिया है। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री नाफ्ताली बेनेट ने इस गंभीर खतरे की ओर इशारा किया है। उन्होंने इस खतरे से निपटने के लिए गंभीर प्रयास करने के लिए प्रधानमंत्री का आह्वान भी किया है। भारत के साथ ही इजराइल आतंकवाद से पीड़ित है। यमन के आतंकी संगठन हूती, लेबानन के हिजबुल्ला और फिलिस्तीन के हमास से इजराइल लड़ रहा है। अब तुर्किए और कतर के बढ़ते खतरे से उसके हुक्मरानों के माथे पर बल ला दिया है। ऐसे में इजराइल ने नए गठबंधन की नींव रखने का मन बना लिया है।

रूस के बाद इजराइल ही भारत का सबसे भरोसेमंद दोस्त है। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे पर दोनों देशों के बीच कई बड़े रक्षा सौदे होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं इजराइल से जिन हथियारों की खरीद होनी है, उनका उत्पादन भी भारत में ही हो सकता है। साथ ही इजराइल, भारत को इन हथियारों की तकनीक भी देने को तैयार है, जो मजबूत रक्षा, कूटनीतिक और व्यापारिक संबंधों को दर्शाता है। इजराइल दौरे पर ही पीएम मोदी के समक्ष इस नए गठबंधन का प्रारूप प्रस्तुत होना है। प्रधानमंत्री मोदी भी चाहते हैं कि पूरी दुनिया आतंकवाद को एक ही चश्मे से देखे, ताकि आतंकवाद और उसके समर्थक राष्ट्रों को सबक सिखाया जा सके।

इजरायली प्रधानमंत्री की सोच भी पीएम मोदी की सोच से मेल खाती है। उन्होंने कहा है कि इस गठबंधन का मकसद कट्टरपंथ को खत्म करना है। इजराइल, भारत के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग पर भी काम करने को तैयार है। इसके साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर भी इजराइल का साथ मिलने की उम्मीद है। भारत इस गलियारे के जरिए खाड़ी देशों के रास्ते यूरोप से जुड़ने की कोशिश में लगा हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। इससे माल ढुलाई की लागत में कमी आएगी और उसे पहुंचाने में समय भी कम लगेगा।

भारत लंबे अर्से से इस कॉरिडोर को मूर्त रूप देने का प्रयास कर रहा है, लेकिन क्षेत्रीय संघर्ष और तनाव के कारण इसे धरातल पर उतारने में दिक्कत आ रही है। इसमें ग्रीस और साइप्रस शामिल होंगे, तो भारत से यूरोप तक जाने वाला नया व्यापारिक कारिडोर मिलेगा, जो तुर्किए को बाईपास कर देगा। इससे तुर्किए को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा जो उसकी अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चोट होगी। चीन के वन बेल्ट वन रोड को भी यह कॉरिडोर फेल कर देगा।

तमाम विशेषज्ञ इसे नया नाटो मान रहे हैं। ऐसा नाटो जिसके सदस्य देश बिना अमेरिका के ही अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकेंगे। खुद नेतन्याहू कह चुके हैं कि इस गठबंधन से न सिर्फ युद्ध रुकेंगे, बल्कि आने वाला भविष्य सुरक्षित होगा और लोग शांति से रह सकेंगे। भारत भी तो यही चाहता है कि किसी भी समस्या का समाधान दो राष्ट्र आपस में बातचीत के जरिए करें न कि युध के माध्यम से। वैसे तो भारत रक्षा के क्षेत्र में सशक्त है, लेकिन इस गठजोड़ में शामिल होगा तो उसकी सामरिक शक्ति और बढ़ेगी।

### आमने सामने




मेरा पुराना ऑफर आज भी कायम है। 100 विधायक लाओ और मुख्यमंत्री बन जाओ। जो भी 100 विधायक अपने साथ लेकर आएगा, उसे एक सप्ताह के लिए मुख्यमंत्री बना दिया जाएगा।
-अखिलेश यादव
राष्ट्रीय अध्यक्ष
समाजवादी पार्टी

इस तरह के बयान से स्पष्ट है कि सपा अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं है। ऐसी टिप्पणियां उनकी हताशा को दर्शाती हैं। यदि उन्हें अपने समर्थन पर भरोसा होता तो वे स्वयं सरकार बनाने की बात करते।
-पंकज चौधरी
प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी



# भारत में साइंस एक पब्लिक रेसिपी नहीं है



रनबीर सिंह
विज्ञान लेखक

विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर से पढ़ते-पढ़ाते रहते हैं।

साइंटिफिक नॉलेज में जबरदस्त इजाफे के बावजूद, साइंटिफिक नॉलेज में पॉपुलर कम्युनिकेशन में काफी बढ़त के बावजूद भारत में साइंस के पब्लिक डिस्कोर्स को लेकर कोई उत्साह नहीं है। असल में साइंस और आमजन के बीच कोई ख़ास रिश्ता नहीं है, बल्कि यह रिश्ता सिर्फ कंज्यूमर टेक्नोलॉजी के उपयोग तक सिमट गया है, जैसे कि कुछ इंजीनियरिंग डिवाइसेस और गैजेट्स के इस्तेमाल तक यह सीमित है और लोग इनके विकास के इतिहास को जानने में मामूली सी भी रुचि नहीं रखते।

असल में विज्ञान पढ़ाने वाले टीचर्स और स्टूडेंट्स भी विज्ञान के इतिहास को नहीं जानते, बस एक मैकेनिकल एक्सरसाइज के तौर से पढ़ते-पढ़ाते रहते हैं। वे हरेक वस्तु की उत्पत्ति की गहराई में जाने के इच्छुक हैं ही नहीं, सिवाए उन चंद व्यक्तियों के जो रिसर्च करते हैं। रिसर्चर्स में से भी कुछ ही लोग ऐसे हैं, जो अपने विषय के संपूर्ण विकास और इतिहास से वाकफियत रखते हैं और नयी खोज अर्थात डिस्कवरी कर पाते हैं। दुनिया में डिस्कवरी करने वालों की जीवनियों के पढ़ने से ही मालूम होता है कि एक डिस्कवरर का एल्व्युशन कैसे होता है। बाकी को साइंस को सिर्फ रिपीट करने वाले होते हैं।

रोजमर्रा के जीवन से ताल्लुक रखने वाली सोशल मीडिया पोस्ट सिर्फ एक व्यक्तिगत अनुभव होती है और उस पर सार्वजनिक टिप्पणी किसी काम की नहीं होती, क्योंकि हरेक व्यक्ति के अनुभव विशिष्ट और व्यक्तिगत ही होते हैं। जिस व्यक्ति को ब्रह्माण्ड से सम्बंधित खोजों और इनकी वैज्ञानिक प्रस्तुतियों के इतिहास की मामूली सी भी जानकारी नहीं, अर्थात एक आमजन जो मामूली पढ़ा लिखा है और हिंदी के अखबार में इन्हें पढ़े तो उसे क्या समझ में आएगा। ज्यादातर ऐसे लोगों की ही सोशल मीडिया पर भरमार है।

भारत में वर्नाक्युलर में साइंस की प्रस्तुति के ऐसे सर्वे कभी नहीं हुए, जो अनेक व्यक्ति-क्लस्टर्स से बातचीत पर आधारित हों। बस, एक मैकेनिकल एक्सरसाइज की तरह से हम साइंस को आसान बनाकर परोसते रहे हैं। मान लीजिए आमजन में से खुद को साइंस समझने के लिए इवोल्व नहीं करने वालों का हम एक ग्रुप बनाएं और दूसरा ग्रुप वह बनाएं जिसने खुद को एक हद तक इवोल्व किया है, तब दोनों के फीडबैक में अंतर हो सकता है। हिंदी में साइंस न्यूज़ और फीचर्स के प्रति भारत में पाठक संख्या नहीं बढ़ रही है, ऐसा मेरा अनुमान है। बस एक रिचुएल के तौर से हम लिखते हैं और इसी तर्ज़ पर कि कोई तो पढ़ता होगा।

भारत ही क्यों साइंस के गढ़ अमेरिका में भी कमोबेश यही स्थिति है। उधर के मीडिया रिसर्चर्स ने अब आमजन में विज्ञान के प्रति लगाव और पढ़ने की उनकी रुचि के बारे में सर्वे करने बंद कर दिए हैं। सिर्फ मार्केटिंग सर्वे होते हैं, जोकि एक प्रोडक्ट की बिक्री के ट्रेंड को देखने के लिए होते हैं। साइंस न्यूज़ और फीचर भी के प्रोडक्ट हैं, लेकिन इन्हें ऐसा प्रोडक्ट नहीं माना जाता, जिसका लोग रोज़मर्रा के जीवन में इस्तेमाल कर लें। जानकारी ही प्रोडक्ट है, ऐसा 98 प्रतिशत लोग नहीं मानते और विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति अपनी समझ को बढ़ाने में रुचि लेना समय का सदुपयोग भी नहीं मानते। इनका कहना कि ऐसा करके भी 'क्या मिलेगा'? यह बड़ी विचलित करने वाली सोच है।

दुनिया में साइंस कम्युनिकेशन और विज्ञान के दर्शन अर्थात पब्लिक फेस ऑफ़ साइंस पर अनेक मनीषियों ने किताबें और लेख लिखे हैं, लेकिन लगता है वे सिर्फ 'अपना काम' कर रहे हैं और इस काम से आमजन का भी कोई वास्ता नहीं। भारत के अनेक साइंटिस्ट्स ने आमजन और पब्लिक-इंटरफेस पर बहुत कुछ लिखा है और इंडियन साइंस कांग्रेस में कभी-कभी इस पर चर्चा भी हुई है। इंडियन साइंस कांग्रेस की प्रोसीडिंग्स में से अगर सिर्फ प्रेसिडेंशियल भाषणों को ही पढ़ा जाए, तब भी बहुत कुछ इस बारे में समझा जा सकता है। रॉयल सोसाइटी ऑफ़ ब्रिटेन एवं ब्रिटिश एसोसिएशन की वेबसाइट ऐसे लेखों से भरी हुई है, जिन्हें पढ़ कर साइंस के प्रति पब्लिक एटीट्यूड टुवर्ड साइंस को जाना जा सकता है।

साइंस के नॉलेज सिस्टम से वाकफियत करने के लिए हेनरी एवेलिन ब्लिस की सन् 1929 में प्रकाशित पुस्तक 'द आर्गेनाइजेशन ऑफ़ नॉलेज एंड द सिस्टम ऑफ़ द साइंसेज' से शुरुआत करनी चाहिए। तत्पश्चात जेबीएस हाल्डेन को पढ़ना चाहिए। बीच-बीच में भारतीय दर्शन ग्रंथों और इन पर लिखी गई टीकाओं को पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। चूंकि ये सब मूल रूप से संस्कृत भाषा में हैं, इसलिए इनके या तो हिंदी वर्जन, व्याख्या समेत पढ़नी चाहिए या अंग्रेजी भाषा में इनके बारे में लिखी गई वे किताबें पढ़नी चाहिए, जिन्हें अंग्रेज़ स्कॉलर्स ने भारत के हिंदू और मुसलमान पंडितों के योगदान से समझ कर अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## गुलजार करोल बाग में

करोल बाग 1950 के दशक का। एक दुबला-पतला और चश्मा पहनने वाला सिख नौजवान शाम के समय अजमल खान रोड के साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के नामवर लेखकों के साथ आकर बैठता। उनकी सुनता और कभी-कभार किसी मसले पर सार्थक हस्तक्षेप भी करता। उसे साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के लेखक हरनाम सिंह से मिलना होता था। हरनाम सिंह का करोल बाग में पेरिस साड़ीज नाम से एक शो रूम था। वह युवक कभी-कभी हरनाम सिंह के घर भी पहुंच जाता। वह 1950 का दशक समाप्त होने से पहले ही मुंबई चला गया। उसका नाम था संपूर्ण सिंह कालरा। मुंबई जाकर वह सिर्फ गुलजार हो गया। वहां गुलजार ने शायर, गीतकार और फिल्मकार के रूप में श्रेष्ठ और भरपूर काम किया।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

गुलजार करोल बाग में एक कार गैरेज में नौकरी करते थे। वहां दिन-भर काम करना पड़ता। उन्हें लिखना-पढ़ना पसंद था। पर पेट की आग को बुझाने के लिए कुछ काम करते रहना भी जरूरी थी। परिवार की माली हालत इस तरह की थी कि कुछ कमाए बिना जीवन की गाड़ी नहीं चल सकती थी। पंजाबी के वरिष्ठ कवि और खालसा कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. हरमीत सिंह अब राजधानी में उन गिने-चुने लोगों में हैं, जिन्हें याद है जब गुलजार करोल बाग के नाईवाला में रहते थे। एक्टर और अभिनेता सतीश कौशिक भी नाईवाला से थे।

खैर, उस दौर में करोल बाग, हरध्यान सिंह करोड और आर्य समाज रोड में बंटवारे के बाद आए शरणार्थियों के सैकड़ों परिवार रहा करते थे। उनमें से कुछ कवि, चित्रकार, चिंतक भी थे। वे सब साउथ इंडियन रेस्तरां में पंजाबी के सिद्ध कवि और ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता डॉ. हरभजन सिंह की टेबल के आसपास बैठकर तमाम विषयों पर चर्चा करते थे। सब विषय उनके थे। वहां महेंद्र कौर गिल, करतार सिंह दुग्गल, हरनाम सिंह वगैरह भी होते।

साउथ इंडियन रेस्तरां के मालिक सीएस अय्यर की तरफ से लेखकों को छूट रहती कि वे जितनी देर तक चाहें बैठ के गप-शप कर लें। पंजाबी लेखकों की टेबल से कुछ दूर हिंदी के लेखकों की भी अखंड चर्चा चल रही होती। इसमें डॉ. नरेंद्र मोहन, भीष्म साहनी, प्रताप सहगल वगैरह होते। इसमें कभी-कभी निर्मल वर्मा भी शामिल हो जाते। ये सब करोल बाग, पटेल नगर और न्यू राजेंद्र नगर में रहा करते थे। हरनाम सिंह के प्रभाव के चलते गुलजार कविताएं कहने लगे थे। उनके पास शब्दों का भंडार था। उन्हें पंजाबी के साथ-साथ हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी का पर्याप्त ज्ञान था।

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## दोहरे पोषण संकट से गुजर रही है देश की आबादी

भारत का पोषण परिदृश्य तीव्र परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। लंबे समय तक सार्वजनिक नीति का केंद्र भूख, कुपोषण और खाद्य उपलब्धता रहा, परंतु आज देश दोहरे पोषण संकट का सामना कर रहा है। एक ओर बच्चों और महिलाओं में अल्पपोषण, रक्ताल्पता और अवरुद्ध वृद्धि जैसी समस्याएं बनी हुई हैं, तो दूसरी ओर मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी असंचारी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और मानवीय विकास से भी जुड़ी हुई हैं।

इस परिवर्तन के पीछे खाद्य उपभोग की आदतों में आया बदलाव एक महत्वपूर्ण कारण है। पारंपरिक घरेलू भोजन की जगह अब डिब्बाबंद, पैकेटबंद और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ी है। इन उत्पादों में प्रायः शर्करा, नमक और संतृप्त वसा की मात्रा अधिक होती है। आकर्षक विज्ञापन, चमकदार पैकेजिंग और भ्रामक दावे उपभोक्ताओं को यह विश्वास दिलाते हैं कि ये उत्पाद सुरक्षित या स्वास्थ्यवर्धक हैं। परिणामस्वरूप उपभोक्ता वास्तविक पोषण मूल्य को समझे बिना निर्णय ले लेते हैं।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

ऐसे परिवेश में पैकेज के अग्रभाग पर स्पष्ट और सरल लेबलिंग की आवश्यकता उभरकर सामने आती है। पारंपरिक पोषण तालिकाएं प्रायः पैकेट के पीछे छोटे अक्षरों में दी जाती हैं, जिन्हें समझना सामान्य उपभोक्ता के लिए कठिन होता है। इसके विपरीत, पैकेज के सामने बड़े और स्पष्ट संकेत, जैसे- 'उच्च शर्करा', 'उच्च नमक' या 'उच्च वसा' उपभोक्ता को तुरंत सचेत कर सकते हैं। यह व्यवस्था सूचना को जटिलता से निकालकर व्यवहारिक स्तर पर उपलब्ध कराती है।

सूचित विकल्प का अधिकार उपभोक्ता संरक्षण का मूल आधार है, किंतु भोजन के संदर्भ में यह अधिकार केवल बाज़ार संबंधी नहीं, बल्कि जीवन और स्वास्थ्य के अधिकार से जुड़ा हुआ है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद-21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसकी न्यायिक व्याख्या में स्वास्थ्य का अधिकार भी सम्मिलित है। यदि नागरिक को यह जानकारी ही उपलब्ध न हो कि कोई खाद्य पदार्थ उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है या नहीं, तो जीवन के अधिकार की सार्थकता अधूरी रह जाती है। अतः स्पष्ट लेबलिंग स्वास्थ्य के संवैधानिक अधिकार को व्यावहारिक रूप देने का साधन बन सकती है।

बाज़ार व्यवस्था में उत्पादक और उपभोक्ता के बीच सूचना का असंतुलन एक सामान्य स्थिति है। उत्पादक को अपने उत्पाद की संरचना, अवयवों और संभावित प्रभावों की पूरी जानकारी होती है, जबकि उपभोक्ता सीमित जानकारी के आधार पर निर्णय लेता है। पैकेज के अग्रभाग पर लेबलिंग इस असंतुलन को कम करने का प्रयास करती है। जब जानकारी सरल, प्रत्यक्ष और चेतावनी के रूप में दी जाती है, तो उपभोक्ता अधिक सजग होकर चयन करता है।

अंतर्राष्ट्रीय अनुभव इस दृष्टिकोण की प्रभावशीलता को प्रमाणित करते हैं। उदाहरण के लिए, चिली में लागू स्पष्ट चेतावनी लेबलों के बाद उच्च शर्करा और उच्च वसा वाले उत्पादों की खपत में कमी देखी गई। इससे यह सिद्ध होता है कि यदि जानकारी सुलभ और स्पष्ट हो, तो उपभोक्ता व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। निवारक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह व्यवस्था अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। असंचारी बीमारियों के उपचार पर होने वाला व्यय परिवारों और सरकार दोनों के लिए भारी पड़ता है। यदि आहार संबंधी जोखिम कारकों को प्रारंभिक स्तर पर ही नियंत्रित किया जाए, तो दीर्घकाल में रोग-भार कम किया जा सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।




भजन क्लबिंग या भजन जामिंग मेट्रो सिटी और सोसाइटी कल्चर से शुरू हुआ एक ऐसा नया सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ट्रेंड है, जो अब छोटे शहरों का रुख कर रहा है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता और पुणे जैसे शहरों से निकली 'स्पिरिचुअल पार्टी' की इस विधा में पारंपरिक भजनों को इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक, हाईटेक लाइट्स और क्लब के माहौल के साथ मिलाकर किसी नई दुनिया जैसा संसार सजाया जाता है। यह फ्यूजन जेन-जी युवाओं के बीच काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ऐसे आयोजनों में किसी नाइट क्लब या रॉक कॉन्सर्ट जैसे माहौल में भजनों, भक्ति गीतों और मंत्रों पर नशा-मुक्त वातावरण में लोग अपनी ही मस्ती में झूमते और नाचते हैं। इस तरह भजन क्लबिंग का आयोजन भक्ति संगीत, ध्यान और सामूहिक ऊर्जा का एक ऐसा अनोखा मेल जाता है, जिसमें लोगों को सकारात्मकता के साथ शांतिपूर्ण आत्मिक अनुभव मिलता है।

*-मनोज त्रिपाठी, कानपुर*

# भजन क्लबिंग

## परंपरा और संस्कृति का नया मिश्रण

### आधुनिक तकनीक के साथ संगीत व प्रस्तुति का नया अंदाज

आध्यामिकता और आधुनिकता का संगम किस तरह मौजूदा माहौल में खासकर युवाओं के बीच अपनी जगह बना सकता है, इसे भजन क्लबिंग या जामिंग ने साबित कर दिखाया है। बड़े शहरों के रूफटॉप कैफे, लाउंज, हॉल, रिजॉर्ट या आर्ट स्टूडियो जैसे स्थानों पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों को किसी एक दिन, स्थान या व्यक्ति द्वारा शुरू नहीं किया गया, बल्कि यह भक्ति संगीत संध्या जैसे कार्यक्रमों के लगातार बदलते स्वरूप को नया विजन मिलने जैसा है। आप इसे पारंपरिक कीर्तन का आधुनिक स्वरूप मान सकते हैं, जिसने पहले कीर्तन और देवी जागरण जैसे कार्यक्रमों में आधुनिक तकनीक, थीम आधारित सजावट और लोक संस्कृति के साथ रचनात्मकता का नया रंग भरा, फिर युवाओं की कल्पना पाकर संगीत और प्रस्तुति का नया अंदाज भर दिया। यही वजह है कि आज जेन-जी भजन क्लबिंग को न सिर्फ धर्म और आध्यात्मिकता से सराबोर समाज और संस्कृति को जोड़ने वाले आयोजन मानता है, बल्कि यह भी कहता है कि ऐसे आयोजन पीढ़ियों का अंतर मिटाने के साथ माता-पिता और बच्चों के बीच संबंधों को भी मजबूत बना रहे हैं। इस प्रकार यह भक्ति को एक नए और ऊर्जावान अंदाज में अनुभव करने वाले युवाओं के लिए नया सांस्कृतिक ट्रेंड है, जो पार्टी के वातावरण को भक्ति और अध्यात्म से जोड़ देता है।

### रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ जेन-जी की कल्पना का इस्तेमाल

वास्तव में भजन क्लबिंग न तो पारंपरिक भजन संध्या है और न इसे नाइट क्लब जैसा समझा जा सकता है, लेकिन यह इन दोनों के बीच का ऐसा संगम जरूर है, जिसने युवाओं के लिए मौज-मस्ती के साथ सकारात्मक ऊर्जा का मार्ग खोल दिया है। यह ट्रेंड भारतीय युवाओं की धीरे-धीरे बदल रही प्राथमिकताओं का नतीजा है। एक ऐसी पीढ़ी जो अपनी सांस्कृतिक पहचान पर गर्व तो करना चाहती है, लेकिन पुरानी मान्यताओं और वर्जनाओं में बंधकर नहीं। ऐसे में भजन क्लबिंग में भजनों को रॉक या बॉलीवुड बीट्स के साथ प्रस्तुत किए जाने और लाइव बैंड, डीजे तथा डिस्को लाइट्स के इस्तेमाल से एक ऐसा वातावरण सृजित हो जाता है, जो उन्हें परंपरा और आधुनिकता से जोड़ देता है।

### लेजर लाइट्स और बड़े डांस फ्लोर पर झूमना

भजन क्लबिंग में प्राचीन श्लोकों और भजनों को हाई-एनर्जी बीट्स, इलेक्ट्रिक गिटार, ड्रम और आधुनिक साउंड सिस्टम के साथ बजाया जाता है। माहौल में लेजर लाइट्स, स्मोक मशीन और बड़े डांस फ्लोर होते हैं। यहां युवा नाचते हैं और झूमते हैं। जमीन पर बैठकर या खड़े होकर आनंद में डूबकर तालियां बजाते हैं और सामूहिक कीर्तन करते हैं। उनकी जुबान पर हरे कृष्णा या शिव स्तुति जैसे बोल होते हैं। पारंपरिक क्लबों के विपरीत, यहां शराब या किसी अन्य प्रकार के नशे का सेवन नहीं होता है। लोग गर्व से चाय-कॉफी या छाछ पीते हैं और संगीत की ऊर्जा से खुद को 'हाई' महसूस करते हैं।

### पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप मन को कर देता शांत

जेन-जी को पारंपरिक धार्मिक आयोजन अक्सर काफी सख्त और कभी-कभी बोरिंग कार्यक्रम जैसे लगते हैं, ऐसे में भजन क्लबिंग के जरिए जब धर्म और भक्ति को लाइटिंग, डीजे मिक्स और वाइब्रेंट माहौल के साथ मिलाया जाता है, तो उन्हें बिल्कुल नया अनुभव होता है। ऐसे आयोजनों में भाग लेने वाले अधिकतर युवाओं का कहना है कि पॉजिटिव एनर्जी और मंत्रों का जाप उनके मन को शांत करता है, जिससे शारीरिक थकान दूर होने के साथ मानसिक स्ट्रेस कम होता है।

### मोदी ने संस्कारों से जुड़ा नया आध्यात्मिक आंदोलन बताया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' (25 जनवरी 2026) कार्यक्रम में इस ट्रेंड को आध्यात्मिकता और आधुनिकता का सुंदर मेल बताते हुए कहा था कि ऐसे आयोजनों में युवा अपनी संस्कृति और परंपरा से नए तरीके से जुड़ रहे हैं। यह ट्रेंड एक आध्यात्मिक आंदोलन जैसा है, जो आज के युवा की भक्ति की भावना को जीवनशैली से जोड़ रहा है। उन्होंने इस बात पर खुशी भी जताई थी कि इन आयोजनों में भजनों की पवित्रता और गरिमा से कोई समझौता नहीं किया जाता। यहां स्टेज भले ही किसी इंटरनेशनल कॉन्सर्ट जैसा हो, लेकिन जो एनर्जी और श्रद्धा होती है, वह पूरी तरह से भारतीय संस्कारों से जुड़ी होती है।

**अनोखी परंपरा**

## धनगांव: जहां समय से पहले दस्तक देते हैं त्योहार




भारत अपनी विविध संस्कृतियों और अनूठी परंपराओं के लिए विश्व भर में विख्यात है। यहां के कण-कण में लोक कथाएं और श्रद्धा का वास है। इसी सांस्कृतिक विविधता के बीच मध्य प्रदेश के मंडला जिले में स्थित धनगांव अपनी एक ऐसी विशिष्ट पहचान रखता है, जो आधुनिक तर्क को चुनौती देती है। इस गांव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां दीपावली, होली, दशहरा और रक्षाबंधन जैसे राष्ट्रीय त्योहार पूरे देश से एक दिन पहले मनाए जाते हैं। जब शेष भारत उत्सव की तैयारियों में व्यस्त होता है, तब धनगांव के आंगन खुशियों और रंगों से सराबोर हो चुके होते हैं।

इस अनोखी परंपरा की जड़ें लगभग सवा सौ वर्ष पुरानी हैं। यह बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां परंपराएं केवल रीति-रिवाज नहीं, बल्कि जीवन जीने का आधार हैं। ऐतिहासिक मान्यताओं के अनुसार, एक सदी पहले जब ग्रामीण कैलेंडर की तय तिथियों पर त्योहार मनाते थे, तो गांव को भीषण कष्ट झेलने पड़ते थे। कभी कोई भयंकर प्राकृतिक आपदा दस्तक देती, तो कभी त्योहार की पूजा करने वाला मुख्य सदस्य अचानक गंभीर रूप से बीमार होकर काल का ग्रास बन जाता। इन रहस्यमयी और दुखद घटनाओं ने ग्रामीणों के मन में गहरा भय पैदा कर दिया था।


लोककथाओं के अनुसार, संकट के उस दौर में ग्राम देवता खेरमाई माता ने एक ग्रामीण को स्वप्न में दर्शन दिए। माता ने निर्देश दिया कि यदि ग्रामीण 'कुकरापाट' नामक स्थान पर स्थित विशाल शिला को देवता मानकर उनकी पूजा शुरू करें और निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व उत्सव मनाएं, तो गांव पर मंडराते संकट टल जाएंगे। ग्रामीणों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ इस आदेश का पालन किया और परिणाम स्वरूप अनहोनी का सिलसिला थम गया। आपदाएं शांत हो गईं और लोग स्वस्थ रहने लगे। आज के डिजिटल युग में भी धनगांव के लोग अपने पूर्वजों की इस व्यवस्था को तोड़ने का साहस नहीं करते। बुजुर्गों का मानना है कि जब भी कभी इस नियम में बदलाव की कोशिश की गई, गांव को किसी न किसी बड़ी विपत्ति या मृत्यु का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि 'हरेली' और 'पोला' जैसे कृषि आधारित पर्व हों या दीपावली जैसे बड़े त्योहार, यहां की रस्में एक दिन पहले ही संपन्न हो जाती हैं।

**आर्ट गैलरी**

## पॉल सेजेन की 'ले कैबनन डे जॉर्डन'



ले कैबनन डे जॉर्डन एक लैंडस्केप पेंटिंग है, जिसे फ्रेंच आर्टिस्ट पॉल सेज़ेन ने 1906 में बनाया था। इसे उसी साल उनकी मौत से पहले उनका आखिरी पूरा किया हुआ काम माना जाता है। पेंटिंग में पेड़ों के बीच एक छोटी सी झोपड़ी है, जिसके पीछे दूर एक पहाड़ी बैकग्राउंड है। सेज़ेन के स्टाइल की खासियत है, बार-बार ब्रशस्ट्रोक और रंगों के प्लेन, जो इस पेंटिंग में साफ दिखते हैं। मोटे, बोल्ड ब्रश स्ट्रोक के इस्तेमाल से टेक्सचर और गहराई आती है, जिससे पेंटिंग में मूवमेंट और जान का एहसास होता है। यह स्टाइल सेज़ेन के उस मकसद को दिखाता है कि वह एक ऐसी इमेज बनाना चाहते थे, जिसमें रंगों के अलग-अलग पैच एक साथ मिलकर एक पूरे रूप में हों। ले कैबनन डे जॉर्डन अपने चमकीले रंगों और खूबसूरत कंपोजिशन के जरिए प्रकृति की सुंदरता को दिखाता है। रंगों की रिचनेस और लेयर्ड टेक्सचर प्रकृति को एक्सप्लोर करते हुए बिताए गर्मियों के दिनों की याद दिलाता है। फैन इस आर्टवर्क को नेचुरल सुंदरता और मॉडर्न आर्ट के मेल के लिए पसंद करते हैं।



### पॉल के बारे में

पॉल सेजेन एक फ्रेंच पेंटर थे, जिनका जन्म 19 जनवरी, 1839 को हुआ था और 22 अक्टूबर, 1906 को उनकी मौत हो गई। वह अपनी पोस्ट-इंप्रेशनिस्ट स्टाइल की पेंटिंग के लिए जाने जाते हैं, जिसने मॉडर्न आर्ट की नींव रखी। सेजेन ऐक्स-एन-प्रोवेंस में पले-बढ़े, जहां उन्होंने अपने पिता की इच्छा के खिलाफ आर्ट में करियर बनाने का फैसला करने से पहले लॉ की पढ़ाई की। वह 1860 के दशक के आखिर में पेरिस चले गए, जहां उनकी मुलाकात क्लॉड मोनेट और केमिली पिसारो जैसे दूसरे प्रभावशाली कलाकारों से हुई, जिन्होंने उनके आर्टिस्टिक स्टाइल को आकार देने में मदद की।

**लोकायन**

## ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर चरकुला नृत्य

भारत की सांस्कृतिक विविधता का जब भी उल्लेख होता है, उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। यहां की लोक कलाओं में 'चरकुला' नृत्य एक ऐसा अनूठा रत्न है, जो न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि श्रद्धा, संतुलन और साहस का अद्भुत संगम भी है। अपनी विशिष्ट शैली और लोकप्रियता के कारण, अक्सर इसकी तुलना भारत के प्रतिष्ठित शास्त्रीय नृत्य कथक से की जाती है। यह नृत्य विशेष रूप से ब्रज के ग्रामीण ब्राह्मण समुदायों में प्रचलित है और होली के तीसरे दिन बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है।



चरकुला नृत्य की जड़ें द्वापर युग और भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं से गहराई से जुड़ी हैं। इसके पीछे दो प्रमुख पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। पहली कथा के अनुसार, जब श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की थी, तब ग्वालों और ग्रामीणों ने अपनी विजय और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए यह नृत्य किया था। दूसरी कथा इस प्रकार है: जब राधा का जन्म हुआ, तो उनकी माता सिर पर चरकुला या तेल के दीपक लेकर पूरे गांव को खुशखबरी देने के लिए बाहर दौड़ीं। ये तथ्य इसे एक प्राचीन नृत्य शैली बनाते हैं। यही कारण है कि यह नृत्य आज भी एक मंगलकारी उत्सव के रूप में जीवित है।

चरकुला नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण विशेषता इसका शारीरिक संतुलन है। महिला नर्तकियां अपने सिर पर लकड़ी का एक बहुस्तरीय पिरामिडनुमा ढांचा रखती हैं, जिसमें 6 से 8 स्तर होते हैं। इन स्तरों पर जलते हुए तेल के दीपकों की संख्या 51 से लेकर 108 तक हो सकती है। इन प्रज्वलित दीपकों के समूह को ही 'चरकुला' कहा जाता है, जिससे इस नृत्य का नाम पड़ा। सिर पर अत्यधिक भार और जलते दीपकों के कारण नर्तकी की गति अत्यंत सीमित हो जाती है। वह न तो अपनी गर्दन हिला सकती है और न ही शरीर को झटके से मोड़ सकती है। इन कठिन सीमाओं के बावजूद, एक कुशल नर्तकी संगीत की लय पर बड़े ही सुघड़ ढंग से घूमते हुए और पदचाप करते हुए आगे बढ़ती है। एक समूह में 5 से लेकर 50 नर्तकियां हो सकती हैं और यह प्रदर्शन 15 मिनट से लेकर 3 घंटे तक चल सकता है। नर्तकियां टखनों तक लंबी रंगीन स्कर्ट और पारंपरिक कढ़ाईदार ब्लाउज पहनती हैं, जो प्रदर्शन को अत्यधिक आकर्षक बनाते हैं। नृत्य के दौरान बजने वाला संगीत ब्रज की प्रसिद्ध रसिया धुन पर आधारित होता है। रसिया को भगवान कृष्ण का गीत और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। ढोल की थाप और पुरुष गायकों के स्वर इस लोक नृत्य में प्राण फूंक देते हैं।

## कला बाजार और लोककला: संरक्षण, परिवर्तन और संकट




सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

कला बाजार के बढ़ते प्रभाव के बीच जब हम आज की लोककला परंपराओं पर नजर डालते हैं, तो एक साथ हर्ष और विषाद दोनों भाव सामने आते हैं। हर्ष इसलिए कि देश के विभिन्न हिस्सों में आज बड़ी संख्या में लोक कलाकार अपनी कला के माध्यम से सम्मानजनक जीवनयापन कर पा रहे हैं। विषाद इसलिए कि इसी प्रक्रिया में लोककला की कई मूलभूत विशेषताएं धीरे-धीरे क्षीण होती दिखाई दे रही हैं।

पिछले दो दशकों में लोककला को लेकर संस्थागत और सरकारी स्तर पर एक स्पष्ट सक्रियता देखी गई है। राज्य स्तरीय पुरस्कारों से लेकर राष्ट्रीय पुरस्कारों और पद्म सम्मानों तक, लोक कलाकारों की उपस्थिति लगातार बढ़ी है। यदि प्रत्येक वर्ष जारी होने वाली पद्म पुरस्कार सूची पर दृष्टि डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि समकालीन शहरी कलाकारों की तुलना में लोक और पारंपरिक कलाकारों की संख्या कहीं अधिक है। यह तथ्य इस बात का संकेत है कि लोककला को अब हाशिए की अभिव्यक्ति नहीं माना जा रहा।

इसके साथ-साथ कला मेलों, क्राफ्ट मेलों और हाटों में लोक कलाकारों की भागीदारी भी बढ़ी है। दिल्ली हाट, सूरजकुंड मेला, शिल्पग्राम, दस्तकार जैसे मंचों ने लोक कलाकारों को सीधे उपभोक्ताओं



से जोड़ने का अवसर दिया है। इसके अलावा, शहरी मध्यमवर्ग और अभिजात्य समाज में 'एथनिक' और 'हैंडमेड' को लेकर बढ़ती चेतना ने लोककला की मांग को भी बढ़ाया है। घरों, दफ्तरों और होटलों में लोक शैली की कलाकृतियों का प्रयोग अब सांस्कृतिक सजावट का प्रतीक बन चुका है, लेकिन इस सकारात्मक परिदृश्य के समानांतर कुछ गंभीर प्रश्न भी उभरते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या बाजार के दबाव में लोककला अपनी मूल पहचान खोती जा रही है? लोककला की सबसे बड़ी विशेषता उसकी स्थानीयता थी। स्थानीय कथाएं, स्थानीय संसाधन, स्थानीय रंग और सामुदायिक निर्माण प्रक्रिया। आज इनमें से कई तत्व बदल रहे हैं। कई लोक कलाओं में अब प्राकृतिक रंगों और स्थानीय सामग्रियों के स्थान पर बाजार में उपलब्ध एक्रेलिक रंग, कैनवास और मानकीकृत सतहों का प्रयोग बढ़ गया है। इससे उत्पादन तो तेज़ हुआ है, लेकिन कला और उसके पर्यावरण के बीच का पारंपरिक संबंध कमजोर पड़ा है। इसी तरह, लोककला की सामूहिक प्रकृति, जहां पूरा समुदाय किसी कला परंपरा का वाहक होता था, अब लगभग समाप्त हो चुकी है। आज लोक







कलाकार भी एकल निर्माता के रूप में पहचाने जा रहे हैं। यह परिवर्तन पूरी तरह नकारात्मक भी नहीं है। एक महत्वपूर्ण सकारात्मक पहलू यह है कि लोक कलाकार अब 'अनाम' नहीं रहे। वे भी समकालीन कलाकारों की तरह अपनी व्यक्तिगत पहचान, हस्ताक्षर और शैली के साथ सामने आ रहे हैं। यह बदलाव उन्हें आर्थिक और सामाजिक आत्मनिर्भरता प्रदान करता है। कला बाज़ार ने उन्हें दृश्यता दी है, जो पहले संभव नहीं थी। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि समस्या बाजार की उपस्थिति नहीं, बल्कि उसके एकाधिकार में है। जब लोककला केवल बिक्री-योग्य वस्तु बन जाती है, तब उसकी सांस्कृतिक जटिलता और सामाजिक संदर्भ पीछे छूट जाते हैं। लोककला तब जीवन का हिस्सा न रहकर 'डेकोरेटिव प्रोडक्ट' में तब्दील हो जाती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि लोककला के संरक्षण और उसके स्वाभाविक विकास के बीच संतुलन बनाया जाए। क्योंकि बाज़ार लोककला का सहायक तो बन सकता है, लेकिन नियंत्रक नहीं। लोक कलाकारों को केवल उत्पादक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक ज्ञान के वाहक के रूप में देखा जाना चाहिए। तभी लोककला परंपराएं न तो संग्रहालयों में कैद होंगी और न ही बाजार में अपनी आत्मा खोएंगी।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,225.92 | 25,424.65 |
| गिरावट | 1,068.74 | 288.35 |
| प्रतिशत में | 1.28 | 1.12 |

सोना 1,63,200
प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,000
प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, बुधवार, 25 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



बिजनेस ब्रीफ

### आंध्र प्रदेश सौर पार्क में 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी क्लीनमैक्स

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश सरकार ने 200 मेगावाट के सौर बिजली पार्क को मंजूरी दे दी है। इसे क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की समूह कंपनी यशस्वा पावर एलएलपी 1,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित करेगी। अधिकारियों ने बताया कि 1,200 करोड़ रुपये के निवेश वाली इस परियोजना के तहत श्री सत्य साई जिले के परिगी मंडल के बीगनिपल्ले और आसपास के गांवों में 200 मेगावाट एसी/300 मेगावाट पीक डीसी सौर पार्क स्थापित किया जाएगा। इस संयंत्र से प्रतिवर्ष लगभग 44.5 करोड़ यूनिट स्वच्छ बिजली उत्पादन होने की उम्मीद है। वहीं करीब 690 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

### एलएटी एयरोस्पेस ने शारंग शक्ति का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** जोमैटो के संस्थापक दीपेंद्र गोयल और कंपनी की पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सुरभि दास द्वारा स्थापित एलएटी एयरोस्पेस ने गुरुग्राम स्थित रक्षा रोबोटिक्स स्टार्टअप 'शारंग शक्ति' का अधिग्रहण किया है। गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि उनका लक्ष्य कंपनी के भीतर ही ऐसी क्षमताएं विकसित करना है, जिन्हें आगे चलकर रक्षा और नागर विमानन, दोनों क्षेत्रों में लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि गोयल ने पिछले महीने जोमैटो और ब्लिंकिट की मूल कंपनी 'इटर्नल' के प्रबंध निदेशक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### गुजरात के टोरेंट ग्रुप ने डायग्नोस्टिक कारोबार में कदम रखा

**नई दिल्ली।** गुजरात स्थित टोरेंट ग्रुप ने स्वास्थ्य जांच से जुड़े डायग्नोस्टिक क्षेत्र में कदम रखते हुए देश की सबसे बड़ी राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला का संचालन शुरू किया है। समूह ने कहा कि नवी मुंबई में एक लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैली प्रयोगशाला स्वास्थ्य जांच की 15 विभिन्न शाखाओं और 3,500 से अधिक परीक्षण सेवाओं का समर्थन करती है। इनमें निवारक, नियमित और विशेष जांच शामिल हैं। टोरेंट ग्रुप संदर्भ-केंद्रित मॉडल के जरिये डायग्नोस्टिक कारोबार का विस्तार करेगा।

# एआई की चुनौती से आईटी शेयरों पर फिर डिगा भरोसा, सेंसेक्स 1,069 अंक लुढ़का

## अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी टूटा हौसला

**मुंबई, एजेंसी**

एआई से जुड़ी चुनौतियों और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के बीच मंगलवार को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में फिर भारी बिकवाली हुई जिसके बाद घरेलू शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 1,069 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 288 अंक की गिरावट रही। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ने भी निवेशकों के हौसलों को पस्त किया।

दिन के दौरान दो सत्रों की तेजी के बाद बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक यानी 1.28 प्रतिशत टूटकर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,359.93 अंक लुढ़ककर 81,934.73 अंक तक आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत के नुकसान के साथ 25,424.65 अंक पर बंद हुआ। दिन में यह 385.4 अंक फिसलकर 25,327.60 अंक तक आ गया था। व्यापक गिरावट के बीच निफ्टी में शामिल 32 शेयर गिरकर बंद हुए।



इसलिए आईटी शेयरों की बिकवाली

- एआई स्टार्टअप एंथ्रोपिक ने अपने नए टूल क्लाउड कोड के बारे में बताया कि यह पुराने कोबोल प्रोग्रामिंग सिस्टम को आधुनिक बनाने का काम तेजी से और कम लागत में कर सकता है। इससे भारतीय कंपनियों के पारंपरिक आउटसोर्सिंग और मेंटेनेंस बिजनेस पर बुरा असर पड़ने की आशंका पैदा हुई।
- अमेरिकी टेक कंपनी आईबीएम के शेयरों में सोमवार को 13% की भारी गिरावट आई, जो पिछले 25 वर्षों में उसकी सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट है। चूंकि भारतीय आईटी कंपनियां अपनी कमाई के लिए अमेरिकी क्लाइंट्स पर निर्भर हैं, इसलिए वहां की गिरावट का असर यहां भी दिखा।
- ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफ्रीज और सीएलएसए ने टीसीएस, इंफोसिस और एचसीएल टेक जैसी दिग्गज कंपनियों के लिए अपने टारगेट प्राइस घटा दिए हैं। उनका मानना है कि एआई के कारण मार्जिन और रेवेन्यू पर दबाव बढ़ सकता है।

### टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की हुई गिरावट

आईटी कंपनियों में से टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 6.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में भी गिरावट रही। इसके विपरीत एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और सन फार्मा में तेजी का रुख देखा गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में तेज गिरावट का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। एआई की वजह से व्यापक व्यवधान और पारंपरिक आईटी सेवा प्रदाताओं के मार्जिन पर दबाव से जुड़ी वैश्विक चिंताएं फिर उभर आई हैं।

### अमेरिकी टैरिफ पर बढ़ी चिंता

विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक व्यापार और अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंताएं दोबारा बढ़ गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार समझौतों पर चेतावनियों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े संभावित शुल्क की खबरों ने बाजार पर अतिरिक्त दबाव डाला। नायर ने कहा कि आईटी क्षेत्र में लंबे समय तक दबाव रहने की आशंका से रियल एस्टेट शेयरों पर भी असर पड़ा, क्योंकि इससे घरों की मांग और मूल्यांकन प्रभावित हो सकते हैं।

# अक्टूबर-दिसंबर में अर्थव्यवस्था 8% की दर से बढ़ने का अनुमान

- भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की ओर से जारी की गई रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** नए आधार वर्ष 2022-23 की संशोधित श्रृंखला के तहत चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत के करीब रहने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में देश की अर्थव्यवस्था आठ प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

पिछले महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान 27 फरवरी को जारी किए जाएंगे। इनमें नए आंकड़े और संशोधन शामिल होंगे। इसलिए, पहले और दूसरी तिमाही के सभी पुराने आंकड़े भी नए आधार वर्ष 2022-23 के अनुसार बदल सकते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट में कहा गया, तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खपत मजबूत है, जो खेती और गैर-कृषि गतिविधियों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से है। रिपोर्ट में कहा गया कि तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि लगभग 8.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

### कॉरपोरेट यात्रा से मेकमाईट्रिप की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी मेकमाईट्रिप की कॉरपोरेट यात्रा खंड की कुल बुकिंग 2025 में एक अरब डॉलर को पार कर गई। इस सेवा का लाभ 40 लाख से अधिक कर्मचारियों को मिला है।

कंपनी ने कहा कि उसके कॉरपोरेट मंच क्वेस्ट2ट्रैवल, मायबिज और हैपे पर कुल बुकिंग एक अरब डॉलर से अधिक हो गई है। मेकमाईट्रिप के पास 500 बड़ी कंपनियों के ग्राहक हैं। इनमें बीएसई 500 की शीर्ष 150 कंपनियां और पूरे देश के 75,000 छोटे और मझोले व्यवसाय शामिल हैं। मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और सीईओ राजेश मागो ने कहा, हमारा कॉरपोरेट यात्रा कारोबार सामान्य उपभोक्ता व्यवसाय की तुलना में नया है, लेकिन केवल पांच वर्षों में यह बहुत तेजी से बढ़ा है।

# भारत और इजराइल ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत शुरू की

- विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और इजराइल ने वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत का पहला दौर शुरू कर दिया है।

पिछले साल नवंबर में दोनों देशों ने समझौते के लिए औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, भारत-इज़राइल एफटीए के लिए बातचीत का पहला दौर 23 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में शुरू हुआ और यह 26 फरवरी तक जारी रहेगा। इस तरह के समझौतों में दोनों पक्ष आपस में व्यापार वाली अधिकतम वस्तुओं पर आयात शुल्क को काफी कम कर देते हैं या पूरी तरह समाप्त कर देते हैं। इसके अलावा सेवाओं और निवेश में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए नियमों में ढील दी जाती है।

कहा गया कि इस दौर के दौरान दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। इन सत्रों में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के कई पहलुओं पर चर्चा होगी। इस वार्ता में भारतीय पक्ष का नेतृत्व वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय भादू कर रहे हैं।

# एशिया-प्रशांत की कुछ अर्थव्यवस्थाओं को अमेरिका के 15% शुल्क से फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 15 प्रतिशत के एकसमान शुल्क का एशिया-प्रशांत क्षेत्र की कुछ उन अर्थव्यवस्थाओं को लाभ मिल सकता है, जिन्हें पहले अधिक ऊंचे शुल्क का सामना करना पड़ा है। इनमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल हैं।

मूडीज एनालिटिक्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान (चीन) जैसे देशों पर इसका प्रभाव हालांकि सीमित होगा जहां शुल्क पहले से ही 15 प्रतिशत है। बयान में कहा गया है, काफी अनिश्चितता है, लेकिन हम कुछ बातें जानते हैं। 15 प्रतिशत का समान शुल्क उन एशिया-प्रशांत अर्थव्यवस्थाओं को लाभ पहुंचाएगा, जिन्हें कहीं अधिक शुल्क का सामना करना पड़ा है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह ट्रंप प्रशासन के देश-विशिष्ट शुल्क के खिलाफ फैसला दिया था, जिसके बाद ट्रंप ने सभी देशों पर 150 दिन के लिए 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया। बाद में इसे बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की भी घोषणा की है। हालांकि, इस संबंध में अब तक कोई आदेश या अधिसूचना जारी नहीं की गई है।

- मूडीज ने कहा- इसमें चीन और दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर देश शामिल

बयान में कहा गया है, अदालत का फैसला भारत और इंडोनेशिया के साथ हाल ही में हुए व्यापार समझौतों पर भी सवाल उठाता है। प्रमुख विवरण, जैसे कि भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की समयसीमा और इंडोनेशिया से शुल्क-मुक्त वस्त्र निर्यात की मात्रा, अभी तय नहीं हुए हैं। भारत ने अपने प्रतिनिधिमंडल को वॉशिंगटन भेजने की योजना भी टाल दी है।

### फिर पहले के स्तर के करीब जा सकता है अमेरिकी शुल्क अभी जश्न मनाने से बचें

मूडीज एनालिटिक्स ने कहा, हमारा मानना है कि ट्रंप शुल्क बढ़ाने के लिए अन्य कानूनी रास्ते खोजेंगे और हमें आश्चर्य नहीं होगा यदि अमेरिकी शुल्क शुक्रवार से पहले के स्तर के करीब पहुंच जाएं। कुछ सरकारें अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों की प्रक्रिया धीमी कर सकती हैं, लेकिन अधिक दंडात्मक शुल्क का डर से उन्हें पूरी तरह पीछे नहीं हटने देगा। कहा गया कि शुल्क के अंततः 20 फरवरी से पहले लागू दर से नीचे स्थिर होने की सर्वोत्तम स्थिति में भी व्यापार में पर्याप्त अनिश्चितता और लॉजिस्टिक अव्यवस्था बनी रहेगी। कंपनियां पहले से चुकाए गए शुल्क के लिए मुआवजा मांग सकती हैं। यह प्रक्रिया अत्यधिक विवादास्पद और समय लेने वाली साबित हो सकती है। बयान में कहा गया, यदि अमेरिकी आयातक इस फैसले को अस्थायी राहत मानते हैं तो वे शुल्क फिर से बढ़ने से पहले माल भेजने की जल्दबाजी कर सकते हैं। संक्षेप में, व्यवसायों एवं नीति-निर्माताओं के लिए बेहतर होगा कि वे अभी जश्न मनाने से बचें।



# पश्चिम बंगाल में झारखंड-ओडिशा के न्यायिक अधिकारी भी तैनात होंगे

## एसआईआर : कलकत्ता हाईकोर्ट के अनुरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दी अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पश्चिम बंगाल में एसआईआर में 80 लाख दावों और आपत्तियों से निपटने के लिए दीवानी न्यायाधीशों को नियुक्त करने और पड़ोसी राज्य झारखंड तथा ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों को बुलाने की अनुमति दे दी। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र पर यह फैसला लिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर के लिए तैनात 250 जिला न्यायाधीशों को दावों और आपत्तियों से निपटने में लगभग 80 दिन लगेंगे।



पीठ ने गंभीर स्थिति और समय की कमी को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया संचालित करने के लिए दीवानी न्यायाधीशों की तैनाती की अनुमति दी। साथ ही, कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से झारखंड और ओडिशा के अपने समकक्षों से अनुरोध करने और स्थिति से निपटने के लिए समान पदों के न्यायिक अधिकारियों की मांग करने को कहा। पीठ ने निर्वाचन आयोग को झारखंड और ओडिशा से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का खर्च वहन करने का निर्देश भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को 28 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करने की अनुमति भी दी और स्पष्ट किया कि सत्यापन प्रक्रिया आगे बढ़ने पर चुनाव आयोग पूरक सूचियां जारी कर सकता है। उसने अनुच्छेद 142 के तहत पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करते हुए मतदाताओं को पूरक मतदाता सूचियों में नामित किया, जो आयोग द्वारा 28 फरवरी को प्रकाशित अंतिम सूची का हिस्सा होंगी।

वर्ष 2002 की मतदाता सूची से पारिवारिक संबंध जोड़ने में तार्किक विसंगतियों में ऐसे मामले शामिल हैं, जिनमें माता-पिता के नाम में असंगति पाई गई है और मतदाता व उसके माता-पिता के बीच आयु का अंतर 15 वर्ष से कम या 50 वर्ष से अधिक है। शीर्ष कोर्ट ने 20 फरवरी को पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच गतिरोध से निराश होकर राज्य में विवादों से घिरे एसआईआर में आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों को तैनात करने का असाधारण निर्देश जारी किया था।

### केरल हाईकोर्ट के राज्य सरकार के कार्यक्रम को रद्द करने के के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की सरकार को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केरल हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें नव केरल नागरिक प्रतिक्रिया कार्यक्रम के लिए 20 करोड़ रुपये की स्वीकृति देने वाले आदेश को रद्द कर दिया गया था। इस योजना को जारी रखने का मार्ग प्रशस्त करते हुए सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राज्य सरकार की अपील पर गौर करते हुए हाईकोर्ट में पेश हुए याचिकाकर्ताओं सहित प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए। राज्य सरकार की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि केरल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ताओं को एक भी पैसा नहीं दिया गया है। सीजेआई ने कहा कि प्रथम दृष्टया अगर राज्य सरकार जमीनी स्तर पर कल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव का आकलन करने में सरकारी कर्मचारियों की मदद लेती है तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। प्रतिवादियों के वकील ने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव से पहले जनसंपर्क गतिविधियों के लिए अपने कर्मचारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं की मदद ले रही है।

# राष्ट्रीय हित में मिलकर काम करें राज्य चुनाव आयोग

- गोलमेज सम्मेलन में बोले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार
- ईवीएम व मतदाता सूची साझा करना सम्मेलन का प्रमुख एजेंडा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग का राज्य चुनाव निकायों के साथ आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को शुरू हुआ, जिसके एजेंडे में प्रमुख विषय ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सम्मेलन में कहा कि राष्ट्रीय हित में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोगों को मतदाताओं को ध्यान में रखकर तथा मिलकर काम करना चाहिए।

निर्वाचन आयोग को राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधान सभाओं और राज्य विधान परिषदों के लिए चुनाव कराने का अधिकार है, जबकि राज्य निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी पंचायत और नगर पालिका चुनाव कराने की होती है। करीब 27 साल के अंतराल के बाद हो रहे गोलमेज सम्मेलन में आयोग ने ''एटलस ऑफ कॉन्फ्लुएंस ऑफ डेमोक्रेसीज'' पुस्तक का विमोचन भी किया। इस तरह का आखिरी सम्मेलन 1999 में आयोजित किया गया था। आयोग के एक प्रवक्ता ने कहा, दिन भर चलने वाले सम्मेलन में ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करने पर प्रस्तुतियां होंगी।

राज्य निर्वाचन निकाय, निर्वाचन आयोग की विधानसभा चुनावों की मतदाता सूची का इस्तेमाल करते हैं और उन्हें स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार नियोजित किया जाता है। एक ईवीएम 15 वर्ष तक इस्तेमाल की जाती है और आखिरी समय में मशीनें आमतौर पर स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को दे दी जाती हैं। वर्तमान में निर्वाचन आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने के लिए 'एम 3' या 'मार्क 3' प्रकार की ईवीएम का उपयोग करता है।

### कश्मीरी विद्यार्थियों से दुर्व्यवहार पर पद से हटाए गए कुलपति

**लुधियाना।** कश्मीरी विद्यार्थियों के एक समूह से दुर्व्यवहार के आरोपों के बाद मंगलवार को सीटी विश्वविद्यालय के कुलपति नितिन टंडन को पद से हटा दिया गया। कुलाधिपति चरणजीत सिंह चन्नी ने यह जानकारी दी।

निजी विश्वविद्यालय ने मामले में आंतरिक जांच भी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों ने दावा किया कि सोमवार को उन्होंने रमजान के दौरान विश्वविद्यालय के मेस में सहरी और इफ्तार की व्यवस्था करने का अनुरोध किया था। विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि टंडन ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उनके प्रवेश रद्द करने की धमकी दी।

# महाराष्ट्रः मंत्री के दफ्तर में एसीबी का छापा विपक्ष के सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप

- विधानसभा में किया प्रदर्शन, मंत्री जिरवाल के इस्तीफे की मांग की

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के खाद्य और औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल के कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के छापे के बाद विपक्ष के नेताओं ने बजट सत्र के दूसरे दिन भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर विधान भवन के अंदर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। मंत्रालय के अंदर एक कक्ष में एसीबी की कार्रवाई पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए 'जिरवाल इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाए और सरकार पर भ्रष्टाचार को छिपाने बचाने का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारी विधान भवन की सीढ़ियों पर जमा हो गए, जिससे राजनीतिक टकराव और बढ़ गया। महाविकास अघाड़ी के नेताओं ने सुबह से ही आक्रामक रुख अपनाया। विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, विधायक सत्यजीत पाटिल और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विधानसभा परिसर में धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाते हुए कहा कि फाइलें सिर्फ पैसे से चलती हैं, साथ ही मंत्रालय पर रिश्वत लेकर काम करने का आरोप लगाया। वडेट्टीवार ने मीडिया से बात करते हुए सरकार पर करारा हमला किया और कहा कि यदि मंत्रालय भवन में ही मंत्री की नाक के नीचे रिश्वत ली जा रही है तो यह दिखाता है कि प्रशासन में भ्रष्टाचार का हाल क्या है।

उन्होंने कहा कि किसी भी निचले स्तर के अधिकारी की इतनी हिम्मत नहीं होती कि वह मंत्री के समर्थन के बिना ऐसी हरकतें कर सके। उन्होंने मांग की कि नरहरि जिरवाल नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत इस्तीफा दें। वहीं सत्तारूढ़ पक्ष ने सतर्क दृष्टिकोण अपनाया। सरकारी प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि दोषी पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी शामिल व्यक्ति को बचाया नहीं जाएगा।

# मोदी ने दबाव में आकर दी अमेरिका से व्यापार समझौते को मंजूरीः राहुल

- कहा- व्यापार समझौते के पीछे एपस्टीन फाइल में छिपे राज और अमेरिका में अदाणी पर मुकदमा

**भोपाल, एजेंसी**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एप्स्टीन फाइल्स जारी करने की धमकी और उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में चल रहे आपराधिक मुकदमे के कारण दबाव में आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को मंजूरी दी है। भोपाल में कांग्रेस की ओर से आयोजित 'किसान महाचौपाल' को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह इस करार को रद्द करके दिखाएं।



भोपाल में किसानों को संबोधित करते राहुल गांधी।

राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी कम्प्रोमाइज्ड (झुक गए) हैं। उनको फंसा दिया गया है। मोदी ने दबाव में आकर यह करार किया है। यह डील नहीं है, यह किसान के दिल में तीर है। यह सवाल उठाते हुए कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता चार महीने से रुका हुआ था लेकिन ऐसा क्या हुआ जो मोदी अचानक इसके लिए तैयार हो गए। राहुल ने कहा, इसके दो कारण हैं। पहला कारण अमेरिका में पड़ी लाखों एप्स्टीन फाइल हैं। उनमें ईमेल हैं, मैसेज हैं और वीडियो हैं। राहुल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम अमेरिका में जारी एप्स्टीन फाइल्स में शामिल है और मोदी को धमकाने के लिए ही उनका नाम जारी किया गया था। ऐसा करके अमेरिका ने यह संदेश दिया कि मोदी ने उनकी बात नहीं मानी तो वह फाइलों में से और सबूत निकलेगा।

कांग्रेस नेता ने कहा कि समझौते पर मोदी के सहमत होने का दूसरा कारण अमेरिका में अदाणी के खिलाफ चल रहा आपराधिक मुकदमा है। हालांकि, अमेरिका में जो यह मामला है, उसका लक्ष्य अदाणी नहीं बल्कि मोदी हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी छवि और अपने राजनीतिक भविष्य को बचाने के लिए हिंदुस्तान को अमेरिका के हाथों बेच दिया है, लेकिन अब नरेंद्र मोदी बच नहीं सकते। उन्हें कोई शक्ति नहीं बचा सकती।

### बम की धमकी वाले ईमेल से पश्चिम बंगाल की अदालतों में दहशत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की कोलकाता समेत कई और अदालतों में उस समय दहशत फैल गई जब जजों को गुमनाम ईमेल मिले जिनमें अदालत परिसर के अंदर बम धमाके होने की चेतावनी दी गई थी।

पहली धमकी तब आई जब अदालत की कार्रवाई चल रही थी। जज को एक ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया था कि जल्द ही धमाका होगा। इस संदेश के बाद तुरंत सतर्कता बरती गई। पश्चिम बर्दवान, हुगली के चिनसुराह, कोलकाता के बैंकशॉल कोर्ट और मुर्शिदाबाद जिला अदालत को ऐसे ही धमकी भरे ईमेल मिलने की खबर मिली, जिससे अदालत को खाली कराकर आपातकालीन सुरक्षा उपाय करने पड़े।

पुलिस टीमों ने खोजी कुत्तों के साथ अदालत परिसरों की अच्छी तरह तलाशी ली। अधिकारियों ने बाद में पुष्टि की कि कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली है। पहली घटना पश्चिम बर्दवान जिला और सत्र अदालत में हुई, जहां मुख्य न्यायाधीश को सुबह करीब 11 बजे एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया था कि परिसर में एक बम रखा गया है और दोपहर 1 बजे उसमें धमाका होगा।

# अमेरिका का खुलासा, छह साल पहले चीन ने किया था गुप्त परमाणु परीक्षण

- **देशों से निरस्त्रीकरण के लिए दबाव बनाने का किया आह्वान**

**जेनेवा, एजेंसी**


अमेरिका के शस्त्र नियंत्रण और अप्रसार ब्यूरो के सहायक विदेश मंत्री क्रिस्टोफर यिआव ने लगभग छह साल पहले चीन द्वारा किए गए गुप्त परमाणु परीक्षण के बारे में सोमवार को नई जानकारी साझा की और अन्य देशों से आग्रह किया कि वे चीन और रूस पर परमाणु निरस्त्रीकरण करने के लिए कदम उठाने का दबाव बनाएं।

इस महीने अमेरिका और रूस के बीच आखिरी परमाणु हथियार समझौते की समाप्ति के बाद यिआव ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक संस्था के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस समझौते की अवधि खत्म होने से दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं समाप्त हो गई हैं। यिआव ने चीन से अधिक पारदर्शिता की मांग की और न्यू स्टार्ट संधि की कुछ कमियों की ओर इशारा करते हुए उदाहरण दिया कि इसमें रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों के विशाल भंडार का कोई समाधान नहीं किया गया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन में कहा कि लेकिन शायद इसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि न्यू स्टार्ट संधि ने चीन द्वारा अभूतपूर्व, सुनियोजित और गुप्त रूप से तैयार किए गए परमाणु हथियारों को ध्यान में नहीं रखा। यिआव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर और बेरोक-टोक अपने परमाणु हथियार भंडार में भारी विस्तार किया, जबकि उसने ऐसा न करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने चीन के लक्ष्य या उद्देश्यों के बारे में पारदर्शिता की कमी पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि चीन अगले चार या पांच साल में बराबरी हासिल कर सकता है। यिआव ने सोमवार को जिनेवा में एक रूसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की

## अमेरिका सच को करेगा उजागर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक ऐतिहासिक घोषणा की है, जिसमें उन्होंने पेंटागन और अन्य संघीय एजेंसियों को यूएफओ और परग्रही जीवन से संबंधित सभी रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का निर्देश दिया। यह कदम पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के एक वायरल पॉडकास्ट इंटरव्यू के बाद उठाया गया, जिसमें ओबामा ने कहा था कि एलियंस असली हैं। दशकों से एरिया 51 जैसी जगहों और उड़न तश्तरियों की कहानियों ने जनमानस को रोमांचित किया है। सरकार की अत्यधिक गोपनीयता ने इन संदेहों को और पुख्ता किया कि शायद अमेरिका के पास क्रैश हुए स्पेसक्राफ्ट और एलियंस के अवशेष मौजूद हैं। हालांकि, 2024 की पेंटागन रिपोर्ट में कहा गया था कि एलियन तकनीक का कोई सबूत नहीं मिला है, लेकिन ट्रंप के इस नए आदेश ने फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या हम वास्तव में एक बड़े खुलासे की दहलीज पर हैं।

## उड़न तश्तरियां



### क्या हैं यूफओ

- यूएफओ का मतलब हवा में उड़ने वाली ऐसी चीज़ से है जिसकी पहचान स्पष्ट नहीं है और जिसके बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध नहीं है।
- एलियन से संबंध : अक्सर लोग यूएफओ को एलियंस या परग्रही जीवों के अंतरिक्ष यान से जोड़कर देखते हैं, हालांकि वैज्ञानिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है।
- वैज्ञानिक और सैन्य दृष्टिकोण : अमेरिकी रक्षा विभाग अब इन्हें यूएपी (अनआईडेंटीफाइड अनामोलस फेनोमिना) के नाम से भी बुलाता है। कई बार ये प्राकृतिक घटनाएं, मौसम के गुब्बारे या गुप्त सैन्य विमान भी हो सकते हैं।

### पेंटागन की ताजा रिपोर्ट

- पेंटागन के ऑल-डोमेन एनोमली रेजोल्यूशन ऑफिस ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं।
- हजारों मामले : जून 2024 तक, पेंटागन के पास जांच के लिए कुल 1,600 से अधिक मामले लंबित थे। इनमें से 757 रिपोर्ट तो मई 2023 से जून 2024 के बीच ही मिली थीं।
- कोई एलियन सबूत नहीं : रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिला है जो यह साबित करे कि ये घटनाएं एलियंस या परग्रही तकनीक से जुड़ी हैं।
- साधारण कारण : अधिकतर सुलझाए गए मामलों में यूएफओ असल में गुब्बारे, पक्षी, ड्रोन, सैटेलाइट या साधारण विमान निकले हैं।
- अनसुलझे रहस्य : लगभग 21 घटनाएं ऐसी थीं जिन्हें पेंटागन के विशेषज्ञों ने विसंगतियां माना है, क्योंकि उनकी उड़ान का तरीका भौतिक विज्ञान के सामान्य नियमों से अलग था।

### अनसुलझीं घटनाएं

- **अचानक गति परिवर्तन : ये वस्तुएं एक पल में स्थिर खड़ी रहती हैं और अगले ही पल हजारों मील प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती हैं, बिना किसी इंजन या धुएं के।**
- **अजीब आकार : इनमें सबसे ज्यादा सफेद गोले सिलेंडर और प्रसिद्ध 'टिक-टैक' के आकार की वस्तुएं देखी गई हैं जो मानव मशीनों के समझ से परे थीं**
- **पानी और हवा में समान गति : कुछ वस्तुएं हवा से सीधे समुद्र के भीतर चली गईं बिना अपनी गति कम किए।**
- **कोई स्पष्ट विंग्स नहीं : इन उड़ने वाली वस्तुओं में न तो कोई पंख, न ही कोई इंजन।**

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अमेरिका में भारतीय मतदाता डेटा मंच

**न्यूयॉर्क।** संचार रणनीतिकार अनंग मित्तल ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय पर केंद्रित एक विशिष्ट मतदाता डेटा मंच की शुरुआत की है। प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष माइक जॉन्सन के लिए डिजिटल प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके भारतीय मूल के मित्तल ने सोमवार को इंडियन अमेरिकन वोटर एटलस शुरू किया। उन्होंने इसे भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लिए और उसके बारे में विशेष रूप से तैयार किया गया पहला गैर-पक्षपाती, खुला नागरिक डेटा मंच बताया। मित्तल ने पोस्ट में कहा कि इस देश में 54 लाख भारतीय-अमेरिकी हैं, जिनमें से 26 लाख मतदान के पात्र हैं।

### मॉस्को में विस्फोट में एक अधिकारी की मौत

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर द्वारा पुलिस वाहन के पास किए गए विस्फोट में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई तथा दो अन्य अधिकारी घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट में हमलावर भी मारा गया। मॉस्को के गृह मंत्रालय के अनुसार, यह हमला सोमवार देर रात राजधानी के बीचोबीच सव्योलोव्स्की रेलवे स्टेशन के पास हुआ। उसने बताया कि हमलावर यातायात पुलिस के वाहन के निकट गया और धमाका कर दिया, जिससे एक अधिकारी की मौके पर ही मौत हो गई।

### गिरफ्तार पूर्व ब्रिटिश राजदूत को जमानत

**लंदन।** अमेरिका में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से संबंधों से जुड़ी कदाचार की जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना एप्स्टीन के साथ दोस्ती के कारण पूर्व प्रिंस एंड्रयू को पुलिस हिरासत में लिए जाने के कुछ दिन बाद घटी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक प्रवक्ता ने सोमवार देर रात कहा कि सार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए 72 वर्षीय व्यक्ति को जांच लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### यून ने अपनी सजा के खिलाफ अपील की

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के जेल में बंद पूर्व राष्ट्रपति यून सुक यियोल ने दिसंबर 2024 में अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने के मामले में विद्रोह के आरोप में उन्हें मिली आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ अपील की है। यून के वकीलों ने मंगलवार को बताया कि सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के फैसले को उन्होंने तथ्यों की त्रुटिपूर्ण व्याख्या और कानून की गलत समझ पर आधारित बताया है।

# डेमोक्रेटिक सांसदों की मांग, टैरिफ से वसूले अरबों डॉलर लौटाएं ट्रंप

## अमेरिकी सांसदों ने विधेयक में कहा-180 दिन के भीतर ब्याज सहित शुल्क लौटाए सरकार

- **ट्रंप प्रशासन ने वसूले हैं 175 अरब अमेरिकी डॉलर आयात शुल्क**

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के उच्च सदन सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के तीन सांसद सरकार से लगभग 175 अरब अमेरिकी डॉलर के शुल्क की रिफंड (धनराशि वापस करना) प्रक्रिया शुरू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि ये शुल्क राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अवैध तरीके से जारी आदेशों के आधार पर लिए गए थे।

ओरेगन प्रांत से सीनेटर रॉन वायडेन, मैसाचुसेट्स से एड मार्की और न्यू हैम्पशायर से जीन शाहीन सोमवार को एक विधेयक पेश करने वाले हैं। इस विधेयक में यह प्रावधान प्रस्तावित है कि अमेरिका के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग को 180 दिन के भीतर शुल्क लौटाना होगा और इस राशि पर ब्याज भी देना होगा। इस विधेयक में यह भी प्रस्ताव है कि रिफंड देने में छोटे व्यवसायों को प्राथमिकता दी जाए और आयातकों, थोक विक्रेताओं और बड़ी कंपनियों को अपने ग्राहकों तक यह रिफंड पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वायडेन ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के अवैध शुल्क ने पहले ही अमेरिकी परिवारों, छोटे व्यवसायों और विनिर्माताओं को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया है, जो ट्रंप द्वारा एकाएक लगाए गए शुल्कों से लगातार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इस समस्या को दूर करने का सबसे महत्वपूर्ण व पहला कदम यह होगा कि छोटे व्यवसायों व विनिर्माताओं को जल्द से जल्द रिफंड दिया जाए। इस विधेयक के कानून बनने की संभावना कम है, लेकिन यह दर्शाता है कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने ट्रंप प्रशासन पर सार्वजनिक रूप से दबाव बनाना शुरू कर दिया है।



### फ्रांसीसी अफसरों नहीं मिल पाएंगे यूएस राजदूत

**पेरिस।** फ्रांस के विदेश मंत्री ने मंगलवार को कहा कि पेरिस में तैनात शीर्ष अमेरिकी राजनयिक को समन के लिए स्पष्टीकरण देना होगा और ऐसा न करने पर उन्हें सरकारी अधिकारियों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विदेश मंत्री के इस बयान के बाद पिछले कुछ दिनों से जारी विवाद ने एक नया मोड़ ले लिया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने सोमवार शाम को राजदूत चार्ल्स कुशनर को मुलाकात के लिए बुलाया था। कुशनर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद और सलाहकार जेयर्ड कुशनर के पिता हैं। अमेरिकी राजदूत को ट्रंप प्रशासन की उन टिप्पणियों के संबंध में बुलाया गया था, जिन पर फ्रांस ने आपत्ति जताई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने टैरिफ को बताया था अवैध

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पिछले शुक्रवार को फैसला दिया कि ट्रंप का आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत दूसरे देशों पर आयात शुल्क लगाने का कदम वैध नहीं था। इस कानून के तहत राष्ट्रपति के पास आयात पर कर लगाने का अधिकार नहीं था। अमेरिकी सीमा शुल्क एजेंसी ने दिसंबर तक आईईईपीए के तहत जारी शुल्क आदेशों के तहत कुल 133 अरब डॉलर वसूल किए हैं। हालांकि, जानकारों का कहना है कि इस राशि का रिफंड आयातकों को मिल सकता है, लेकिन आम लोगों को यह रिफंड मिलना मुश्किल है, क्योंकि कंपनियों ने बढ़े हुए शुल्क का बोझ कीमत वृद्धि के रूप में उपभोक्ताओं पर डाल दिया था।

## अमेरिकी सेना का नौका पर हमला तीन की गई जान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने सोमवार को कैरेबियन सागर में एक नौका पर हमला कर तीन लोगों को मार गिराया जिससे नशीले पदार्थों की कथित तस्करी की जा रही थी। यह कार्रवाई ट्रंप प्रशासन के संदिग्ध तस्करों के खिलाफ कई महीने से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। ट्रंप सरकार ने पिछले साल सितंबर की शुरुआत से समुद्र में छोटी नावों के जरिए नशीली दवाओं की तस्करी करने वालों (नार्को-टेररिस्ट) के खिलाफ यह अभियान शुरू किया था।

सोमवार को हुए इस हमले के बाद, ऐसी घटनाओं में अब तक मरने वालों की कुल संख्या कम से कम 151 हो गई है। अब तक इस तरह के 40 से ज़्यादा हमले हो चुके हैं। पिछले हमलों की तरह इस बार भी अमेरिकी दक्षिणी कमान ने यही कहा कि उन्होंने तस्करी के मार्गों पर मादक द्रव्यों के तस्करों को निशाना बनाया है। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि उस नाव में वाकई नशीले पदार्थ थे, लेकिन उन्होंने एक्स पर एक वीडियो डाला है। अमेरिकी कमान ने एक्स पर कहा कि खुफिया जानकारी से पुष्टि हुई कि यह जहाज कैरेबियन सागर में तस्करी के जाने-माने रास्तों से गुजर रहा था और नशीली दवाओं के कारोबार में शामिल था।

# अंडमान में हेलीकॉप्टर को समुद्र में उतारा गया

- **हेलीकॉप्टर में चालक दल सहित सात लोग थे सवार**

**श्री विजयपुरम, एजेंसी**

उत्तरी और मध्य अंडमान जिले के रंगत से उड़ान भरने के बाद पवन हंस के एक हेलीकॉप्टर को मंगलवार सुबह समुद्र में उतारना पड़ा, हालांकि उसमें सवार चालक दल के दो सदस्यों सहित सात लोगों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई। समुद्र के बीच से बचाए गए पांचों यात्रियों और चालक दल के दोनों सदस्यों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक वरिष्ठ नागर विमानन अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने श्री विजयपुरम से सुबह 8:45 बजे उड़ान भरी थी और साढ़े नौ बजे समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी का संकेत मिला है जिसके कारण पायलट को हेलीकॉप्टर समुद्र में उतारना पड़ा। मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

पवन हंस के एक प्रवक्ता ने बताया कि हेलीकॉप्टर ने सुबह करीब साढ़े आठ बजे पोर्ट ब्लेयर से रंगत के लिए उड़ान भरी। सुबह 9:10 बजे मायाबंदर के लिए रवाना हुआ और साढ़े नौ बजे इसे उतरना था, लेकिन रनवे से लगभग 300 मीटर पहले उसे समुद्र में उतारना पड़ा। हेलीकॉप्टर में पांच यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। सभी सुरक्षित हैं।

### ब्रिटिश एयरवेज के विमान को नागपुर उतारा गया

**नागपुर।** लंदन से हैदराबाद जा रहे ब्रिटिश एयरवेज के एक विमान को मंगलवार को तकनीकी खराबी का पता चलने पर नागपुर के डॉ बाबासाहेब अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। हवाईअड्डा अधिकारियों ने बताया कि लंबी दूरी की इस बोइंग 787 उड़ान ने दोपहर लगभग 12 :00 बजे एक छोटी तकनीकी खराबी की सूचना दी। इसके बाद पायलटों ने निकटतम उपयुक्त हवाई अड्डे पर तत्काल लैंडिंग की अनुमति मांगी।

### ईरानी सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश चार की मौत

**तेहरान।** ईरान की सेना का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार को मध्य ईरान के एक बाजार में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। हादसा राजधानी तेहरान से लगभग 330 किमी दक्षिण में स्थित इस्फहान प्रांत के दोरचेह शहर में हुआ।

# नेपाल में मतगणना के 24 घटे के भीतर आएंगे नतीजे

- **पड़ोसी देश में आगामी पांच मार्च को होने वाले हैं आम चुनाव**

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के कार्यवाहक मुख्य निर्वाचन आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने सोमवार को कहा कि पांच मार्च को होने वाले आम चुनाव के नतीजे मतपत्रों की गणना के 24 घंटे के भीतर जारी कर दिए जाएंगे। हिमालयी देश में कुल 1.89 करोड़ पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करके प्रतिनिधि सभा के 275 सदस्यों का चुनाव करेंगे।

इनमें से 165 सांसदों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से होगा जबकि 110 सांसदों का चुनाव आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत होगा, जो संसद में अल्पसंख्यकों व छोटे दलों के प्रतिनिधित्व को सुनिश्चित करती है। भंडारी ने एक निजी समाचार एजेंसी को बताया कि आयोग मतपेटियों को एकत्रित करते ही मतगणना शुरू करने की योजना बना रहा है। उन्होंने बताया कि आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत परिणाम घोषित करने में एक या दो दिन लग सकते हैं जबकि प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के परिणाम मतपत्र संग्रह के 24 घंटों के भीतर घोषित कर दिए जाएंगे। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत सदन के 275 सदस्यों में से 110 सदस्यों का चुनाव देश भर में राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त कुल मतों के आधार पर किया जाता है। मतदाता प्रत्येक पार्टी के लिए अलग-अलग मतपत्र डालते हैं और प्रत्येक पार्टी को प्राप्त मतों के अनुपात में सीट आवंटित की जाती हैं।

## माओवादी देवूजी ने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के शीर्ष कमांडर थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवूजी ने मंगलवार को तेलंगाना पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह माओवादी संगठन का महत्वपूर्ण रणनीतिकार था। देवूजी प्रतिबंधित संगठन की महत्वपूर्ण केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो का सदस्य था।

उसने केंद्रीय समिति के सदस्य मल्ला राजी रेड्डी के साथ तेलंगाना के डीजीपी बी शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण कर दिया। देवूजी और राजी रेड्डी के अलावा, दो अन्य माओवादियों बड़े चोक्का राव और नून नरसिम्हा रेड्डी ने भी हथियार डाल दिए। देवूजी को पार्टी के पोलित ब्यूरो की केंद्रीय समिति का सचिव चुना जाना था।

# तहव्वुर की रद्द हो सकती है कनाडा की नागरिकता

- **पीएम कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा ने तेज की प्रक्रिया**

**टोरंटो, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा की सरकार 2008 के मुंबई आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाने के आरोपी पाकिस्तान मूल के व्यवसायी तहव्वुर राणा हुसैन की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है।

राणा (64) पाकिस्तान में जन्मा कनाडाई नागरिक है और 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी रहा है। हेडली अमेरिकी नागरिक है। 'ग्लोबल न्यूज' को मिले दस्तावेजों के अनुसार, आव्रजन अधिकारियों ने राणा को सूचित किया है कि वे 2001 में उसे प्राप्त उसकी कनाडाई नागरिकता छीनने पर विचार कर रहे हैं। राणा 1997 में कनाडा आया था और बाद में अमेरिका में एक डेनिश अखबार के कर्मचारियों पर हमले की साजिश रचने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। मुंबई में 26/11 हमले के कथित मास्टरमाइंड राणा को अप्रैल 2025 में अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया था। नई दिल्ली में एनआईए ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। मुंबई हमलों में 166 लोगों की मौत हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, राणा की नागरिकता आतंकवाद के आरोप में नहीं, आवेदन पत्र में झूठी जानकारी देने के कारण रद्द की जा रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में टीमवर्क दिखाना पड़ेगा। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अचानक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं।

**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी आय बढ़ सकती है। आप कहीं पर्यटन की योजना बना सकते हैं। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।

**मिथुन** – आज जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। आपकी दिनचर्या काफी बोरियत भरी हो सकती है।

**कर्क** – आज व्यवसाय में आय अपेक्षाकृत कम हो सकती है। लम्बी दूरी की यात्रा से परेशानी होगी। अपनी महत्वाकांक्षाओं को बच्चों पर न थोपें।

**सिंह** – आज जॉब को लेकर यात्रा करनी पड़ेगी। एसिडिटी की समस्या हो सकती है। रिश्तेदारों से मिलना हो सकता है।

**कन्या** – आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। रियल एस्टेट सम्बंधी डील से आपको लाभ होगा।

**तुला** – आज पारिवारिक जीवन में अस्थिरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** – आज अपनी जीवनशैली के प्रति लापरवाह न हों। नौकरीपेशा लोग जॉब के साथ किसी व्यवसाय की भी योजना बना सकते हैं।

**धनु** – आज दिन का प्रारम्भिक भाग तनावयुक्त रहेगा। लेकिन दोपहर के बाद कोई रुका हुआ काम बन सकता है।


**मकर** – आज दांपत्य संबंधों में पारदर्शिता रखें। विद्यार्थियों के मन में परीक्षा को लेकर दबाव हो सकता है। विदेश यात्रा में समस्या होगी।

**कुंभ** – आज नए उद्यमों की शुरुआत कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। विरोधी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे।

**मीन** – आज शेयर मार्केट में बड़ा धन लाभ होगा। भाग्य का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। वरिष्ठ सहकर्मी आपका मनोबल बढ़ायेंगे।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 25 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947
मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 26 फरवरी 02 .40 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- रोहिणी 13 .38 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 | 7 | 5 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 2 | 3 |

### सुडोकू -72

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | 7 | | | 1 | |
| 8 | 2 | | | 1 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | 9 | | |
| 5 | | 7 | | | 3 | | | 1 |
| | 6 | | 9 | | 7 | | 2 | |
| 9 | | | 6 | | | 4 | | 8 |
| | | 3 | | 6 | | | 5 | |
| | | 8 | | 9 | | | 4 | 6 |
| | 1 | | | | 2 | | | |

# पश्चिम बंगाल में छह कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

- **बाधित रहा न्यायिक कार्य, पुलिस ने शुरू की जांच**

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में मंगलवार को कम से कम छह अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद संबंधित परिसरों में बड़े पैमाने पर निकासी और तलाशी अभियान चलाया गया, जिससे न्यायिक कामकाज बाधित हुआ। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि अदालत परिसरों की तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। उन्होंने कहा कि फर्जी धमकी वाले ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोलकाता की सत्र अदालत और बैंकशाल स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, पश्चिम बर्धमान जिले के आसनसोल तथा दुर्गापुर में उप-संभागीय अदालतों और हुगली जिले के चुचुरा और आरामबाग स्थित न्यायालयों को मंगलवार सुबह ईमेल पर बम से उड़ाने की धमकी मिली। उन्होंने बताया कि कोलकाता की सत्र अदालत और बैंकशाल स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के परिसरों को खाली करा लिया गया, जिसके बाद कोलकाता पुलिस के बम निरोधक दस्ते के कर्मियों ने खोजी कुत्तों के साथ वहां गहन जांच की।

अधिकारी के अनुसार, राज्य की अन्य अदालतों के परिसरों में भी इसी तरह के कदम उठाए गए किंतु कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## करें सामूहिक प्रयास | नई दिल्ली में बोले संयुक्त राष्ट्र सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत

# दुनिया में खामोश महामारी हैं सड़क हादसे

- **ज्यां टॉड ने कहा, भारत में भी होती है हादसों में हजारों मौतें**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सड़क सुरक्षा मामलों के विशेष दूत ज्यां टॉड ने मंगलवार को कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्व भर में एक खामोश महामारी हैं और इनमें होने वाली मौतों को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। टॉड ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए एक वैश्विक जागरूकता अभियान भी शुरू किया।

उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं विश्वभर में एक खामोश महामारी हैं, और भारत में भी ये हर साल हजारों लोगों की जान लेती हैं, जिससे देश भर के परिवारों और समुदायों पर गहरा असर पड़ता है।

ऐसे देश में जहां आवागमन में तेजी से वृद्धि हो रही है, सड़क सुरक्षा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए मिलकर काम करने से सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या कम करने में मदद मिल सकती है। उनकी भारत की वर्तमान यात्रा मराकेश घोषणा के 11 महीने बाद हो रही है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने सड़क सुरक्षा संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों में तेजी लाने पर सहमति व्यक्त की थी। संबंधित घोषणा का लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों की संख्या को आधा करना है। भारत में सड़क दुर्घटनाएं एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बनी हुई हैं, जिनमें प्रतिवर्ष अनुमानित तौर पर 1,53,972 लोगों की जान चली जाती है, और मृत्यु दर 15.4 प्रति एक लाख है। पैदल यात्री, साइकिल और बाइक चालक विशेष रूप से असुरक्षित हैं, और अधिकतर मौत के मामले इन्हीं से संबंधित है।



### मेक सेफ्टी स्टेटमेंट अभियान की शुरुआत की

टॉड ने सड़क सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र-जेसीडिक्यूएक्स वैश्विक अभियान मेक सेफ्टी स्टेटमेंट' की शुरुआत की, जिसमें मशहूर हस्तियां सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए रोजमर्रा के उपायों को बढ़ावा देने की बात करती हैं। इस अभियान के तहत, सड़क सुरक्षा के प्रति विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी लोगों के समर्थन के महत्व को उजागर करने के लिए नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु में डिजिटल बिलबोर्ड तथा पोस्टर लगाए जाएंगे, जिन पर ये बयान प्रदर्शित होंगे। भारत में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर ने इस अभियान का समर्थन करते हुए एक वीडियो जारी किया है।



"गाबा में हुए 2003-04 की श्रृंखला के मैच में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज जेसन गिलेस्पी की अपील पर सचिन तेंदुलकर को पगबाधा आउट देना मेरी गलती थी। मैंने उन्हें आउट क्यों दिया? क्या वह आउट था, वगैरह-वगैरह? लेकिन जिंदगी में गलतियां होती रहती हैं। –स्टीव बकनर, अंपायर


# स्टेडियम

अयोध्या, बुधवार, 25 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


### सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| श्रीलंका - न्यूजीलैंड | शाम 7 बजे |

## आईसीसी टी20 विश्व कप: पाकिस्तान को हरा इंग्लैंड सेमीफाइनल में



हैरी ब्रुक

- इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने खेली शतकीय पारी

**पाल्लेकल, एजेंसी।**

कप्तान हैरी ब्रुक की टी20 अंतरराष्ट्रीय में करियर की सर्वश्रेष्ठ 100 रन की पारी से इंग्लैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के रोमांचक मैच में पाकिस्तान को पांच गेंद शेष रहते दो विकेट से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

शानदार लय में चल रहे साहिबजादा फरहान की 45 गेंद में 63 रन की पारी से पाकिस्तान ने नौ विकेट पर 164 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया था। 'प्लेयर ऑफ द मैच' ब्रुक की 51 गेंद में 10 चौके और चार छक्के जडे। टी20 अंतरराष्ट्रीय में उनके पहले शतक से इंग्लैंड ने पांच गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 166 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। ब्रुक ने पावरप्ले में तीन और 58 रन तक चार विकेट गंवाने के बावजूद पांचवें विकेट के लिए सैम कुरेन (15 गेंद में 16 रन) के साथ 28 गेंद में 45 और विल जैक्स (23 गेंद में 28 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 31 गेंद में 52 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। यह टी20 विश्व कप के इतिहास में इंग्लैंड के किसी कप्तान द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर भी है। इंग्लैंड लगातार पांचवीं बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा है। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी ने चार जबकि उस्मान तारिक और मोहम्मद नवाज ने दो-दो विकेट लिए। टीम में वापसी कर रहे अफरीदी ने लक्ष्य का बचाव करते हुए पहली गेंद पर ही फिल सॉल्ट को चलता करने के बाद अपने अगले ओवर में खराब लय में चल रहे जोस बटलर (दो) को पवेलियन की राह दिखा दी। दोनों का कैच विकेटकीपर उस्मान खान ने पकड़ा। अफरीदी की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में जैकब बेथल (आठ) डीप स्क्वायर लेग पर फरहान के द्वारा लपके गये।आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये उस्मान तारिक ने पहली ही गेंद पर टॉम बैंटम (दो) को चलता कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुरेन ने तारिक की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में नवाज को कैच दे दिया। बाद में जोफ्रा आर्चर ने आखिरी ओवर में चौका लगाकर इंग्लैंड को जीत दिला दी। इससे पहले फरहान ने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के जड़े। बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 12 डॉट गेंद के साथ 24 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने 18वें ओवर में लगातार दो विकेट लेकर पाकिस्तान को 175 के आसपास पहुंचने से रोक दिया। उनकी गेंद पर उस्मान खान के शॉट को जेमी ओवरटन ने लपका और अगली ही गेंद पर नवाज पगबाधा आउट हो गए।

फरहान और वापसी कर रहे फखर जमां (16 गेंदों पर 25 रन) के बीच चौथे विकेट के लिए 4.5 ओवर में 49 रन की तेज साझेदारी के बाद पाकिस्तान की पारी की रफ्तार कुछ धीमी पड़ गई। फरहान ने स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट प्रभावी ढंग से खेले और ऑफ स्पिनर जैक्स को काउ कॉर्नर के ऊपर लंबा छक्का जड़ा। वहीं जमां ने कुछ दमदार शॉट लगाए, लेकिन आदिल रशीद की गूगली को पढ़ने में चूक गए और ओवरटन ने पीछे की ओर दौड़ते हुए शानदार कैच पकड़ उन्हें आउट किया।

### हाईलाइट

#### महा ओपन: नागल जीते धामने भी आगे बढ़े

**पुणे, एजेंसी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने मंगलवार को यहां महा ओपन एटीपी चैलेंजर 75 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया जबकि स्थानीय दावेदार मानस धामने ने भी जीत दर्ज की। नागल ने पहले दौर में जापान के सातवें वरीय रियो नोगुची को 6-1, 6-2 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने एक घंटे और नौ मिनट में मिली जीत के दौरान बेसलाइन से खेल को नियंत्रित किया और सीधे सेट में जीत दर्ज की। वाइल्ड कार्ड धारक धामने ने चैलेंजर सर्किट पर अपनी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले हफ्ते के दिल्ली चैलेंजर के विजेता यूनान के स्टेफानोस सकेलारिडिस को 6-4, 7-6 से हराया।

#### धाविका पूजा आत्माराम पर तीन साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली,एजेंसी।** एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) ने खुलासा किया है कि भारत की लंबी दूरी की धाविका पूजा आत्माराम पिछले साल प्रतियोगिता के दौरान होने वाले डोप परीक्षण से पहले घबराकर भाग गई थीं और यह अपराध स्वीकार करने के बाद उन पर चार के बजाय तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। 30 वर्षीय पूजा 5000 मीटर और 10,000 मीटर स्पर्धाओं में भाग लेती हैं। उन्होंने 2024 में राजस्थान की तरफ से इंडियन ग्रां प्री दो में तीसरा स्थान हासिल किया था, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पिछले साल 23 नवंबर को मुंबई में इंडियन ऑयल डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन जीतने के बाद उन्हें डोप टेस्ट के लिए चुना गया था।

#### क्रिकेट खेलने के झगड़े में किशोर की हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम दिल्ली के तिलक नगर इलाके में क्रिकेट के मैच को लेकर चार नाबालिगों में हुए झगड़े में 15 वर्षीय किशोर निशांत की हत्या कर दी गई। घटना सोमवार शाम को स्थानीय पार्क में क्रिकेट मैच को लेकर 12 वर्षीय एक लड़के और 15 वर्षीय किशोर के बीच बहस के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि दोनों के बीच बहस के चलते हाथापाई होने लगी। इसके बाद 12 वर्षीय लड़का अपने घर चला गया, जहां उसने रिश्ते के भाइयों को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद तीनों किशोर पीड़ित की तलाश में निकल पड़े। शाम को उन्हें निशांत मिल गया। उनके बीच मारपीट हुई, जिसमें पीड़ित के गले और सिर पर चोटें आईं।

## चक्रवर्ती को ऑफ स्पिनर की तरह खेल रहे हैं शीर्ष विदेशी बल्लेबाज

### वरूण का 10.40 इकोनॉमी रेट उनके करियर के 7.11 के इकोनॉकी रेट से कहीं अधिक



**नई दिल्ली,एजेंसी।**

क्या कोई रहस्यमयी स्पिनर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक क्रिकेट खेलने के बावजूद अपनी गेंदबाजी का रहस्य बरकरार रख सकता है? यह बहस का मुद्दा है लेकिन यह साफ है कि बड़े बल्लेबाज अब भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंदों को सिर्फ हाथ से ही नहीं पढ़ रहे हैं बल्कि कोच ने भी उनसे निपटने के तरीके ढूंढ लिए हैं। आईपीएल और भारत के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलने वाली पाकिस्तान की टीम को छोड़ दें तो न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों ने तमिलनाडु के इस खिलाड़ी के खिलाफ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इस स्पिनर के खिलाफ पिछले पांच मैच में 20 ओवर में 208 रन बने हैं जिसमें रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुआ टी20 विश्व कप का सुपर आठ मैच भी शामिल है।

चक्रवर्ती ने नौ विकेट चटकाए हैं लेकिन 10.40 का उनका इकोनॉमी रेट उनके करियर के 7.11 के इकोनॉकी रेट से कहीं अधिक है। तो फिन एलेन, ग्लेन फिलिप्स, डेवाल्ड ब्रेविस और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ी असल में क्या सही कर रहे हैं? भारत के कई युवा स्टार बल्लेबाजों के साथ काम कर चुके मुंबई के पूर्व बल्लेबाज जुबिन भरूचा ने बताया, ''किसी भी गेंदबाज के लिए आप सबसे पहले उसके मजबूत पक्ष को नाकाम करते हैं। अगर यह गुगली है तो आप गुगली के लिए खेलते हैं या उसका अंदाजा लगाते हैं और वहीं से सामंजस्य बैठाते हैं।

राशिद खान के साथ भी ऐसा ही हुआ है। अब हर कोई उसे (राशिद) या वरुण को खेलने में बेहतर है क्योंकि वे गुगली के लिए खेल रहे हैं, वह गेंद जिस पर अधिकर बल्लेबाज आउट होते हैं।'' एसोसिएट देशों के लिए चक्रवर्ती को समझना मुश्किल रहा है लेकिन आईपीएल में खेलने वाले शीर्ष खिलाड़ी अब उन्हें एक ऑफ स्पिनर की तरह खेलते हैं जो गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए अंदर की तरफ लाता है। भरूचा ने कहा, ''एसोसिएट देश उसका सामना नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उन्होंने पहले उसका सामना नहीं किया है। अधिकतर शीर्ष टीम उसे एक ऑफ स्पिनर की तरह खेलेंगी जो गेंद को दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए अंदर की तरफ लाता है।'' भरूचा का मानना है कि अगर विकेट सपाट होगा तो पाकिस्तान के उस्मान तारिक को भी इसी तरह संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, ''उस्मान तारिक के लिए भी यही होगा। उन्हें (रहस्यमयी स्पिनरों को) अपनी सभी अलग-अलग विविधता को धारदार बनाने के लिए पिच से थोड़ी मदद की जरूरत होती है। वरुण, तारिक, और राशिद शीर्ष स्तरीय गेंदबाज हैं और बल्लेबाजों को उनके खिलाफ परेशानी होगी लेकिन अगर सतह बिल्कुल सपाट है तो वे कुछ रन भी बना सकते हैं।

### परिवार में आपात स्थिति के कारण रिंकू घर लौटे

**चेन्नई, एजेंसी।** मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह मंगलवार को परिवार में आपात स्थिति के कारण घर लौट आए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने यह जानकारी दी। रिंकू यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में भारत के ट्रेनिंग सत्र में शामिल नहीं हुए जबकि उनके बाकी साथी खिलाड़ियों ने नेट सत्र के दौरान मौजूद थे। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, ''रिंकू सिंह परिवार में आपात स्थिति की वजह से चेन्नई से घर वापस लौट गए हैं। वह चेपक में भारत के अभ्यास सत्र में शामिल नहीं हुए।'' सूत्रों के मुताबिक रिंकू के पिता खानचंद सिंह को गंभीर हालत में ग्रेटर नोएडा के एक हॉस्पिटल में भर्ती हैं और इसलिए खिलाड़ी को वापस जाना पड़ा। रिंकू के अचानक चले जाने से इस बाएं हाथ के खिलाड़ी के बृहस्पतिवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत के 'करो या मरो' के सुपर आठ मुकाबले में खेलने को लेकर संदेह है। अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की 76 रन की हार के दौरान रिंकू खाता खोलने में नाकाम रहे थे जबकि नीदरलैंड के खिलाफ ग्रुप मैच में उन्होंने छह रन बनाए थे। इससे पहले उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 11, नामीबिया के खिलाफ एक और अमेरिका के खिलाफ छह रन बनाए थे।



## न्यूजीलैंड पर जीत दर्ज करने को श्रीलंका को करना होगा सुधार

**कोलंबो, एजेंसी।**



श्रीलंका को अगर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले सुपर आठ के करो या मरो के मुकाबले में स्पिन गेंदबाजों के सामने अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। पाल्लेकल की धीमी पिच पर इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज स्पिनरों के सामने बुरी तरह से फ्लॉप रहे और 147 रन का लक्ष्य भी हासिल नहीं कर पाए।

श्रीलंका की पिचें सह-मेजबान भारत की पिचों की तुलना में बल्लेबाजी के लिए ज्यादा मुश्किल रही हैं और प्रेमदासा पिच पर भी यही सिलसिला जारी रहने की संभावना है, जहां बड़ी बाउंड्री के कारण छक्के लगाना आसान नहीं है। सुपर आठ के पहले मैच में मिली करारी हार के बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों के शॉट चयन पर सवाल उठाए गए थे और उसकी टीम को अपनी इन गलतियों से सबक लेना होगा। श्रीलंका के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने टीम के खराब प्रदर्शन पर कहा, ''यह एक टी20 मैच है, इसलिए जाहिर है कि आप अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश करते हैं। लेकिन जब गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही होती है, तो यह कहना आसान है, करना मुश्किल।'' उन्होंने कहा, ''क्या इससे बेहतर विकल्प थे। निश्चित रूप से हो सकते थे। मैंने सोचा कि ऐसे विकेट पर जहां गेंद रुक कर आ रही हो, वहां तेजी से रन बनाना अच्छा विचार नहीं है। हमारे कुछ बल्लेबाज तेजी से रन चुराने के प्रयास में आउट हो गए थे। मुझे नहीं लगता कि इन परिस्थितियों में इस तरह से खुद को जोखिम में डालना अच्छा विकल्प था।'' पथुम निसांका ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है जबकि बाएं हाथ के स्पिनर दुनिथ वेलालेज ने गेंदबाजी में प्रभावित किया है। न्यूजीलैंड को प्रेमदासा स्टेडियम में बारिश के कारण मैच रद्द होने के बाद पाकिस्तान के साथ एक अंक साझा करना पड़ा। उसके पास भी कप्तान मिचेल सेंटनर सहित अच्छे स्पिनर हैं जो श्रीलंका के बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं।

#### टीम

**श्रीलंका:** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस, कामिंडु मेंडिस, कुसल जेनिथ परेरा, चैरिथ असलांका, जेनिथ लियानागे, पवन रथनायके, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, मथीशा पथिराना, ईशान मलिंगा।

**न्यूजीलैंड:** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, डैरिल मिशेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, टिम सीफर्ट, इश सोढ़ी, कोल मैककॉन्ची।

## शुभम के नाबाद शतक से जम्मू कश्मीर की शानदार शुरुआत

### रणजी ट्राफी फाइनल

**हुबली, एजेंसी।**

शुभम पुंडीर ने शानदार नाबाद शतक बनाकर जम्मू और कश्मीर को मंगलवार को कर्नाटक के खिलाफ अपने पहले रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 284 रन के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

शुभम ने 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए 221 गेंदों में 117 रन की नाबाद पारी खेली। कप्तान पारस डोगरा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था, जिसके बाद पुंडीर ने यावर हसन (88) के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी करके टीम को मजबूत आधार प्रदान किया। पहले दिन का खेल खत्म होने से पहले शुभम ने अब्दुल समद (नाबाद 52) के साथ एक और शतकीय (अटूट 105 रन) साझेदारी कर ली। कर्नाटक की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने दोनों विकेट लिए।

#### स्कोरबोर्ड

- **जम्मू-कश्मीर पहली पारी:**

कुल: (87 ओवर में दो विकेट पर) 284 रन
कामरान इकबाल का राहुल बो प्रसिद्ध 06
यावर हसन का राहुल बो प्रसिद्ध 88
शुभम पुंडीर नाबाद 117
परस डोगरा रिटायर हर्ट 09
अब्दुल समद नाबाद 52

- **अतिरिक्त:** 12

विकेट पतन: 1-18, 2-157, 2-179 (रिटायर हर्ट)

- **गेंदबाजी:**

विद्याधर पाटिल 16-0-66-0
विजयकुमार विशाक 18-0-25-0
प्रसिध कृष्णा 16-5-36-2
श्रेयस गोपाल 17-1-79-0
शिखर शेट्टी 20-0-68-0



कर्नाटक के खिलाफ शार्ट लगाता जम्मू और कश्मीर का बल्लेबाज।

## भारत के खिलाफ हमें स्मार्ट क्रिकेट खेलनी होगी

**मुंबई, एजेंसी।**

जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा, लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी।

वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी।



जिम्बाब्वे के कोच जस्टिन सैमन्स।

भारत को भी अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से 83 रन से हार का सामना करना पड़ा था और सैमन्स को लगता है कि भारतीय टीम उनके खिलाफ शुरू से ही हावी होकर खेलने की कोशिश करेगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद सैमन्स ने कहा, ''हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।'' उन्होंने कहा, ''इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।''

## स्पेन से शूट आउट में 3-4 से हारा भारत

### एफआईएच प्रो लीग

**होबार्ट, एजेंसी।**

भारत का एफआईएच पुरुष प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा जब यहां स्पेन के खिलाफ निर्धारित समय में 1-1 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में उसे 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। मनिंदर सिंह के गोल से 59वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए रखने के बावजूद भारत ने अंतिम लम्हों में स्पेन को बराबरी का मौका दिया जब ब्रूनो फॉन्ट ने गोल दागकर मैच को शूटआउट में खींच दिया।



मैच खेलते भारतीय खिलाड़ी।

स्पेन ने मैच में जोरदार शुरुआत की। टीम ने चौथे मिनट में ही अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन ड्रैग फ्लिक को भारतीय गोलकीपर मोहित ने आसानी से बचा लिया। स्पेन को लगा कि उन्होंने आठवें मिनट में बढ़त बना ली है लेकिन जोस बास्टेरा के गोल को अस्वीकार कर दिया गया। दबाव से उबरते हुए भारत ने 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन अमित रोहिदास की ड्रैग फ्लिक को स्पेन के गोलकीपर लुई कैलजाडो ने नाकाम कर दिया। भारत को सफलता 19वें मिनट में मिली। कप्तान हार्दिक सिंह ने स्पेन के एक खिलाड़ी को पछाड़ते हुए गेंद मनिंदर की ओर बढ़ाई जिन्होंने इसे गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। स्पेन ने पलटवार करते हुए पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन पेपे क्यूनिल के शॉट को सूरज करकेरा ने बचा लिया। मध्यांतर तक भारतीय टीम 1-0 से आगे थी। शूटआउट में अभिषेक और हार्दिक सिंह गोल करने से चूक गए जिससे भारत को 3-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को इस मुकाबले से सिर्फ एक अंक मिला। भारत का अगला मुकाबला बुधवार को होबार्ट चरण के चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत यहां पहले चरण में स्पेन से 0-2 से हार गया था जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ के बाद शूटआउट में 4-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### पहला एकदिवसीय मैच

#### 48 .3 ओवर में 214 रन पर आल आउट हो गई भारतीय टीम

## मूनी और हीली ने दिलाई ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ जीत

**ब्रिस्बेन , एजेंसी**

एशले गार्डनर की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन तथा बेथ मूनी और कप्तान एलिसा हीली के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 70 गेंद शेष रहते हुए छह विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। मौजूदा विश्व चैंपियन भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर (84 गेंदों में 53 रन) और उप कप्तान स्मृति मंधाना (68 गेंदों में 58 रन) के अर्धशतकों के बावजूद उसकी टीम 48.3 ओवर में 214 रन पर आउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया को लक्ष्य तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई और उसने केवल 38.2 ओवर में चार विकेट पर 217 रन बनाए। हीली (70 गेंद पर 50 रन) के अर्धशतक की मदद से उसने अच्छी शुरुआत की। इसके बाद मूनी (79 गेंद पर 76 रन) और एनाबेल सदरलैंड (44 गेंद पर नाबाद 48 रन) ने चौथे विकेट के लिए 85 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत सुनिश्चित की। भारत की उप कप्तान मंधाना ने मैच के बाद कहा, ''शुरू में ही दो विकेट गंवाने के बाद वापसी करना आसान नहीं था लेकिन हमने अच्छा प्रदर्शन किया। विकेट वैसा नहीं था जैसा हमने सोचा था। हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं और बहुत अधिक बदलाव करने की जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''हमें बल्लेबाजी में सामूहिक प्रदर्शन करना होगा लेकिन हम इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। अभी हमारे पास दो दिन का समय है। हम मजबूत वापसी करेंगे।'' हीली और फोबे लिचफील्ड (32 गेंद पर 32 रन) ने सहजता से रन बटोरते हुए पहले विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत के घुटने में चोट लगने के कारण कप्तानी कर रही मंधाना ने बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी (41 रन देकर दो विकेट) को 11वें ओवर में गेंद सौंपी। उन्होंने अपनी तीसरी गेंद पर ही लिचफील्ड को विकेट के पीछे कैच करा कर भारत को पहली सफलता दिलाई। श्री चरणी ने अगली गेंद पर नई बल्लेबाज जॉर्जिया वॉल को कवर में मंधाना के हाथों कैच आउट कराया। हीली ने इसके बाद मूनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की।



शार्ट खेलती ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ी।

अपनी आखिरी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेल रही हीली ने 69 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसके तुरंत बाद क्रांति गौड़ की गेंद पर स्क्वायर कट लगाकर बैकवर्ड प्वाइंट पर खड़ी जेमिमा रोड्रिग्स को कैच दे बैठी। मूनी ने श्री चरणी पर छक्का जड़कर 58 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। अपनी इस पारी के दौरान मूनी ने वनडे में 3000 जबकि सदरलैंड ने 1000 रन पूरे किए। मूनी ने अंतिम क्षणों में आउट होने से पहले अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। सदरलैंड ने चार चौके और दीप्ति शर्मा पर विजयी छक्का लगाया।